रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 193] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 1, 2014/आषाढ़ 10, 1936
No. 193] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 1, 2014/ASHADHA 10, 1936

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुम्बई, 27 जून, 2014

सं. टीएएमपी/60/2012–एनएमपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 (1963 का 38) की धारा 49 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक की अवधि के लिए दीर्घकालिक/ अल्पकालिक आधार पर आबंटित पत्तन भूमि के पट्टेदारी किराये के संशोधन के लिये न्यू मैंगलोर पत्तन न्यास से प्राप्त प्रस्ताव को एततद्वारा, यहाँ इसके साथ संलग्न आदेश के अनुसार निपटाता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

प्रकरण सं. टीएएमपी/60/2012-एनएमपीटी

न्यू मैंगलौर पत्तन न्यास ---- **आवेदक**

गणपूर्ति:

1. श्री टी. एस. बालासुब्रामणियन्, सदस्य (वित्त)

2. श्री सी. बी. सिंह, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(मई 2014 के 20 वें दिन पारित)

यह प्रकरण दीर्घकालिक/अल्पकालिक आधार पर आबंटित पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिये, न्यू मैंगलोर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) से प्राप्त दिनांक 20 सितम्बर 2012 के प्रस्ताव से संबंधित है।

2. एनएमपीटी द्वारा दीर्घकालिक और अल्पकालिक आधार पर आबंटित भूमि के लिए पट्टेदारी किराया पिछली बार दिनांक 16 जून 2010 के प्रशुल्क आदेश के जरिये संशोधित किए गए थे। कथित प्रशुल्क आदेश के जरिए अनुमोदित

पट्टेदारी किराए पिछले प्रभाव 20 फरवरी 2007 से लागू किए गए थे और पाचँ वर्ष की अवधि अर्थात 19 फरवरी 2012 तक वैध थे ।

3.1. एनएमपीटी ने दिनांक 28 सितम्बर 2012 के अपने पत्र के जरिए, 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक की अवधि के लिए दीर्घकालिक/अल्पकालिक आधार पर आबंटित भूमि के पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए एक प्रस्ताव दाखिल किया है । प्रस्ताव में एनएमपीटी द्वारा उठाये गए मुख्य बिन्दु संक्षेप में नीचे दिये गए हैं –

(i) (क) पत्तन के पास उपलब्ध कुल क्षेत्रफल – 2352 एकड़, जैसा कि नीचे विवरण में दिया गया है-

क्र.सं.	लोकेशन	भूमि एकड़ में	उपयोग की भूमि
1.	तन्नीरबावी, पानमबुर और बैकामपेडी गांव	1908	पत्तन
2.	कुडुपु गांव **	292	पत्थर काटकर निकालना
3.	बोंडेल गांव ** (पत्थर)	152	पत्थर काटकर निकालना

** कुडुपू और कुडुपु और बोन्डेल गांवों में जमीनें ब्रेक वाटर और बर्थों तथा पोतघाटों के निर्माण जैसे महापत्तन निर्माण कार्यों के लिए पत्थर खदानों के प्रयोजन से अधिग्रहित की गई थीं । इनकी अवस्थिति पत्तन सीमाओं से क्रमश:10 कि.मी. और 16 कि.मी. पर है । वर्तमान में, ये जमीनें पहाड़ी क्षेत्र हैं और आज तक यहाँ कोई विकास नहीं किया गया है । इस प्रकार इस जमीन/इन जमीनों का पत्तन द्वारा कोई उपयोग नहीं किया जाता है ।

(ख) पँनम्बूर में स्थित कुल 1908 एकड़ के भूमि क्षेत्रफल में से 565 एकड़ सुरक्षा चार दीवारी के भीतर है, 320 एकड़ जल और लैगून क्षेत्र है और 1023 एकड़ क्षेत्र चार दीवारी के बाहर स्थित है ।

(ग) सुरक्षा चार दीवारी के भीतर और बाहर पत्तन उपयोगिता के अंतर्गत क्षेत्रफल 447.15 एकड़ है ।

(ii) प्रचलित महापत्तन भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 जो पत्र सं. पीटी-11033/4/2009-पीटी, दिनांक 13 जनवरी 2011 के जरिए मंत्रालय द्वारा परिपत्रित किया गया था, की धारा 6.3 (1) का अनुसरण करते हुए, पट्टेदारी किरायों के संशोधन की सिफारिश करने के लिए, एनएमपीटी द्वारा एनएमपीटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था । इस समिति में (एनएमपीटी के) उपाध्यक्ष, मुख्य अभियंता(सिविल), एफए (वित्तीय सलाहकार), सीएओ, उप-मुख्य अभियंता (सिविल), अधीक्षक अभियंता (सिविल-1) अन्य सदस्यों के रूप में शामिल थे ।

(iii) पत्तन क्षेत्र के भीतर और उसके आस-पास भूमि के बाजार मूल्य का निर्धारण करने के प्रयोजन से एनएमपीटी ने एक मूल्य निर्धारक नियुक्त किया है ।

(iv) <u>भूमि मूल्य निर्धारण</u>

मार्गदर्शियों में स्थापित (निहित) प्रक्रिया के अनुसार, समिति ने पत्तन भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शियों में सूचीबद्ध फैक्टरों में से निम्नलिखित लागू फैक्टरों को ध्यान में रखा है-

(क) कर्नाटक सरकार द्वारा वर्ष 2011-12 के लिए मैंगलोर क्षेत्र के लिए जारी रैडी रैक्नर के आधार पर सुनिश्चित भूमि मूल्य।

(ख) मूल्य निर्धारक के प्रयोजन से, उप-पंजीयक कार्यालय (एसआरओ) मंगलौर में पंजीकृत हासिल सौदों से प्राप्त भूमि मूल्य जो भूमि की अवस्थिति के अनुसार जिला समाहर्ता द्वारा उपलब्ध करवायी गई है ।

कहा गया है कि ध्यान में लिए गए सौदे ज्यादातर आवासीय उद्देश्यों के लिए हैं क्योंकि औद्योगिक प्रयोजनों के लिए कोई उल्लेखनीय सौदा नहीं हुआ है । औद्योगिक जोन के लिए संशोधित किराया सुनिश्चित करने के लिए एसआरओ से प्राप्त भूमि का मूल्य निर्धारण/मूल्यांकन

यथोचित रूप से सुधारा गया है और विभिन्न शर्तों और भूमि आबंटन के प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए समायोजित किया गया है ।

(ग) 1996 से 2007 की अवधि के लिए, पत्तन की जमीनों के लिए उच्चतम स्वीकृत निविदा दर प्रस्तुत हैं । पिछले 5 वर्षों में भूमि के आबंटन के लिए पत्तन द्वारा आमंत्रित निविदाओं के मामले बहुत कम हैं और इसलिए भूमि के मूल्य निर्धारण के लिए समिति द्वारा इस विकल्प को अपनाया नहीं गया है ।

(घ) अनुमोदित भूमि मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित भूमि का मूल्य ।

(v) पत्तन द्वारा नियुक्त भूमि मूल्य निर्धारक ने समिति के विचार विमर्श के लिए उपर्युक्त लागू फैक्टरों पर आधारित भूमि के मूल्यांकन से संबंधित सभी प्रासंगिक सूचना (डाटा) का संकलन कर लिया होगा । पत्तन ने प्रस्ताव के साथ मूल्य निर्धारक की रिपोर्टें संलग्न की हैं ।

(vi) इस प्रकार संक्षेप में समिति ने भूमि मूल्यों पर (क) आधार वर्ष 2011-12 के लिए राज्य सरकार का रैडी रैक्नर जिसे प्रस्ताव में मार्गदर्शी दर संदर्भित किया गया है (जीएलआर) (ख) मैंगलोर में उप पंजीयक के कार्यालय में आधार वर्ष 2011-12 के लिए बिक्री के तुलनात्मक रिकार्ड किए मामले (सौदे)। (ग) निविदा आधार पर आबंटित भूमि की स्वीकृत निविदा दर और (घ) एक सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित की गई दर, के आधार पर विचार किया है । जैसाकि पिछले पाँच वर्षों के लिए पत्तन में निविदा आमंत्रण के अवसर कम हैं, समिति ने फाइनल भूमि दरें सुनिश्चित करने के लिए निविदाकृत दरें नहीं अपनाई हैं ।

(vii) समिति द्वारा तीन विकल्पों के अंतर्गत विचार किए गए भूमि के बाजार मूल्य नीचे दिए गए हैः-

(क) राज्य सरकार के रैडी रैकनर के अनुसार भूमि का बाजार मूल्यः-

(रू. लाखों में प्रति एकड़)

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**विकसित भूमि**		
		मुख्य सड़क से सटी हुई	**क्रास रोड से सटी हुई**	**भीतरी क्षेत्रों के लिए**
1.	पानमबुर गांव	180.00	150.00	120.00
2.	मार्शलिंग यार्ड	150.00	120.00	90.00
3.	रा.रा.मार्ग सं. 66 के संलग्न वाणिज्यिक यार्ड	210.00	150.00	90.00
4.	तन्नीर बावी क्षेत्र	150.00	90.00	75.00
5.	कुडुपु	70.00	60.00	60.00
6.	बोन्डेल	90.00	75.00	60.00

(ख) पिछले 3 वर्षों में पंजीकृत वास्तविक सौदों की औसत दर के आधार पर भूमि का बाजार मूल्य

(रू. लाखों में प्रति एकड़)

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**विकसित भूमि**		
		मुख्य सड़क से सटी हुई	**क्रास रोड से सटी हुई**	**भीतरी क्षेत्रों के लिए**
1.	पानमबुर गांव	131.00	91.70	65.50

2.	मार्शलिंग यार्ड	167.00	116.90	83.50
3.	रा.रा.मार्ग सं. 66 के संलग्न वाणिज्यिक यार्ड	199.00	139.30	99.50
4.	तन्नीर बावी क्षेत्र	143.00	100.10	71.50
5.	कुडुपु	110.00	77.00	55.00
6.	बोन्डेल	100.00	70.00	50.00

(ग) एनएमपीटी द्वारा नियुक्त सरकार मान्य मूल्य निर्धारक के अनुसार भूमि का बाजार मूल्य

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**विकसित भूमि**			**पट्टेदारी किराया तय करने हेतु अधिकतम भूमि मूल्य**
		मुख्य सड़क से सटी हुई	**क्रास रोड से सटी हुई**	**भीतरी क्षेत्रों के लिए**	
1.	पानमबुर गांव	155.50	120.85	92.75	155.50
2.	मार्शलिंग यार्ड	158.50	118.45	86.75	158.50
3.	रा.रा.मार्ग सं. 66 के संलग्न मार्शलिंग रोड	204.50	144.65	94.75	204.50
4.	तन्नीर बावी क्षेत्र	146.50	95.05	73.25	146.50
5.	कुडुपु	90.00	68.50	57.50	90.00
6.	बोन्डेल	95.00	72.50	55.00	95.00

(viii) विभिन्न परिमापकों के आधार पर समिति ने विकल्प (ग) के अधीन अर्थात अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित भूमि के आधार पर, भूमि मूल्य निर्धारण अपनाने का प्रस्ताव किया है । इस विकल्प के अधीन, प्रत्येक लोकेशन (अवस्थिति) के लिए भूमि का बाजार मूल्यांकन तीन क्षेत्रों के संदर्भ से, यथा मुख्य सड़क से सटी हुई, क्रॉस रोड से सटी हुई और भीतरी क्षेत्रों के लिए, किया गया है ।

समिति ने भूमि के उच्चतम बाजार मूल्य अर्थात अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा आकलित भूमि के बाजार मूल्य से मुख्य सड़क से सटी हुई भूमि के बाजार मूल्य पर विचार करने की सिफारिश की है, जैसा विकल्प (ग) के अधीन उल्लेख किया गया है । तद्नुसार, समिति द्वारा विचार किया गया भूमि का बाजार मूल्य, अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा विकल्प (ग) के अधीन है और इस विकल्प के अधीन भूमि के अधिकतम मूल्य (मोटे अक्षरों में उल्लिखित), प्रस्तावित पट्टेदारी किराये सुनिश्चित करने के लिए समिति द्वारा अंतिम रूप से संस्तुत किया गया है जो नीचे दिया गया है:-

(रू.लाखों में प्रति एकड़)

क्र.सं.	**क्षेत्र**	**विकसित भूमि**			**पट्टेदारी किराया तय करने हेतु अधिकतम भूमि मूल्य**
		मुख्य सड़क से सटी हुई	**क्रास रोड से सटी हुई**	**भीतरी क्षेत्रों के लिए**	
1.	पानमबुर गांव	155.50	120.85	92.75	**155.50**
2.	मार्शलिंग यार्ड	158.50	118.45	86.75	**158.50**
3.	रा.रा.मार्ग सं. 66 के संलग्न मार्शलिंग रोड	204.50	144.65	94.75	**204.50**
4.	तन्नीर बावी क्षेत्र	146.50	95.05	73.25	**146.50**

क्र.सं.	क्षेत्र	विकसित भूमि			पट्टेदारी किराया तय करने हेतु अधिकतम भूमि मूल्य
		मुख्य सड़क से सटी हुई	क्रास रोड से सटी हुई	भीतरी क्षेत्रों के लिए	
5.	कुडुपु	90.00	68.50	57.50	**90.00**
6.	बोन्डेल	95.00	72.50	55.00	**95.00**

(ix) (क) किसी लोकेशन के अधिकतम भूमि मूल्य पर पट्टेदारी किरायों की आधार दर प्रति एकड़ अधिकतम बाजार मूल्य पर विचार करते हुए 100 वर्ग मीटर प्रति माह सुनिश्चित की गई है और प्रति वर्ष पट्टेदारी किराया सुनिश्चित करने के लिए बाजार मूल्य पर 6% लगाया गया है । 1 एकड़ = 4046.90 वर्ग मीटर का परिवर्तन फैक्टर लागू करते हुए 100 वर्ग मीटर प्रति माह आधार पर पट्टेदारी किराया सुनिश्चित किया गया है। (उदाहरणार्थ : 155.50 x 6% / 12 x 4046.90 x 1000.00 x 100 = रु. 1921.22 प्रति 100 वर्ग मीटर / प्रति माह पनम्बुर गाँव के लिए).

(ख) समिति की रिपोर्ट आगे बताती है कि सीमेंट कंक्रीट युक्त पक्की सतह वाले स्टेक यार्ड और ढके हुए शैड्स जैसे सुपर स्ट्रक्चर्स के लिए पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए प्राधिकरण ने पिछले संशोधन में दो पक्षों, जैसे- भूमि किराये में वृद्धि और इन क्षेत्रों में सुपर स्ट्रक्चरों के लिए निर्माण की बुनियादी लागत में वृद्धि पर विचार किया था ।

इसी समानता पर सुपर स्ट्रक्चरों अर्थात् पक्के फर्शवाले क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्रों के लिए पट्टेदारी किराए, वर्तमान प्रस्ताव में सुनिश्चित किए गए हैं । भवन निर्माण सामग्री की बुनियादी लागत के थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि लगभग 30% है । एनएमपीटी ने सभी जिन्सों जैसे सीमेंट, स्टील, प्लेट्स और एचएसडी के लिए, वर्ष 2007 से 2012 (मई) हेतु थोक मूल्य सूचकांक का विश्लेषण प्रस्तुत किया है जो 2007 से 2012 तक थोक मूल्य सूचकांक में 30.20% पर औसत वृद्धि दिखा रहा है । इस प्रकार पक्के फर्श के क्षेत्र और ढके हुए स्थान क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराया प्रस्तावित करने के लिए पत्तन ने भूमि के बाजार मूल्य 6% की दर से पट्टेदारी किराया और इसमें, इन भूमि क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए पिछले प्रशुल्क संशोधन में विचार किये गए सुपर स्ट्रक्चर की दर पर 30.2% विकास लागत लगाकर विचार किया है, जैसा ऊपर वर्णन किया गया है ।

(x) तदनुसार खुले स्थान के लिए पट्टेदारी किराए के साथ पंचवर्षीय अवधि 2012-2017 के लिए समिति द्वारा आकलित पट्टेदारी किराया और भूमि के लिए बुनियादी दर (पट्टेदारी किराया) और विकास लागत पर विचार करते हुए सुनिश्चित किया गया पट्टेदारी किराया जैसा पक्के फर्श के क्षेत्र और ढके क्षेत्र के लिए ऊपर बिन्दु (ix) में स्पष्ट किया गया है, नीचे सारणीबद्ध दिया गया है:-

पंचवर्षीय अवधि 2012-17 के लिए प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों की विवरणी							
लोकेशन	खुले क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह	पक्के फर्श क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह (रु.)			ढके हुए क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह (रु.)		
	भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर	भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर	विकास लागत	कुल योग	भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर	विकास लागत	कुल योग
पानमबुर गांव	1921.22	1921.22	1661.20	3582.42	1921.22	5220.21	7141.43
रा.रा.मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड	1958.29	1958.29	1683.51	3641.80	1958.29	5290.36	7248.65
रा.रा.मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड	2526.63	2526.63	1818.67	4345.29	2526.63	5715.09	8241.72

पंचवर्षीय अवधि 2012-17 के लिए प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों की विवरणी							
लोकेशन	**खुले क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह**	**पक्के फर्श क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह (रु.)**			**ढके हुए क्षेत्र के लिए प्रति 100 स्के.मी. प्रति माह (रु.)**		
	भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर	**भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर**	**विकास लागत**	**कुल योग**	**भूमि के लिए पट्टा किराया की बुनियादी दर**	**विकास लागत**	**कुल योग**
तन्नीरबावी	1810.03	1810.03	1369.08	3179.11	1810.03	4302.27	6112.30
कुडुपु	1111.96	1111.96	1505.61	2617.58	1111.96	4730.98	5842.94
बोन्डेल	1173.74	1173.74	1315.32	2489.06	1173.74	4133.30	5307.04

(xi) तद्नुसार समिति ने 20.02.2012 से 19.02.2017 तक की अवधि के लिए निम्नानुसार पट्टेदारी किरायों की सिफारिश की है:-

(रु. प्रति 100 स्के.मी./माह में)

लोकेशन	खुले क्षेत्रों के लिए प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह	पक्के फर्श के क्षेत्र के लिए प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह (रु.)	ढके हुए स्थान के लिए 100 वर्ग मीटर प्रति माह (रु.)
पानमबुर गांव	1921.22	3582.42	7141.43
रा.रा.मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड	1958.29	3641.80	7248.65
रा.रा.मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड	2526.63	4345.29	8241.72
तन्नीरबावी	1810.03	3179.11	6112.30
कुडुपु	1111.96	2617.58	5842.94
बोन्डेल	1173.74	2489.06	5307.04

(xii) महापत्तन न्यासों के लिए भूमि नीति पर मार्गदर्शी 2010 में सटी हुई भूमि के लाइसैंस शुल्क के 50% पर जल क्षेत्र के लिए लाइसैंस शुल्क लगाने की व्यवस्था है । इसलिए, समिति ने वाटर फ्रंट से संलग्न भूमि के (शुल्क) के 50% पर वॉटर फ्रंट के लिए लेवी लगाने की सिफारिश की है । यह दर पनडुब्बी पाइप लाइन बिछाने के लिए है और प्रभार मार्ग अनुमति प्रभार के अनुसार होंगे ।

3.2 एनएमपीटी ने कहा है कि 17 सितंबर 2012 को आयोजित अपनी बैठक में बोर्ड ने समिति की सिफारिशों को अनुमोदन प्रदान किया है । तदनुसार, समिति की सिफारिशों के आधार पर और इसके बोर्ड के अनुमोदन पर एनएमपीटी ने 20.2.2012 से 19.02.2017 तक की अवधि के लिये निम्नानुसार, संशोधित पट्टेदारी किराये प्रस्तावित किये है:-

(दर रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह में)

लोकेशन	**खुले क्षेत्र के लिए**	**पक्के फर्श क्षेत्र के लिए**	**ढके हुए क्षेत्र के लिए**
पानमबुर गांव	1921.22	3582.42	7141.43
रा.रा.मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड	1958.29	3641.80	7248.65
रा.रा.मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड	2526.63	4345.29	8241.72
तन्नीरबावी	1810.03	3179.11	6112.30
कुडुपु	1111.96	2617.58	5842.94
बोन्डेल	1173.74	2489.06	5307.04

इसने प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों को शासित करने वाली निम्नलिखित शर्तें प्रस्तावित की हैं-

(क) सुरक्षा चार दीवारी के भीतर आबंटन के लिये, ऊपर प्रदत्त दर पर 10% का अधिभार (सरचार्ज) लगेगा/लगाया जाएगा ।

(ख) प्रदत्त दरें 20 फरवरी 2012 से लागू की जाएंगी और पांच वर्ष के बाद इनकी समीक्षा की जाएगी/संशोधन किया जाएगा ।

(ग) पट्टेदारी किराये पर 2% (चक्रवृद्धीय) वार्षिक की दर से तब तक वृद्धि लगती रहेगी जब तक कि वृद्धि की दर सक्षम प्राधिकारी द्वारा संशोधित की जाती है ।

(घ) 11 महिने तक के लाइसैंस के लिये आबंटन के समय, एक माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर सिक्योरिटी डिपाजिट (जमानत राशि) लागू होगी (जमा करवाई जाएगी) । यह जमानत राशि, एनएमपीटी की ओर देय किसी भी बकाया राशि को समायोजित करने के बाद, (आबंटित) भूमि पूरी तरह खाली करने के बाद लौटा दी जाएगी ।

(ङ) पट्टेदारी किरायों को शासित करने वाली अन्य शर्तें (तात्कालिक) पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शियों के अनुसार होंगी जो समय-समय पर संशोधित की गई होंगी ।

(च) वाटरफ्रंट के लिये लेवी, वाटरफ्रंट के साथ संलग्न भूमि के 50%पर लगायी जाएगी । यह दर पनडुब्बी (पानी की सतह के नीचे) पाइप लाइन बिछाने के लिये लागू है और प्रभारों को ''वे लीव परमीशन चार्जेज़'' का नाम दिया जाएगा ।

3.3 आदेश सं. टीएएमपी/15/2007-एनएमपीटी दिनांक 16 जून 2010 में इस प्राधिकरण द्वारा 20 फरवरी 2007 से, पिछले प्रभाव से अनुमोदित और 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढ़ाए हुए पट्टेदारी किरायों की, (और) एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित (काले मोटे अक्षरों में प्रदत्त) पट्टेदारी किरायों और 19 फरवरी 2007 को लागू दरों के ऊपर % वृद्धि जैसी एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत की गई है, तुलनात्मक स्थिति नीचे प्रस्तुत है:-

(दर रू. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह में)

वर्तमान पट्टेदारी किराये और प्रस्तावित पट्टेदारी किराये की तुलनात्मक विवरणी									
लोकेशन	**खुले क्षेत्र के लिए**			**पक्के फर्श क्षेत्र के लिए**			**ढके हुए क्षेत्र के लिए**		
	2007-12	**2012-17**	**%**	**2007-12**	**2012-17**	**%**	**2007-12**	**2012-17**	**%**
पानमबुर गांव	1538.85	**1921.22**	24.85	2947.58	**3582.42**	21.54	5965.69	**7141.43**	19.71
रा.रा. मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड	1579.50	**1958.29**	23.98	3007.15	**3641.80**	21.10	6065.83	**7248.65**	19.50
रा.रा. मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड	1825.73	**2526.63**	38.39	3368.00	**4345.29**	29.02	6672.25	**8241.72**	23.52
तन्नीरबावी	1006.71	**1810.03**	79.80	2167.71	**3179.11**	46.66	4655.13	**6112.30**	31.30
कुडुपु	1255.25	**1111.96**	-11.42	2532.05	**2617.58**	3.38	5267.22	**5842.94**	10.93
बोन्डेल	908.64	**1173.74**	29.18	2024.06	**2489.06**	22.97	4413.76	**5307.04**	20.24

3.4 यह ध्यान देने योग्य है कि पत्तन द्वारा प्रस्ताव में दर्शाया गया 2011-12 (19 फरवरी 2012 तक) की अवधि के लिये विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया ठीक नहीं पाया गया है । उदाहरण के लिये, दिनांक 16 जून 2010 के आदेश द्वारा, इस प्राधिकरण द्वारा पनंबुर की लोकेशन के लिये अनुमोदित पट्टेदारी किराया 20 फरवरी 2007 से रु.1393.78 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह है । उसी लोकेशन के लिये 19 फरवरी 2012 तक विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया रु.1508.67 प्रति 100 वर्ग मी. प्रति माह है, न कि रु.1538.85 प्रति 100 वर्गमी. प्रतिमाह, जैसाकि एनएमपीटी ने अपने प्रस्ताव में दिखाया है । तदनुसार जुलाई 2010 के आदेश में अनुमोदित पट्टेदारी किराया (जो) 19 फरवरी 2012 को

विधिवत बढ़ाया गया है, ठीक किया गया है और एनएमपीटी द्वारा प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक श्रेणी के लिये, यथा खुला क्षेत्र, पक्का फर्श क्षेत्र और ढका क्षेत्र के लिये प्रस्तावित पट्टेदारी किराया की तुलना में एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराया और वृद्धि की मांगी गई (ठीक-ठीक) सुनिश्चित प्रतिशतता, नीचे सारणीबद्ध हैं-

लोकेशन	(रू.प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह में)								
	खुला क्षेत्र			पक्का फर्श क्षेत्र			ढका हुआ क्षेत्र		
	2011-12 (19 फरवरी 2012 तक) की अवधि के लिए विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया (रु. में)	20 फरवरी 2012 से प्रस्तावित पट्टेदारी दर (रु. में)	मांगी गई % वृद्धि अथवा कटौती	2011-12 (19 फरवरी 2012 तक) की अवधि के लिए विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया (खुला क्षेत्र + पक्का फर्श (रु. में)	20 फरवरी 2012 से प्रस्तावित पट्टेदारी दर (रु. में)	मांगी गई % वृद्धि अथवा कटौती	2011-12 (19 फरवरी 2012 तक) की अवधि के लिए विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया (खुला क्षेत्र + ढका क्षेत्र (रु. में)	20 फरवरी 2012 से प्रस्तावित पट्टेदारी दर (रु. में)	मांगी गई % वृद्धि अथवा कटौती
पानमबुर गांव	1508.67	1921.22	27.35% ↑	2889.78	3582.42	23.97 ↑	5848.72	7141.43	22.10 ↑
रा.रा.मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड	1548.53	1958.29	26.46% ↑	2948.19	3641.80	23.53 ↑	4945.89	7248.65	21.89 ↑
रा.रा.मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड	1789.93	2526.63	41.16% ↑	3301.97	4345.29	31.60 ↑	6541.43	8241.72	25.99 ↑
तन्नीरबावी	986.97	1810.03	83.39% ↑	2125.21	3179.11	49.59 ↑	4563.85	6112.30	33.93 ↑
कुड्डपु	1230.64	1111.96	- 9.64% ↓	2482.40	2617.58	5.45 ↑	5163.94	5842.94	13.15 ↑
बोन्डेल	890.08	1173.74	31.76% ↑	1984.37	2489.06	25.43 ↑	4327.22	5307.04	22.64 ↑

4. तदनन्तर एनएमपीटी ने, दिनांक 28 सितंबर 2012 के अपने प्रस्ताव के अनुक्रम में, 15 अक्तूबर 2012 को आयोजित न्यासीमंडल की बैठक (में पारित) संकल्प की एक प्रति संलग्न की है । यह संकल्प, समिति द्वारा संस्तुत पट्टेदारी किराये में संशोधन के लिये प्रस्ताव को इस प्राधिकरण को भेजे जाने को मंजूरी प्रदान करता है । एनएमपीटी ने कथित पत्र में सूचित किया है कि मंडल (बोर्ड) ने संकल्प लिया है कि एनएमपीटी में कारोबारी विकास के बारे में न्यासियों की आशंका और चिंता को रिकार्ड किया जाए । मंडल के संकल्प का प्रासंगिक सार नीचे पुनः प्रस्तुत है:-

> "यह निर्णय लिया गया कि न्यासियों ने अध्यक्ष से पट्टेदारी किरायों में वृद्धि के कारण एनएमपीटी में कारोबारी विकास के बारे में न्यासियों की आशंका और चिंता को रिकार्ड करने का अनुरोध किया तथा साथ ही, पट्टेदारी किरायों में संशोधन 2015 से करने और तब तक वही दर जारी रखने के बारे में उनके विचार दर्ज करने का अनुरोध किया ।"

5. प्रदत्त परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार एनएमपीटी के प्रस्ताव की एक प्रति संबंधित उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों/पट्टेदारों को उनकी टिप्पणियां मांगते हुए अग्रेषित की गई थी । उपयोक्ताओं उपयोक्ता/संगठनों/पट्टेदारों से प्राप्त टिप्पणियां एनएमपीटी को प्रतिपूरक सूचना के रूप में अग्रेषित की गई थी । उपयोक्ताओं/ उपयोक्ता संगठनों/पट्टेदारों द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर एनएमपीटी ने अपनी प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत कर दी हैं ।

6. प्रस्ताव की प्रारंभिक जांच-पड़ताल के आधार पर एनएमपीटी से, दिनांक 28 मार्च 2013 के हमारे पत्र के जरिये अनुरोध किया गया था कि वह विभिन्न बिंदुओं पर अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे । एनएमपीटी ने, नियमित रूप से याद दिलाते रहने के बाद, दिनांक 20 जनवरी 2014 के अपने पत्र के जरिये अपना उत्तर प्रस्तुत किया है । चूंकि पत्तन के उत्तर में सूचना-संबंधी कुछ त्रुटियां-कमियां देखी गई थीं, एनएमपीटी से, दिनांक 10 अप्रैल 2014 के हमारे पत्र के जरिये, कुछेक बिंदुओं पर अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया था । एनएमपीटी ने दिनांक 24 अप्रैल 2014 के हमारे पत्र के जरिये अपना उत्तर प्रस्तुत कर दिया है । हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों तथा एनएमपीटी द्वारा दिए गए उनके उत्तर संक्षेप में, आगामी पैराग्राफों में प्रस्तुत हैं ।

7.1 इस प्रकरण में 21 जून 2013 को न्यू मैंगलोर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) परिसर में एक संयुक्त सुनवाई आयोजित की गई थी । इसमें एनएमपीटी ने अपने प्रस्ताव की पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी । इसी संयुक्त सुनवाई में एनएमपीटी और संबंधित उपयोक्ताओं/संगठन निकायों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं ।

7.2 संयुक्त सुनवाई में, कुछ उपयोक्ताओं, जैसे, एसोसिएशन ऑफ न्यू मैंगलौर पोर्ट स्वीवेडॅर्स (एएनएमपीएस) ने दिनांक 21 जून 2013 के अपने दो पत्रों के जरिये सी एंड एफ एसोसिएशन ऑफ न्यू मैंगलोर पोर्ट (सीएफएएनएमपी) ने दिनांक 21 जून 2013 के अपने पत्र के जरिये और मैंगलोर कस्टम हाऊस एजेन्सी एसोसियेशन (एमसीएचएए) के दिनांक 21 जून 2013 के अपने पत्र के जरिये अपने-अपने पक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत किये थे । इन लिखित प्रस्तुतियों में से प्रत्येक की एक-एक प्रति एनएमपीटी को, दिनांक 26 जून 2013 के हमारे पत्र के अंतर्गत, उन पर उसकी टिप्पणियों के लिये अग्रेषित की गई थीं एनएमपीटी ने दिनांक 13 अगस्त 2013 के अपने पत्र के माध्यम से अपनी राय (उत्तर) प्रस्तुत किए है ।

7.3 इसके अलावा, जैसा संयुक्त सुनवाई में फैसला लिया गया था, मुख्य मंत्री सचिवालय के दिनांक 8 अप्रैल 2010 के नोट, पत्र सं. पीडब्ल्यूडी 220 पीएसपी 2009 दिनांक 17 नवंबर 2009 अशासकीय टिप्पणी सं.पीडब्ल्यूडी, पीएसपी 2009 दिनांक 21 दिसंबर 2009, एनएमपीटी में आईओएफ के प्रहस्तन पर विभिन्न मुद्दों के संबंध में 17 अप्रैल 2010 को एनएमपीटी द्वारा ली गई बैठक के कार्यवृत्त और एसोसिएशन ऑफ न्यू मैंगलोर पोर्ट स्टीवेडोर्स के पत्र दिनांक 23 अक्तूबर 2009 में से प्रत्येक की एक-एक प्रति एनएमपीटी को उसकी टिप्पणियों हेतु अनुरोध के साथ, दिनांक 26 जून 2013 के हमारे पत्र द्वारा भेजी गई थी ।

दिनांक 11 जुलाई 2013 और 31 जुलाई 2013 के हमारे पत्रों, अर्धशास. पत्रों दिनांक 11 सितंबर 2013 और 13 नवंबर 2013, और दिनांक 3 फरवरी 2014 के हमारे पत्र के माध्यम से एनएमपीटी को दिये गए अनुस्मारकों के बाद एनएमपीटी ने दिनांक 17 फरवरी 2014 के अपने पत्र के जरिये उपरोक्त पर अपना जवाब प्रस्तुत किया है । उपरोक्त दस्तावेजों पर एनएमपीटी का जबाव नीचे सारणीबद्ध है ।

क्रम सं.	**21 जून 2013 को आयोजित संयुक्त सुनवाई में प्रदत्त निम्नलिखित पर मांगी गई टिप्पणी**	**एनएमपीटी के उत्तर**
(i)	मुख्यमंत्री सचिवालय का नोट दिनांक 8 अप्रैल 2010.	यह मुद्दा जिला प्रशासन, दक्षिण कन्नड जिला, मंगलौर से संबंधित है ।
(ii)	समुचित कार्रवाई के लिये एनएमपीटी को एएनएमपीएस पत्र दिनांक 23 अक्तूबर 2009 अग्रेषित करने वाला मुख्यमंत्री सचिवालय का पत्र सं.पीडब्ल्यूडी 220 पीएसपी 2009 दिनांक 17 नवंबर 2009.	पत्र सं.एनएमपीटी/टीएम/एमओएस / 2009 दिनांक 25.11.2009 (प्रति संलग्न) के जरिये प्रधान सचिव, कर्नाटक शासन, सार्वजनिक निर्माण, पत्तन और अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग, बंगलौर से अनुरोध किया गया था कि पत्तन, व्यापार-जगत और कर्नाटक के किसानों के हित में खदानों के शीर्षों से एनएमपीटी तक लौह अयस्क चूरे से लदे ट्रकों की आवाजाही पर लगी पाबंदी हटा/हटवा दें ।
(iii)	अशास. टिप्पणी सं.पीडब्ल्यूडी 220 पीएसपी 2009 दिनांक 21 दिसंबर 2009.	एक संदर्भ पत्र दिनांक 21.12.2009 सचिव, कर्नाटक शासन को संबोधित किया गया था जिसकी एक प्रति अध्यक्ष, एनएमपीटी को सूचनार्थ पृष्ठांकित की गई थी । (प्रति संलग्न)
(iv)	एनएमपीटी में लौह अयस्क चूरे के प्रहस्तन पर विभिन्न मुद्दों के संबंध में एनएमपीटी द्वारा 17 अप्रैल 2010 को ली गई बैठक का कार्यवृत्त।	17 फरवरी 2010 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार प्रस्ताव, 29.03.2009 को आयोजित न्यासीमंडल की बैठक में रखा गया था और मंडल ने संकल्प सं.92/2009-10 के जरिये निर्णय लिया कि प्रस्ताव पर विचार करने के लिये एक उप-समिति गठित की जाए और समिति की सिफारिश के आधार पर निष्पादकों के संबंध में दंडात्मक किराया प्रभार माफ करने पर विचार करने और निष्पादन न करने वालों के संबंध में दंडात्मक किराया प्रभार माफ करने पर विचार न करने का प्रस्ताव 25.3.2011 को बुलाई गई मंडल की बैठक के सामने रखा गया । मंडल (बोर्ड) के संकल्प के आधार पर पोत परिवहन मंत्रालय को एनएमपीटी द्वारा पत्र सं.एनएमपीटी/ टीएम/एमओएस/2011 दिनांक 16.05.2011 अग्रेषित किया गया है । कथित पत्र की एक प्रति अग्रेषित की गई है । कथित पत्र कहता है कि एनएमपीटी के न्यासी मंडल ने यह निर्णय किया है कि वास्तविक/गंभीर निर्यातकों को, जो राज्य सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के कारण स्टॉक्स नहीं बना सके और निर्यात नहीं कर सके, केवल उन्हें दंडात्मक

		प्रभारों में माफी प्रदान करते हुए, बशर्ते राज्य सरकार इसे मंजूरी दे, रियायत/छूट दी जाए । पत्र इस विषय में मंत्रालय का निर्णय मांगता है । अन्य निर्यातकों के बारे में एनएमपीटी का पत्र कहता है कि दंडात्मक प्रभारों की वसूली के बारे में नोटिस दिए जा रहे हैं ।
(v)	एसोसिएशन ऑफ न्यू मैंगलोर पोर्ट स्टीवेडोर्स पत्र दिनांक 23 अक्तूबर 2009.	उत्तर, ऊपर (ii) के तहत आ गया है ।

7.4 इसके आगे, जैसा संयुक्त सुनवाई में निर्णय लिया गया था, संबंधित उपयोक्ताओं से दिनांक 26 जून 2013 के हमारे पत्र के जरिये अनुरोध किया गया था कि वे यदि कोई हो तो, 30 जून 2013 तक हमें और एनएमपीटी को भी अतिरिक्त टिप्पणियां प्रस्तुत करें । एनएमपीटी से अनुरोध किया गया था कि वह संबंधित उपयोक्ताओं से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त टिप्पणियों पर, उसके बाद 10 दिन के भीतर अपनी प्रतिक्रिया दे । उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों से प्राप्त टिप्पणियां प्रतिपूरक सूचना के रूप में एनएमपीटी को अग्रेषित की गई थी एनएमपीटी ने दिनांक 15 जुलाई 2013 और 16 अगस्त 2013 के पत्रों के माध्यम से अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कर दी हैं ।

8.1 जैसाकि पहले बताया जा चुका है, प्रस्ताव की प्रारंभिक जांच पड़ताल के आधार पर एनएमपीटी से दिनांक 28 मार्च 2013 के हमारे पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि वह विभिन्न बिन्दुओं पर अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे । एनएमपीटी ने, नियमित रूप से उसके पीछे पड़ने के बाद, दिनांक 20 जनवरी 2014 के अपने पत्र के माध्यम से अपना उत्तर/प्रतिसाद प्रस्तुत किया है । हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्नों और एनएमपीटी के प्रत्युत्तरों का संक्षेप नीचे सारणीबद्ध है:-

<table>
<tr><th>क्रम सं.</th><th>हमारे प्रश्न</th><th>एनएमपीटी के उत्तर</th></tr>
<tr><td>1</td><td><u>सामान्य</u></td><td></td></tr>
<tr><td>(i)</td><td>एनएमपीटी ने प्रशुल्क दाखिल करने वाले फार्म्स, यथा, फार्म-1, फार्म-2 ए तथा फार्म-2बी, जो संपदा किरायों के संशोधन के लिये प्रस्ताव दाखिल करने के समय प्रस्तुत करने हेतु फार्मेट्स में प्रदान किए गए हैं, प्रस्तुत नहीं किये हैं । एनएमपीटी सभी अपेक्षित /आवश्यक फार्म्स, सभी विवरण विधिवत भरने के बाद प्रस्तुत करे ।</td><td>(क) एनएमपीटी ने फार्म 2ए और फार्म 2 बी में सभी विवरण प्रस्तुत कर दिया है जो संक्षेप में नीचे दिया गया है:-
<u>फार्म 2ए</u>
<table>
<tr><th colspan="4">(रू. लाखों में)</th></tr>
<tr><th>वर्ष</th><th>कुल आय</th><th>कुल व्यय</th><th>अधिशेष / घाटा</th></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>5073.02</td><td>2165.44</td><td>2907.58</td></tr>
<tr><td>2012-13</td><td>4647.13</td><td>449.77</td><td>4197.36</td></tr>
<tr><td>2013-14</td><td>4757.11</td><td>1022.80</td><td>3734.31</td></tr>
<tr><td>2014-15</td><td>4869.78</td><td>1294.32</td><td>3575.4</td></tr>
<tr><td>2015-16</td><td>4967.17</td><td>1190.52</td><td>3776.65</td></tr>
</table>
<u>फार्म 2 बी</u>
<table>
<tr><th colspan="4">(रू. लाखों में)</th></tr>
<tr><th>वर्ष</th><th>शुद्ध प्रखंड</th><th>अनुपातिक कार्यकारी पूंजी</th><th>कुल नियोजित पूंजी</th></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>11918.10</td><td>494.25</td><td>12412.35</td></tr>
<tr><td>2012-13</td><td>12153.15</td><td>626.36</td><td>17779.51</td></tr>
<tr><td>2013-14</td><td>11810.56</td><td>795.48</td><td>12605.94</td></tr>
<tr><td>2014-15</td><td>11438.17</td><td>1010.26</td><td>12448.42</td></tr>
<tr><td>2015-16</td><td>11095.54</td><td>1283.03</td><td>12378.56</td></tr>
</table>
(ख) विभिन्न झोनों के तहत पत्तन के कुल क्षेत्र का विवरण -
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>झोन</th><th>कुल क्षेत्रफल (एकड में)</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1.</td><td>(क) झोन 1 (पैंनम्बुर गांव)</td><td>941</td></tr>
<tr><td>(ख) झोन-1 (वाटर फ्रंट)</td><td>320</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

		2. झोन-2 (रा.रा. मार्ग -17 के साथ मार्शलिंग यार्ड) 245 3. झोन-3 (रा.रा. मार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक क्षेत्र) 340 4. झोन-4 (तन्नीर बावी) 62 5. झोन-5 (कुडुपु) 152 6. झोन-6 (बोन्डेल) 292 **पत्तन के अधीन कुल भूमि क्षेत्र 2352** (ग) पत्तन क्षेत्र की भूमि उपयोगिता का विवरण

क्र. सं.	भूमि उपयोगिता का विवरण	कुल प्रयुक्त क्षेत्रफल (एकड़ में)	
1.	पत्तन प्रचालनों के लिए:		
	प्रयुक्त	377.32	
	अप्रयुक्त	251.55	628.87
2.	पत्तन कर्मचारियों के आवासीय प्रयोजन से :		
	प्रयुक्त	133.66	
	अप्रयुक्त	14.86	148.52
3.	वाणिज्यिक प्रयोजन		12.38
	कुल भूमि उपयोगिता		**789.77**

(ii)	जैसाकि फार्म-1. के क्रमशः नोट सं.1, 2 और 3 में उल्लेख किया गया है, एनएमपीटी से निम्नलिखित प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हैः	
	(क) यह पुष्टि करते हुए एक प्रमाणपत्र कि पट्टेदारी किराए तय करने के लिये इसका प्रस्ताव पोत परिवहन मंत्रालय के पत्र सं.पीटी-11033/4/2009- पीटी के जरिये 13 जनवरी 2011 से सभी महापत्तन न्यासों पर लागू किए गए भारत सरकार के महापत्तनों के लिये भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुरूप है।	(क) यह पुष्टि करते हुए, कि पट्टेदारी किराए निर्धारित करने के लिये प्रस्ताव, भारत सरकार द्वारा पोत परिवहन मंत्रा. के पत्र सं.पीटी-11053/4/2009-पीटी दिनांक 13 जनवरी 2011 के जरिये अनुमोदित, महापत्तनों के लिये भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुरूप है, आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत है।
	(ख) इस आशय का एक प्रमाणपत्र कि (झोनवार) पट्टे पर दी गई भूमि पत्तन की भूमि-उपयोग-योजना के अनुसार है।	(ख) यह प्रमाणित करते हुए कि भूमि की पट्टेदारी (झोन-वार) पत्तन की भूमि उपयोग योजना के अनुसार है, आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत है।
	(ग) पिछले तीन वर्षों, यथा, 2009-10,2010-11 और 2011-12 के लिये अलग-अलग, झोन-वार, वाणिज्यिक एवं अन्य प्रयोजनों के लिये पत्तन द्वारा प्रदत्त सभी पट्टेदारियों का विवरण (प्रस्तुत किया जाए)।	(ग) पिछले 3 वर्षों के लिये, यथा 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के लिये पत्तन द्वारा कोई पट्टेदारी प्रदान नहीं की गई है।
(iii)	यदि किसी मामले में वर्तमान प्रस्ताव ऊपर संदर्भित भूमि नीति मार्गदर्शियों से भिन्न जाता हो तो एनएमपीटी, भिन्न दिशा में जाने के औचित्य के साथ उसका विवरण प्रस्तुत करे।	एनएमपीटी की ओर से प्राधिकरण को किए गए प्रस्ताव में कोई विचलन (डेविएशन) नहीं है।
(iv)	पट्टेदारी किरायों में प्रस्तावित संशोधन के कारण प्रति वर्ष उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त राजस्व समेत इसके सभी वित्तीय निहितार्थ प्रस्तुत किये जाएं।	प्रस्तावित संशोधन के कारण अपेक्षित वित्तीय निहितार्थ रू. 52,46,07,857.65 तक अर्जित होना अपेक्षित है। एनएमपीटी ने वर्ष 2012-13 के लिये संशोधित पट्टेदारी किराए पर राजस्व अनुमानन का विवरण प्रस्तुत किया है। (एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत विवरणों से यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2011-12 में प्राप्त रू.42.73 करोड़ के कुल किराए की तुलना में वर्ष 2012-13 में संशोधन के कारण किराया कुल रू.52.46 करोड़ अपेक्षित है।

		ऐसी स्थिति में, वर्ष 2012-13 के दौरान अतिरिक्त राजस्व लगभग रू.9.73 करोड़ अपेक्षित है ।)
(v)	एनएमपीटी ने, अपने पत्र सं.2/33/2012/ईबीएल 2 दिनांक 14 नवंबर 2012 के अधीन सूचित किया था कि 5 अक्तूबर 2012 को आयोजित अपनी बैठक में न्यासी मंडल ने पट्टेदारी किरायों में वृद्धि के कारण एनएमपीटी में कारोबारी विकास (कारोबार में वृद्धि/कमी) के बारे में अपनी आशंकाए और सारोकार रिकार्ड में दर्ज करने का और 2015 से पट्टेदारी किरायों में संशोधन के बारे में न्यासियों के विचार और (उनकी राय कि) तब तक वही दरें जारी रखी जाएं, भी रिकार्ड में दर्ज करने का संकल्प लिया था । इस संबंध में, एनएमपीटी से अनुरोध है कि वह न्यासियों की आशंका एवं सरोकार पर विस्तार से प्रकाश डाले और न्यासियों द्वारा प्रस्तुत बिन्दुओं पर अपनी टिप्पणी दें ।	एनएमपीटी ने दिनांक 14 नवंबर 2012 के अपने पत्र में संकल्प सं. 137 के जरिये, 17.09.2012 को आयोजित मंडल की बैठक में मंडल द्वारा लिए गया निर्णय प्राधिकरण में संज्ञान में लाया था । मंडल के कथित संकल्प की एक प्रति प्रस्तुत है ।
II	**<u>भूमि का मूल्य निर्धारण</u>**	
(i)	एनएमपीटी ने, राज्य सरकार के रेडी रैक्नर से प्राप्त मूल्यांकन, पिछले 3 वर्षों में वास्तविक सौदों की औसत दर और भूमि मूल्य निर्धारक द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन के आधार पर पत्तन की जमीनों का बाजार मूल्य प्रस्तुत किया है । किन्तु इसने, फाइनली पट्टेदारी किरायों की गणना हेतु मूल्य निर्धारक द्वारा अनुमोदित भूमि के मूल्य पर विचार किया है । इस संबंध में एनएमपीटी निम्नलिखित स्पष्ट/प्रस्तुत करेः-	
	(क) जब मार्गदर्शी दरों के अनुसार पत्तन की जमीनों का बाजार मूल्य (जो) राज्य सरकार के रेडी रैक्नर से प्राप्त किया गया बताया गया है, सबसे अधिक दिखाई देता है तो मुल्य निर्धारक द्वारा अनुमोदित भूमि के मूल्य के आधार पर प्रस्तावित पट्टेदारी किराए सुनिश्चित करने को कोई विशेष कारण हो तो बताएं । इस संबंध में यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास, कांडला पत्तन न्यास आदि जैसे कुछ अन्य महापत्तन न्यासों के पट्टेदारी किराया प्रस्तावों को फाइनल करते हुए इस प्राधिकरण ने महसूस किया है कि किसी भी पत्तन न्यास के लिये यह उचित होगा कि वह महापत्तनों के लिये भूमि नीति मार्गदर्शियों में दिये सभी विकल्पों के तहत जमीनों के बाज़ार मूल्य का निर्धारण करें और पट्टेदारी किराये उस भूमि मूल्यांकन के आधार पर निकाले जो उसके लिए सबसे ज्यादा लाभकारी है । पत्तन न्यास के लिये सबसे ज्यादा लाभकारी होने के लिए पट्टेदारी किराये को अन्य सभी फैक्टरों में से अधिकतम बाज़ार मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए । इस संबंध में, एनएमपीटी अपने प्रस्ताव को फिर से देखे और यदि जरूरी लगे तो उसकी समीक्षा करे ।	यहां यह उल्लेख करना है कि प्रस्ताव व्यवस्थित है और पंजीकृत मूल्य निर्धारक की रिपोर्ट के अनुसार किराए में संशोधन प्रस्तावित किया गया है । चूंकि पिछले पांच वर्षों के दौरान ऐसी कोई निविदा (प्रक्रिया) नहीं हुई है, पत्तन परिसर के आबंटन के लिये निविदा प्रक्रिया पर आधारित दरों पर विचार नहीं किया गया है । एनएमपीटी का वर्तमान प्रस्ताव प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पिछले प्रस्ताव के सदृश ही है ।
	(ख) यद्यपि मूल्य निर्धारक की मूल्यांकन रिपोर्ट कहती है कि भूमि का मूल्यांकन जनवरी/फरवरी 2012 में प्रत्येक नमूना क्षेत्र के लिये प्राप्त मूल्य पर आधारित है, त्वरित गणना दर्शाती है कि भूमि का सुनिश्चित किया गया मूल्य राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के अनुसार भूमि के मूल्य मार्गदर्शी दर (जीएलआर) और उप पंजीयक कार्यालय में दर्ज बिक्री की घटनाओं के अनुसार भूमि	मूल्य निर्धारक की मूल्यांकन रिपोर्ट में भूमि का बाजार मूल्य, झोन वार आधार पर यादच्छिक रूप से लिए गए भूमि नमूना क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है और वैज्ञानिक है । भूमि नमूनों की यादृच्छिक रूप से पहचान की गई है और (उनकी) दरें उप पंजीयक कार्यालय, मंगलौर से राज्य सरकार के रेडी रैक्नर मार्गदर्शी दर के आधार पर तय की गई है ।

	मूल्य का राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के अनुसार भूमि के मूल्य मार्गदर्शी दर (जीएलआर) और उप पंजीयक कार्यालय में दर्ज बिक्री की घटनाओं के अनुसार भूमि मूल्य का साधारण सा औसत है । इस प्रसंग में, एनएमपीटी यह सुनिश्चित और पक्का करे कि (पट्टेदारी किराया फाइनल रूप से सुनिश्चित करने हेतु एनएमपीटी द्वारा विश्वास किया गया) भूमि मूल्यांकन तर्क संगत और वैज्ञानिक है तथा और पत्तन संपदा की विशेषताओं की नुमाइंदगी करता है जो विचाराधीन / विषयगत प्रस्ताव में संशोधन के अधीन है।	
(ii)	मार्गदर्शी दर (जीआरएल) राज्य सरकार का रेडी रैक्नर पर आधारित भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के संदर्भ से एनएमपीटी निम्नलिखित स्पष्ट करेः- (क) रेडी रैक्नर के अनुसार एनएमपीटी की संपत्ति / निर्माणों के मूल्यांकन और मैंगलोर शहर नगर निगम से संबंधित अचल संपत्ति की संशोधित दर की एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत विवरणी आवासीय भवनों, फ्लैट / अपार्टमैंट्स और कृषि भूमि के संदर्भ में दिखायी पड़ती है । यह स्पष्ट नहीं है कि आवासीय भवनों, वाणिज्यिक भवनों, फ्लैट / अपार्टमैंट्स और कृषि जमीनों का मूल्य किस प्रकार, एनएमपीटी की जमीनों के बाजार मूल्य निर्धारित करने में प्रासंगिक है । एनएमपीटी स्थिति स्पष्ट करे।	भूमि का मूल्य सुनिश्चित करने के लिए रेडी रैक्नर और मंगलौर शहर नगर निगम से संबंधित अचल संपत्ति की संशोधित दर पर विचार किया गया है और तद्नुसार खुले क्षेत्र के लिए किराया तय किया गया है । पक्के फर्श वाले और ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर सुनिश्चित किया गया है, जैसा कि मूल्याकंन रिपोर्ट में संलग्न है।
	(ख) एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के अनुसार भूमि मूल्यांकन की विवरणी पँनंबुर, कुडुपु आदि लोकेशनों में से प्रत्येक के लिए विभिन्न गाँवों / सड़कों के भूमि मूल्य प्रदान करती है । यह स्पष्ट नहीं है कि इन मूल्यांकनों का मार्गदर्शी दर निकालने हेतु कैसे उपयोग किया जाता है । एनएमपीटी इन लोकेशनों में से प्रत्येक के लिए परिगणना के साथ उसका आधार भी स्पष्ट करे।	राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के अनुसार भूमि मूल्यांकन की विवरणी में वर्णित विभिन्न गाँव पत्तन की संपदा सीमारेखा से संलग्न / के पास हैं । बताई गई सड़कें पत्तन संपदा की पहुँच के भीतर ही हैं।
(iii)	उप-पंजीयक का कार्यालय, मंगलौर में दर्ज बिक्री सौदों के आधार पर भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के संबंध में एनएमपीटी निम्नलिखित प्रस्तुत /स्पष्ट करेः-	
	(क) महापत्तनों की भूमि नीति 2010 की धारा 6.3.(1) अन्य बातों के साथ, पत्तन के पड़ोस में पिछले तीन वर्षों में पंजीकृत वास्तविक प्रासंगिक सौदों की औसत दर के आधार पर भूमि का बाजार मूल्य सुनिश्चित करने का फैक्टर और उस पर 2% वार्षिक वृद्धि लागू करना प्रदान करती है । एनएमपीटी ने इस धारा के विरूद्ध कथित कार्य विधि के तहत भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करने हेतु आधार के रूप में केवल पिछले वर्ष अर्थात 2011-12 के दौरान हुए बिक्री सौदों के मूल्य पर ही विचार किया है । 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों में अनुबंधित कथित धार से अलग जाने का कारण स्पष्ट किया जाए । (ख) एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2011-12 में वास्तविक बिक्री सौदों के आधार पर भूमि का मूल्यांकन पँनंबुरगांव, बैकमपेडीगांव, होसेबेट्टूगांव, तन्नीरबावीगांव, पाउकोडीगांव, मूडुशेडेगांव, पाडुशेडेगांव और पचनदी गांव के संदर्भ से हैं ।	यह भी पिछली अवधि 2002-2007 के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित रिपोर्ट के सदृश्य किया गया है। प्राधिकरण के पत्र में वर्णित गांव पत्तन संपदा के पड़ोस में हैं और इसलिए, उपर वर्णित जगहों के बिक्री सौदों पर पँनंबुर गांव, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 66 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड और वाणियार्ड तन्नीरबावी, कुडुपु और बोन्डेल पर सुनिश्चित करने के लिए विचार किया गया है।

	यह स्पष्ट नहीं है कि ऊपर वर्णित स्थानों में बिक्री सौदे, पैंनंबुरगांव, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 66 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड और वाणिज्यिक यार्ड, तन्नीर बावी, कुडुपु और बोंडेल स्थित पत्तन जमीनों के बाजार मूल्य निर्धारण में किस प्रकार प्रासंगिक हैं। एनएमपीटी यह प्रमाणित करे कि इस कार्यविधि के तहत अपनाया गया भूमि का बाजार मूल्य प्रासंगिक है और ले-आउट सुविधाओं, विकास, वाणिज्यिक उपयोगिता और पहुंच आदि के रूप में पत्तन भूमिका प्रतिनिधित्व करता है।	पत्तन संपदा से संबंधित भूमि की बाजार दरें न तो जीएआर में और न ही उप-पंजीयक कार्यालय में ही उपलब्ध हैं। चूंकि पत्तन संपदा भूमि की कोई बिक्री नहीं हुई है, इसलिए कहीं दर्ज भी नहीं है।
(iv)	एनएमपीटी के प्रस्ताव के पृष्ठ सं. 9 पर प्रदत्त सारणी में दिये उच्चतम निवदा मूल्यों के आधार पर भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के संदर्भ में यह पाया गया है कि अधिकतर आबंटन वर्ष 1996, 2003, 2004 और 2007 से संबंधित हैं। एनएमपीटी यह स्पष्ट करे कि ये आबंटन दरें वर्तमान प्रस्ताव में पत्तन भूमि के मूल्यांकन हेतु किस प्रकार प्रासंगिक हैं। यदि हाल ही के बीते समय, जैसे, दो वर्षों में, निविदा आधार पर कोई भूमि आबंटित नहीं की गई थी तो वही आवश्यकता साफ-साफ बताई जाए।	प्रस्ताव के पृष्ट 9 पर दी गई सारणी प्रक्रिया के भाग के रूप में ही दी गई है। भूमि के इन मूल्यों पर वर्तमान प्रस्ताव में विचार नहीं किया गया है।
(v)	मान्यता प्राप्त मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित मूल्य के आधार पर भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के संदर्भ से एनएमपीटी निम्नलिखित प्रस्तुत / स्पष्ट करे:- (क) मूल्यांकन रिपोर्ट में मार्शलिंग यार्ड के भीतरी क्षेत्र की भूमि का मूल्य रू. 86.50 लाख प्रति एकड़ लगाया गया है (मूल्यांकन रिपोर्ट का पैरा 38 ए) जबकि फाइनल संक्षिप्त सारणी में और प्रस्ताव में, इस क्षेत्र के लिए भूमि मूल्य रू. 86.75 लाख प्रति एकड़ विचार किया गया है। एनएमपीटी सही-सही मूल्यांकन की पुष्टि करे।	मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित फाइनल मूल्य, विकसित क्षेत्र के लिए रू. 86.75 लाख प्रति एकड़ आंका गया है। रू. 86.50 लाख प्रति एकड़ वाला मूल्य अविकसित क्षेत्र के लिए है।
(vi)	उपरिनिर्माणों के मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शियों में किसी फैक्टर / विधि का उल्लेख नहीं है। खुली जमीनों के मूल्यों के अतिरिक्त, पक्के फर्श वाले क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्रों के लिए पट्टेदारी किराए सुनिश्चित करने हेतु एनएमपीटी ने पट्टेदारी किरायों के पिछले निर्धारण में प्राधिकरण द्वारा विचार की गई सुपर स्ट्रक्त्र दरों पर 30.2% लगाकर विकास लागत को लेखा में लिया है। 30.2% वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एनएमपीटी ने 2007 से 2012 तक स्टील, सीमेंट, प्लेट, एचएसडी आदि के थोक मूल्य सुचकांकों में मूल्य वृद्धि पर विचार किया है। पक्के किए गए और ढके हुए क्षेत्रों पर सुपर स्ट्रक्चर जिनके लिए इन लोकेशनों पर संशोधन प्रस्तावित हैं, पहले से ही मौजूद थे और कि यह किसी बड़े नए निर्माण के संदर्भ से नहीं है। इसके अलावा स्टील और सीमेंट की कीमतें, राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करते हुए बहुत ही अस्थिर हैं। उपरोक्त गंवेषणा के प्रकाश में एनएमपीटी इसका औचित्य बताए कि इन वस्तुओं के थोक बिक्री मूल्यों में वृद्धि पत्तन संपदा की विकास लागत में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए किस प्रकार प्रासंगिक है ? पिछले पांच वर्षों अर्थात, 2007 से 2012 तक पत्तन संपदा की इन लोकेशनों के विकास में पत्तन द्वारा व्यय	उपरिनिर्माणों यथा, संपदा की भूमि के लिए ढके गए क्षेत्र और पक्की की गई जमीन का मूल्यांकन 2007-2012 से थोक मूल्य सूचकांकों के आधार पर व्यवस्थित रूप से किया गया है। पिछले पांच वर्षों, अर्थात 2007 से 2012 के दौरान पत्तन की संपदा की इन लोकेशनों के विकास में पत्तन द्वारा व्यय की गई वास्तविक लागत प्रस्तुत है।

	की गई वास्तविक लागत अधिक प्रासंगिक हो सकती है । एनएमपीटी इस बिन्दु का अध्ययन करे और उपरोक्त गंवेषणा के प्रकाश में अपने प्रस्ताव की समीक्षा करे ।	
(vii)	पिछले प्रशुल्क आदेश में कुडुपु गांव स्थित खुले क्षेत्र के लिए अनुमोदित पट्टेदारी दर रू. 1136.92 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह है जिसे यदि विधिवत बढ़ाया जाए तो 19 फरवरी 2012 को रू. 1230.64 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह आती है । इसके मुकाबले एनएमपीटी ने कुडुपु गांव में खुले क्षेत्र के लिए पिछले प्रभाव अर्थात 20 फरवरी 2012 से पट्टेदारी किराया रू. 1111.96 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह प्रस्तावित किया है जिसका अर्थ हुआ 19 फरवरी 2012 को प्रचलित पट्टेदारी किराये में 9.65% की कमी । एनएमपीटी कृपया बताए कि जब अन्य सभी लोकेशनों पर पट्टेदारी किराये में वृद्धि प्रस्तावित है तो इस खुले क्षेत्र के लिए विशेष भूमि हेतु पट्टेदारी किराए में कमी क्यों प्रस्तावित है ?	मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित भूमि मूल्य कुडुपु पत्थर की खदान क्षेत्र के पड़ोस के लिए जीएलआर और उप-पंजीयक कार्यालय में दर्ज (बिक्री) घटनाओं पर आधारित है । विचार की गई अवधि में कुडुपु क्षेत्र के पास उच्चतर / अधिक मूल्य की कोई भी घटना (सौदा) दर्ज नहीं पाया गया । जीएलआर दरें भी अपेक्षाकृत कम पाई गईं जो मूल्यांकन के लिए विचार की गई अवधि के लिए परिवर्तनीय हैं ।
(ग)	**<u>दरमान</u>**	
(i)	सामान्य नोट (क) में, जनवरी 2012 में सरकार द्वारा घोषित भूमि नीति मार्गदर्शियों का सख्ती से अनुपालन करने का वर्णन है । चूंकि नए मार्गदर्शियों को सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाना अभी बाकी है, प्रस्तावित नोट में इस समय लागू महापत्तनों के लिए भूमि नीति 2010 का संदर्भ देते हुए सुधार किया जाए ।	जैसा कि आज की तारीख में महापत्तनों के लिए भूमि नीति 2010 प्रचलित है, तदनुसार उसी का अनुपालन किया जाता है ।
(ii)	भूमि के आबंटन के संबंध में (ख) पर प्रस्तावित नोट प्रशुल्क निर्धारण से संबंधित नहीं है । महापत्तन न्यास, पत्तन भूमि के आबंटन के विषय में समय-समय पर सरकार द्वारा जारी नीति मार्गदर्शियों द्वारा शासित होते हैं । इसलिए प्रस्तावित नोट किराये की अनुसूची में सम्मिलित किये जाने की आवश्यकता नहीं है ।	प्राधिकरण के प्रस्ताव के अनुसार निकाल दिया गया ।
(iii)	भूमि के अतिक्रमण अथवा भूमि पर अनधिकृत कब्जे के लिए नोट (ग) पर प्रस्तावित सामान्य शुल्क का दो गुना / चार गुना / दस गुना स्लैबवार दण्डात्मक प्रभार (जुर्माना) भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 की धारा 6.2 2.3 (जी) के अनुरूप नहीं पाया गया है । यह धारा सुविधाओं के गलत उपयोग और अनधिकृत कब्जे के लिए प्रदत्त दर का तीन गुना जुर्माने का प्रावधान करती है । नीति मार्गदर्शियों से अलग जाने हेतु प्रस्तावित करने के कारणों का औचित्य बताइए ।	प्रचलित भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.3 (जी) के अनुसार लाइसैंस शुल्क / पटटेदारी किरायों का तीन गुना लाइसेंसी / पट्टेधारी द्वारा पत्तन भूमि के अनधिकृत कब्जे के लिए है जिसे वह 03 माह की अवधि के भीतर हटा लेता है। इसके अलावा, नोट (ग) पर प्रस्तावित स्लैबवार दंडात्मक प्रभार (जुर्माना) पत्तन के अतिक्रमण वाले / अनधिकृत कब्जे वाले क्षेत्र से पट्टेदारों / लाइसेंसियों द्वारा अपना सामान / कार्गो न हटाने के लिए जबकि उन्हें ऐसा करने का नोटिस दे दिया गया होगा और पत्तन को पट्टेदारी / लाइसैंसी की लागत और जोखिम पर सामान / कार्गों कहीं और रखने पर विवश होना पड़ेगा । यह राजपत्र अधिसूचना सं. 2/33/2007/ईबीएल 2 दिनांक 4.6.2007 की डी शर्त (iii) के अनुरूप है । हालांकि यह प्रचलित भूमि नीति मार्गदर्शियों से विचलन है, किंतु ऐसी घटनाओं/संभावनाओं से बचने के लिए यह आवश्यक है ।
(iv)	नोट डी (iii) पर प्रस्तावित, आबंटी द्वारा देर से भुगतान करने पर ब्याज लगाने का प्रावधान मार्च 2005 के प्रशुल्क नीति मार्गदर्शी की धारा 2.18.1 से 2.18.4 के अनुरूप सुधारा जाए ।	नोट डी (iii) के साथ-साथ, मार्च 2005 की प्रशुल्क नीति मार्गदर्शियों की धाराएँ 2.18.1 से 2.18.4 विलंबित भुगतान / पत्तन द्वारा लाइसैंसियों / पट्टेदारों को धनवापसी के लिए प्राधिकरण की इच्छानुसार प्रस्तावित हैं ।

(v)	भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.1 लाइसैंस के पुनःनवीकरण का अनुबंध करती है । 13% पर दंडात्मक ब्याज प्रदान करने वाला प्रस्तावित नोट डी (v)जो वर्तमान लाइसैंस की समाप्ति के सात दिन पहले पुनर्नवीकरण हेतु आवेदन न कर पाने के लिए है, भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.1 के अनुरूप नहीं पाया गया है।	प्रचलित पट्टेदारी /लाइसैंस की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद पुनर्नवीकरण के लिए आवेदन करने वालों के मामलों को ध्यान में रखकर यह मुद्दा नया-नया प्रस्तावित है । पत्तन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा (पुनर्नवीकरण तिथि के) बाद में अनुमोदन दिया जाना ग्राह्य / स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, हालांकि यह भूमि नीति मार्गदर्शियों से विचलन है, नियंत्रित प्रबोधन के लिए यह आवश्यक है।
(vi)	नोट सं. डी (vi) पूरा नहीं है। उसमें आवश्यक बदलाव किए जाएँ।	दंडात्मक प्रभार (जुर्माने) की धारा (डी) शर्त कर्नाटक राजपत्र अधिसूचना सं. 2/33/3007/ईबीएल 2 दिनांक 4.6.2007 (प्रति संलग्न) के अनुसार है, जैसा ऊपर (iii) पर दिया है। (क) 3 माह तक सामान्य लाइसैंस सशुल्क का दो गुना। (ख) 3 माह से ज्यादा और 7 माह तक के लिए सामान्य लाइसैंस शुल्क का चार गुना। (ग) उसके बाद सामान्य लाइसैंस शुल्क का दस गुना।
(vii)	11 (ग्यारह) महीनों के लाइसैंस के बारे में जमानत राशि (सिक्यूरिटी डिपॉजिट) लेने के बारे में भूमि नीति मार्गदर्शियों में कोई प्रावधान दिखायी नहीं देता है। इस पृष्ठभूमि में 11 माह के लाइसैंस के आबंटन के मामले में जमानत राशि के रूप में एक माह का लाइसैंस शुल्क वसूल करने हेतु (vii) (क) पर प्रस्तावित नोट स्पष्ट किया जाये।	भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.1 के अनुसार पट्टेदारी वार्षिक आधार पर है । जमानत राशि एक वर्ष के किराए के बराबर लागू है। लाइसैंस के लिए प्रचलित भूमि नीति मार्गदर्शियों में जमानत राशि के लिए प्रावधान होने की स्थिति में, यह एनएमपीटी से संबंधित प्राधिकरण अधिसूचना सं. 184 दिनांक 23.7.2010 के आधार पर प्रस्तावित है।
(viii)	भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.1 से यह अपेक्षा करती है कि वो 1 वर्ष के किराए जमानत के रूप में रखें। पट्टेदारी को 3 वर्ष की अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी प्रस्तुत करने का विकल्प प्रदान करने वाले नोट डी (vii) बी का औचित्य सिद्ध किया जाए क्योंकि भूमि नीति मार्गदर्शियों की कथित धारा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।	तीन वर्ष के पट्टेदारी किराए के बराबर की राशि की बैंक गारंटी का प्रस्ताव हटाया गया है।
(ix)	एनएमपीटी बताए कि किस प्रकार निर्यात लोह अयस्क को ग्रहण करने के 75 दिन के भीतर निर्यात हेतु प्रोत्साहन नकरने पर पट्टेदार पर दंडात्मक प्रभार लगाने वाला प्रस्तावित नोट (डी) (xiii) संपदा किरायों के संशोधन में प्रासंगिक है। दरमान प्रदत्त निःशुल्क अवधि बीतने के बाद कार्गो अपेक्षा से अधिक पड़ा रह जाने के लिए विलंब शुल्क का प्रावधान करता है जो कार्गो के अपेक्षा से ज्यादा पड़े रहने पर उचित कार्रवाई करेगा।	आयात कार्गो के बारे में 7 दिन की और निर्यात कार्गो के बारे में 21 दिन की निःशुल्क अवधि के बाद पारगमन आधार पर पोतघाट में पड़े हुए कार्गो पर जरूरत से ज्यादा पड़े रहने के लिए, दरमान विलम्ब शुल्क (डेमुरेज चार्जेज) का प्रावधान करता है। विलंब शुल्क कार्गो संबंधी प्रभार है । लोह अयस्क चूर्ण जैसे भंडारण / ढेर लगाने वाले कार्गो के लिए मासिक किराया आधार पर आबंटित भूमि के मामले में ऐसा कोई विलम्ब शुल्क नहीं लगाया जाता बल्कि पक्षकार को प्रत्येक 75 दिन के भीतर पोतलदान / पोतान्तरण अवश्य करवा देना चाहिए, ऐसा न कर पाने पर, पक्षकार को एक गैर-निष्पादक मानते हुए (उस पर) प्रस्तावित दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाया जाएगा।
(x)	2% की वार्षिक वृद्धि अनुमत करने वाली भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3(i)(ii) की दृष्टि से किराया अनुसूची में निम्नलिखित नोट को शामिल किया जाए: "दरमान में प्रदत्त सभी दरें, संशोधित किराया अनुसूची के क्रियान्वयन की प्रभावी तिथि से एक वर्ष बीतने के बाद 2% वार्षिक के अनुसार अपने आप बढ़ जाएंगी और बढ़ी हुई दरें संबंधित वर्ष के लिए प्रचलित अनुसूचित किराया मानी जाएंगी । यह किराया अनुसूची प्रत्येक पांच वर्ष में संशोधन के अधीन है।"	प्रचलित भूमि नीति मार्गदर्शी की धारा 6.3(1)(ii) के अनुसार प्रस्तावित किया जाता है। "दरमान में प्रदत्त सभी दरें, संशोधित किराया अनुसूची के क्रियान्वयन की प्रभावी तिथि से एक वर्ष बीतने के बाद 2% वार्षिक के अनुसार अपने आप बढ़ जाएंगी और बढ़ी हुई दरें संबंधित वर्ष के लिए प्रचलित अनुसूचित किराया मानी जाएंगी। यह किराया अनुसूची प्रत्येक पांच वर्ष में संशोधन के अधीन है।"

8.2 एनएमपीटी द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2014 के इसके पत्र द्वारा प्रस्तुत सूचनाओं/स्पष्टीकरणों की जांच पड़ताल पर पाया गया कि एनएमपीटी ने विभिन्न बिंदुओं पर उठाए गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया है और प्रस्तुत सूचना में अब भी कुछ कमी शेष रह गई थी । इसलिए, दिनांक 10 अप्रैल 2014 के हमारे पत्र द्वारा पत्तन से आवश्यक सूचना/ स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया था । दिनांक 24 अप्रैल 2014 के अपने पत्र द्वारा एनएमपीटी ने अपना जवाब दे दिया । एनएमपीटी के (पिछले) उत्तर में पायी गई कमियों की दृष्टि से एनएमपीटी से मांगी गई अतिरिक्त सूचना और एनएमपीटी का प्रत्युत्तर नीचे सारणीबद्ध हैं-

क्र.सं.	हमारे प्रश्न	एनएमपीटी का उत्तर
(i)	**मद सं. 1 (i)** फार्म-1 (संलग्नक-I) में क्रम सं. II में दर्शाये विभिन्न झोनों के तहत कुलक्षेत्र 2352 एकड़ है । जबकि कथित/उसी फार्म में क्रम सं.III पर प्रदत्त भूमि उपयोगिता विवरण 789.77 एकड़ के लिए है । एनएमपीटी से अनुरोध है कि बाकी बचे भूमि क्षेत्र के लिए भी भूमि उपयोगिता व्यापक रूप से दर्शाये ।	पत्तन द्वारा भूमि उपयोगिता का व्यापक विवरण निम्नानुसार है:- **(एकड़ में)** (क) फार्म सं. 1 के अनुसार कुल क्षेत्र 789.77 (ख) रा.रा.मार्ग 17 को सौंपी जमीन 1.00 (ग) हरियाली 290.00 (घ) मार्शलिंग यार्ड 148.00 (ड.) भावी किस्म 225.00 (च) लेगून (वाटर फ्रंट) 320.00 (छ) खाली जगह 134.23 उप योग 1908.00 बोन्डेल 292.00 कुडुपू 152.00 कुल योग 2352.00
(ii)	**मद सं. I (v)** एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत उत्तर कथित प्रश्न में उठाए गए खास बिन्दु का उत्तर नहीं देता । इसलिए, एनएमपीटी 17 सितम्बर 2012 तथा 15 अक्तूबर 2012 को आयोजित मंडल की बैठकों के कार्यवृत्त में दर्ज न्यासियों की आंशकाओं और सरोकारों का खुलासा करने का अनुरोध करते हुए और प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों में प्रस्तावित वृद्धि की दृष्टि से न्यासियों द्वारा व्यक्त आशंकाओं और सरोकारों के साथ उनके विचारों कि पट्टेदारी किरायों में संशोधन 2015 से होना चाहिए और तब तक वर्तमान दर जारी रखने पर पत्तन के विचारों के साथ संक्षिप्त आलेख प्रस्तुत करने के अनुरोध के साथ हमारा प्रश्न फिर से दोहराया जाता है।	15.10.2012 को आयोजित मंडल की बैठक में अन्य हित न्यासियों (अदर इंटरैस्ट ट्रस्टीज़) का विचार था कि पट्टेदारी किरायों में संशोधन केवल 2015 से ही प्रभावी होना चाहिए और तब तक वर्तमान दरों को जारी रहने दिया जाए । किंतु पट्टेदारी किरायों में संशोधन, मंत्रालय द्वारा सूचित किये गए भूमि नीति मार्गदर्शियों के आधार पर है और उस पर सभी न्यासी सहमत थे तथा मंडल द्वारा इन्हें अनुमोदित किया गया था (बैठक का कार्यवृत्त संलग्न है)। पट्टेदारी किरायों के संशोधन के क्रियान्वयन की प्रभावी तिथि के संबंध में, प्राधिकरण को अन्य महापत्तनों के समान निर्णय लेना है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में एनएमपीटी ने कहा है कि अब भी उच्चतर मूल्यों पर विचार किया जाता है, एनएमपीटी में कारोबारी विकास नकारात्मक प्रभाव का हो सकता है । इसलिए, प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों पर अनुमोदन के लिए विचार किया जाए।
(iii)	**मद सं. I (i) (ए)** एनएमपीटी से विशेष रूप से अनुरोध किया गया था कि वह मूल्य निर्धारक द्वारा अनुमोदित भूमि के मूल्य के आधार पर प्रस्तावित पट्टेदारी किराये सुनिश्चित करने का यदि कोई कारण है हो तो बताए, जबकि मार्गदर्शी दरों के अनुसार पत्तन जमीनों का बाजार	संशोधित पट्टेदारी किरायों का मूल्यांकन करते समय पंजीकृत मूल्य निर्धारक द्वारा पत्तन की भूमि के मूल्यांकन के लिए, राज्य सरकार के रेडी रैक्नर की उच्चतर दरों पर और, उप पंजीयक के कार्यालय मंगलौर में दर्ज पत्तन की निकटवर्ती जमीनों के सौदों (की दरों पर) भी विचार किया गया है । कथित स्रोत,

	मूल्य जो राज्य सरकार के रेडी रैक्नर से प्राप्त किया गया बताया गया है। सबसे अधिक देखा गया है। इस संबंध में जैसाकि इससे पहले, पहले ही बताया जा चुका है, विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास, कांडला पत्तन न्यास और यहाँ तक कि कोलकाता पत्तन न्यास जैसे कुछ अन्य महापत्तन न्यासों के पट्टेदारी किराया संशोधन प्रस्तावों को फाइनल करते समय प्राधिकरण ने दृष्टिकोण अपनाया है कि महापत्तनों के लिए भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त सभी विकल्पों के अंतर्गत जमीनों के बाजार मूल्यों पर विचार किया जाना चाहिए और जो भूमि मूल्यांकन इसके लिए सबसे ज्यादा लाभकारी हो, उसी के आधार पर पट्टेदारी किराए निकाले जाने चाहिए। पत्तन न्यास के लिए पट्टेदारी किराया सबसे ज्यादा लाभकारी हो, उसी के आधार पर पट्टेदारी किराये निकाले जाने चाहिए। पत्तन न्यास के लिए पट्टेदारी किराया सबसे ज्यादा लाभाकारी हो इसके लिए, यह अन्य सभी फैक्टरों में से उच्चतम बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित होना चाहिए। इस प्रसंग में, एनएमपीटी से प्रस्ताव को फिर से देखने और उसकी समीक्षा करने के लिए कहा गया था। प्रत्युत्तर में, एनएमपीटी ने सामान्य रूप से कह दिया है कि उसका प्रस्ताव व्यवस्थित है और उसने उठाए गए विशिष्ट प्रश्न को संबोधित किए बिना कह दिया कि प्रस्तावित संशोधन पंजीकृत मूल्य निर्धारक की रिपोर्ट के अनुसार है। इसलिए एनएमपीटी से अपने प्रस्ताव को फिर से देखने का और अन्य महापत्तन न्यासों के पट्टेदारी किरायों के मामले में प्राधिकरण द्वारा अपनाए गए नजरिये के अनुरूप भूमि के उच्चतम बाजार मूल्य के आधार पर पट्टेदारी किराये प्रस्तावित करने का अनुरोध किया गया।	कर्नाटक स्टैम्प्स एक्ट 1957 और कर्नाटक स्टैम्प्स रूल्स 1958 में अनुबंधित प्रावधानों के आधार पर भूमि का युक्ति-युक्त बाजार मूल्य सुनिश्चित करने हेतु मूल्य निर्धारक के लिए प्रामाणिक डाटा है। प्राधिकरण ने कहा है कि पत्तन न्यास के लिए सर्वाधिक लाभाकारी पट्टेदारी किराये सुनिश्चित करने के लिए भूमि के इससे भी उच्चतर मूल्यों पर विचार किया जाना चाहिए था। 15.10.2012 को आयोजित न्यासी मंडल की बैठक के संकल्प से यह दिखायी पड़ता है कि अदर इन्टरैस्ट ट्रस्टीज का विचार था कि विचाराधीन संशोधन, एनएमपीटी के प्रस्ताव के अनुसार फरवरी 2012 से प्रभावी किये जाने के बजाय 2015 से प्रभावी किया जाना चाहिए। यदि अब भी भूमि के उच्चतर मूल्यों पर विचार किया जाता है तो एनएमपीटी में कारोबारी विकास पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। इसलिए, प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों पर अनुमोदन के लिए विचार किया जा सकता है।
(iv)	**<u>मद सं. II (ii) (ए) और (बी)</u>** एनएमपीटी का उत्तर पूछे गए प्रश्न का उत्तर नहीं देता। एनएमपीटी से एक बार फिर यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदत्त आवासीय भवन, वाणिज्यिक भवन, फ्लैट्स / अपार्टमैंट्स और कृषि भूमि (खेत, फार्म आदि) के मूल्य एनएमपीटी की जमीन का बाजार मूल्य निर्धारित करने के लिए कैसे प्रासंगिक है। इसके अलावा जैसा पहले बताया गया है, यह स्पष्ट नहीं है कि पैनंबुर, कुडुपु आदि विभिन्न गांवों / सड़कों जैसी लोकेशनों के लिए प्रदत्त राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के अनुसार भूमि का मूल्यांकन (मूल्यांकन रिपोर्ट में पृष्ठ 80 से 86 तक) किस प्रकार विकल्प-I - राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के तहत भूमि का बाजार मूल्य सुनिश्चित करने हेतु उपयोग किया गया है। एनएमपीटी इस संबंध में विस्तृत गणनाएं प्रस्तुत करें। ऐसा करते हुए एनएमपीटी, मूल्यांकन रिपोर्ट में पृ.सं. 134 से157 पर प्रदर्शित विभिन्न बिक्री सौदों से विकल्प-II के अधीन बिक्री सौदों के आधार पर भूमि के बाज़ार मूल्य को सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत गणनाएं भी प्रस्तुत करे।	यहाँ यह उल्लेख करना है कि पत्तन संपदा से संबंधित भूमि की कोई बिक्री नहीं है। पत्तन की निकटवर्ती भूमि के मूल्य पर पट्टेदारी किराये सुनिश्चित करने के लिए विचार किया गया है। जैसा कि प्राधिकरण द्वारा मुद्दा उठाया गया था, पत्तन की जमीनों का मूल्य निर्धारण करने के लिए आवासीय भवनों, वाणिज्यिक भवनों, फ्लैट्स अथवा अपार्टमैंट्स इत्यादि के मूल्यों पर विचार नहीं किया गया है। मूल्य निर्धारक द्वारा पत्तन के पड़ोस में जमीन के लगने योग्य मूल्यों पर विचार किया गया था।
(v)	**<u>मद सं.II (iii) (क)</u>** 3 वर्षों के बिक्री सौदों के औसत और भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार 2% वार्षिक वृद्धि लागू करने के बजाय केवल एक वर्ष 2011-12 के बिक्री मूल्य पर विचार करने हेतु कारण जानते हुए हमारे प्रश्न के जवाब में, यह बताते हुए कि अपनाया गया नजरिया पिछले प्रशुल्क संशोधन में एनएमपीटी द्वारा अपनाए गए नजरिये के समान है, जो जून 2010 के पिछले प्रशुल्क आदेश में प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया था, उपरोक्त बिंदु में उठाए गए विशिष्ट प्रश्न का उत्तर देने के लिए एक बार फिर अनुरोध किया जाता है।	उप-पंजीयक का कार्यालय, मंगलौर में दर्ज बिक्री सौदे, जो मूल्य निर्धारक की रिपोर्ट के पृष्ठ 134 से 157 पर प्रस्तुत हैं, 2009-10, 2010-11 और 2012-13 की अवधि (के वर्षों) के लिए हैं। इन डाटाओं के आधार पर, डाटा आधार वर्ष 2011-12 के लिए भूमि मूल्यों को तय करने के लिये विचार किया गया था क्योंकि संशोधन 2012-2017 की अवधि के लिए देय है।

(vi)	**मद सं.II(v)(क)** दिनांक 28 मार्च 2013 के हमारे पत्र में उठायी गई उपरोक्त मद पर एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत उत्तर उठाए गए प्रश्न का उत्तर नहीं देता और इसलिए, हमारा प्रश्न दोहराया जाता है।	कुडुपु और बोन्डेल स्थित भूमि का मूल्यांकन, मूल्यांकन रिपोर्ट के पृष्ठ 64 से 77 पर है। यह उल्लेख किया जाना है कि ये क्षेत्र केवल ग्रेनाइट पत्थर की खुदाई/खनन और वनरोपण के लिए (चिह्नित) हैं। इन खदानों का उपयोग पत्तन के ब्रेक-वाटर्स के निर्माण हेतु पत्थर निकालने के लिए किया जाता है। आसपास के क्षेत्र पत्तन के प्रचालन-क्षेत्र भी नहीं हैं। इसलिए, केवल मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार ही भूमि के मूल्यांकन पर विचार किया गया है।
(vii)	**मद सं.II (vi)** इस बिंदु पर प्रश्न में दिए कारणों से एनएमपीटी से, स्टील, सीमेंट, प्लेट, एचएसडी इत्यादि के 2007-2012 से, थोक मूल्य सूचकांकों के आधार पर सुपर स्ट्रक्चर दरों में 30.2% की वृद्धि लागू करके विकास लागत पर विचार करने के इसके प्रस्ताव की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। यह भी उल्लेख किया गया था कि पिछले पांच वर्षों में अर्थात 2007-2012 से पत्तन संपदा की लोकेशनों के विकास में पत्तन द्वारा व्यय की गई वास्तविक लागत अधिक प्रासंगिक होगी और, इसलिए, एनएमपीटी से अपने प्रस्ताव की जांच पड़ताल और समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। एनएमपीटी ने उठाए गए विशिष्ट प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है। एनएमपीटी ने, 11वीं पंचवर्षीय योजना स्कीम की तुलना में पत्तन द्वारा व्यय किया गया वास्तविक पूंजी व्यय की एक प्रति अग्रेषित की है। कथित दस्तावेज़ अन्य विभिन्न पत्तन परियोजनाओं के संबंध में पूंजीगत व्यय को तो समाहित करता है किंतु इन छः लोकेशनों में पत्तन संपदा के लिए व्यय की गई वास्तविक विकास लागत के बारे में कुछ नहीं बताता। एनएमपीटी से एक बार फिर अनुरोध है कि वह इस संबंध में, हमारे द्वारा उठाए गए विशिष्ट बिंदु को संबोधित करे।	
(viii)	**मद सं.(vii)** पिछले प्रशुल्क आदेश में, कुडुप स्थित खुले क्षेत्र के लिए अनुमोदित पट्टेदारी किराया रु.1136.92 प्रति 100 वर्गमीटर प्रतिमाह है जिसे यदि विधिवत बढ़ाया जाए तो 19 फरवरी 2012 को रु.1230.64 प्रति 100 वर्गमीटर प्रतिमाह हो जाता है। इसके मुकाबले, एनएमपीटी ने कुडुप स्थित खुले क्षेत्र के लिए 20 फरवरी 2012, पिछले प्रभाव से पट्टेदारी किराया रु.1111.96 प्रति वर्गमीटर प्रतिमाह प्रस्तावित किया है जिसका अर्थ हुआ 19 फरवरी 2012 को प्रचलित पट्टेदारी किराये से 9.65% कम एनएमपीटी से खुले क्षेत्र के लिए केवल इसी भूमि के लिए पट्टेदारी किराए में कभी प्रस्तावित करने का कारण बताने का अनुरोध है ।	मूल्य निर्धारक द्वारा तय किया गया भूमि मूल्य जीएलआर पर और कुडुप पत्थर खदान के आसपास/पड़ोस के क्षेत्र के लिए उप-पंजीयक कार्यालय में दर्ज सौदों पर था। विचाराधीन अवधि के लिए में कुडुप क्षेत्र में उच्चतर मूल्य के लिए कोई भी सौदे दर्ज नहीं पाए गए । जीएलआर दरें भी कम पायी गई हैं जो मूल्यांकन के लिए विचार की गई अवधि के लिए परिवर्तनीय हैं।

9. इस प्रकरण में परामर्श के संबंध में कार्यवाही का विवरण इस प्राधिकरण के कार्यालय में रिकार्ड्स पर उपलब्ध है। प्राप्त टिप्पणियों और संबद्ध पक्षों द्वारा दी गई दलीलों का सार-संक्षेप प्रासंगिक पक्षों को अलग से भेजा जाएगा। ये विवरण हमारे वैबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

10. इस प्रकरण पर प्रक्रिया करने के दौरान संग्रहित सूचना की समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभरती है:-

(i) न्यू मंगलौर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) के लिए वर्तमान किराया अनुसूची 20 फरवरी 2007 से 19 फरवरी 2012 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए इस प्राधिकरण द्वारा दिनांक 16 जून 2010 के इसके आदेश के माध्यम से अनुमोदित की गई थी।

(ii) पत्तन न्यासों से संबंधित जमीनों के पट्टेदारी किराए निर्धारित करने के प्रयोजन से इस प्राधिकरण को मार्च 2005 में सरकार द्वारा जारी प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 8 के माध्यम से समय-समय पर सरकार द्वारा जारी भूमि नीति मार्गदर्शियों का अनुपालन करने का आदेश प्राप्त है।

एनएमपीटी ने महापत्तन न्यासों के लिए भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 का अनुसरण करते हुए 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक पांच वर्षीय अवधि के लिए पत्तन भूमि के पट्टेदारी किराये में संशोधन के लिए सितंबर 2012 में अपना प्रस्ताव दाखिल किया है।

मंगलौर रिफाइनरी एंड पैट्रोकैमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) आईएमसी लिमिटेड, ऍसोसिएशन ऑफ न्यू मंगलौर पोर्ट स्टीवेडॅर्स (एएनएमपीएस) जैसे कुछ उपयोक्ताओं ने कहा है कि महापत्तनों के लिए भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 को अभी तक मंत्रीमंडल (केबिनेट) द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है और अभी लंबित/रोका हुआ है और इसलिए अनुरोध है कि एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव को भी स्थगित/रोककर रखा जाए । उपयोक्ताओं ने अपनी दलील के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया था। एनएमपीटी ने एक से ज्यादा अवसरों पर स्पष्ट रूप से पुष्टि की है कि भारत सरकार में पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी महापत्तनों के लिए भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 रोककर नहीं रखी गई हैं। पोत परविहन मंत्रालय ने अपने पत्र सं. पीटी-11033/4/2009-पीटी दिनांक 4 मार्च 2011 में जिसके अधीन महापत्तनों के लिए भूमिनीति मार्गदर्शी 2010 अग्रेषित किए गए थे, साफ-साफ कहा है कि सभी महापत्तनों के मामले में कथित मार्गदर्शी 13 जनवरी 2011 से प्रभावी /लागू हैं । प्रशुल्क मार्गदर्शी 2005 की धारा 8 के अनुसार इस प्राधिकरण को, महापत्तन न्यासों के पट्टेदारी किराये संशोधित करने के लिए, पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी भूमि नीति मार्गदर्शियों का अनुपालन करने का आदेश प्राप्त है यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि इस प्राधिकरण ने भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 का अनुपालन करते हुए, कोलकाता पत्तन न्यास कोच्चिं पत्तन न्यास, मुर्गाव पत्तन न्यास, वी.ओ.चिदंबरनार पत्तन न्यास आदि स्थित पत्तन जमीनों के पट्टेदारी किराए संशोधित करते हुए आदेश पारित किए हैं। इसलिए, केवल इस विशेष मामले में एनएमपीटी जमीनों के पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए प्रस्ताव को रोके रखने हेतु कुछ पट्टेदारों द्वारा किए गए निवेदन में कोई अच्छाई/गुण नहीं पाया गया है।

(iii) एनएमपीटी ने, भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 का अनुपालन करते हुए पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए प्रस्ताव दाखिल किया है जब प्रस्ताव पर पहले ही कार्रवाई की जा चुकी थी और समस्त परामर्शी प्रक्रिया और संयुक्त सुनवाई पूरे हो गए थे और इस प्रकरण पर अंतिम कार्रवाई होने ही वाली थी, भारत सरकार में पोत परिवहन मंत्रालय ने, जनवरी 2014 में महापत्तनों के लिए संशोधित भूमि नीति मार्गदर्शी 2014 घोषित कर दी जो 2 जनवरी 2014 से लागू कर दी गई । इस विषय मे निम्नलिखित बिंदु विशेष उल्लेख के लिए प्रस्तुत हैं:-

(क) संशोधित भूमिनीति मार्गदर्शी जनवरी 2014 में जारी किए गए थे। पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव 2012 से 2017 तक की अवधि के लिए है। यह देखा

जा सकता है कि अवधि का एक हिस्सा 2014 के मार्गदर्शियों की घोषणा से पहले का है और अवधि का कुछ भाग 2014 के मार्गदर्शियों की घोषणा के बाद का है ।

(ख) जैसाकि ऊपर पहले ही बताया जा चुका है, 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार सितंबर 2012 में एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव पर 2010 के मार्गदर्शियों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई की गई थी । प्रासंगिक स्टेक-होल्डरों के साथ समस्त परामर्शी प्रक्रिया के साथ-साथ संयुक्त सुनवाई 2014 के नए मार्गदर्शियों की घोषण से पहले आयोजित किए गए थे।

(ग) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3(i) के अनुसार भूमिका बाज़ार मूल्य, कथित मार्गदर्शियों मे प्रदत्त पांच फैक्टरों से लागू होने वाले फैक्टरों पर विचार करते हुए निर्धारित किया जा सकता है और पट्टेदारी किराया, इस तरह निर्धारित भूमि के बाज़ार मूल्य के 6% पर तय किया जाना है । इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित भूमि पट्टेदारी किराये पर 2% की वार्षिक वृद्धि लगायी जानी है।

(घ) जनवरी 2014 के संशोधित भूमि नीति मार्गदर्शियों का पैरा 18 (ए) भूमि आबंटन समिति द्वारा 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त पांच फैक्टरों पर आधारित भूमि के बाज़ार मूल्य के निर्धारण के लिए कार्यविधि को बरकरार रखता है किंतु पट्टेदारी किराये के निर्धारण के लिए भूमि के उच्चतम मूल्यांकन पर विचार करने की सिफारिश करता है। यदि भूमि आबंटन समिति भूमि के उच्चतम मूल्य का चयन नही करती है तो इसे इसके कारण लिखित में दर्ज करने होंगे । 2014 के संशोधित मार्गदर्शी पट्टेदारी किराये निर्धारित करने के लिए वही 6% की प्रतिशतता प्रदान करते हैं और पट्टेदारी किरायों में वार्षिक वृद्धि की दर भी 2% ही प्रदान की गई है । केवल एक अंतर है कि 2014 के संशोधित भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त ये प्रतिशतताएं न्यूनतम (निम्नतम) सीमाएं हैं।

(ङ) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के अधीन एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव मूल्यांकन के लिए कथित मार्गदर्शियों में गिनाए गए पांच फैक्टरों में से तीन फैक्टरों पर विचार करता है। चौथे फैक्टर पर विचार न करने के लिए एनएमपीटी ने कारण स्पष्ट किये हैं और मार्गदर्शियों में प्रदत्त पांचवा फैक्टर, मार्गदर्शियों में विशिष्ट रूप से न दिए गए किसी अन्य फैक्टर पर विचार करने के लिए पत्तनों के लिए सामान्य/आम लचीलापन है।

पट्टेदारी किराये निर्धारित करने के लिए, एनएमपीटी द्वारा पट्टेदारी किराये के संशोधन के लिए नियुक्त समिति ने, पट्टेदारी किरायों की समीक्षा के लिए गठित समिति द्वारा संस्तुत बाज़ार मूल्य पर 6% की दर से लागू करके भूमि के बाजार मूल्य की सिफारिश की है। 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के प्रावधानों का अनुपालन करते समय एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव भी 2014 के संशोधित भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त फैक्टरों का अनुगामी पाया गया है।

(च) ऊपर पैराग्राफ 10 (iii) (क), (ख), (ग), (घ) और (ड.) में वर्णित स्थिति की दृष्टि से और साथ ही यह मानते हुए कि 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों में पट्टेदारी किराये के निर्धारण हेतु व्यापक सिद्धांत, 2014 के संशोधित भूमि नीति मार्गदर्शियों में भी बरकरार रखे गए हैं, यह विश्लेषण 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों का अनुसरण करते हुए सितंबर 2012 में एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव के आधार पर एनएमपीटी जमीनों के पट्टेदारी किराये तय करने के साथ आगे बढ़ता है, जैसा एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित है।

(iv) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3 (1) (ए) के अनुसार, पट्टेदारी किरायों में संशोधन के लिए इस प्राधिकरण को पत्तन द्वारा सिफारिश किया जाने वाला दरमान, मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्णित समिति जिस की अध्यक्षता पत्तन न्यास का अध्यक्ष करेगा, को करनी है।

एनएमपीटी ने अध्यक्ष (एनएमपीटी) की अध्यक्षता के अधीन समिति का गठन किया गया है जिसमें उप-अध्यक्ष, मुख्य अभियंता (सिविल) और अधीक्षण अभियंता (सिविल-1) इस समिति के अन्य सदस्य होंगे। यह समिति पत्तन न्यास जमीनों के लिए संशोधित पट्टेदार किराये की समीक्षा और उसकी सिफारिश करेगी।

अध्यक्ष, एनएमपीटी की अध्यक्षता के अधीन पत्तन द्वारा गठित समिति ने मूल्य निर्धारक द्वारा प्रस्तुत भूमि मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार किया है और उसने 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के प्रावधानों के अनुसार दरों की सिफारिश की है। इस प्रकार, एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव जिसके साथ सरकार मान्य मूल्य निर्धारक की मूल्यांकन रिपोर्ट और संशोधित दरों की सिफारिश करने वाली, पत्तन द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट जिसे एनएमपीटी मंडल का अनुमोदन भी प्राप्त है, की एक-एक प्रति भी संलग्न है, 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुपालन में पाया गया है तथा इसलिए, इस प्रकरण पर कार्रवाई करने के लिए उस पर विश्वास किया जाता है।

(v) (क) भूमि नीति मार्गदर्शी, स्पष्ट रूप से, पत्तन जमीनों का बाज़ार मूल्य और पट्टेदारी किराया निर्धारित करने हेतु अपनाए जाने वाली प्रक्रिया और कार्यविधि प्रदान करता है । भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3 (1) (ए) के अनुसार भूमि के बाजार मूल्य का निर्धारण समिति द्वारा (i) राज्य सरकार के रेडी रैक्नर का मूल्य, (ii) 2% वार्षिक वृद्धि जोड़ते हुए पत्तन के पड़ोस/आसपास में जमीनों के पिछले तीन वर्षों में प्रासंगिक वास्तविक बिक्री सौदों की औसत दर, (iii) सदृश सौदे के लिए पत्तन जमीनों का उच्चतम स्वीकृत निविदा मूल्य (iv) सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित दर और (v) कोई भी अन्य प्रासंगिक फैक्टर जो पत्तन द्वारा अपनाया/पहचाना जाए, जैसे सभी फैक्टरों अथवा इनमें से किसी एक फैक्टर पर विचार करते हुए किया जाना है।

(ख) समिति ने भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त तीन विशिष्ट विकल्पों, यथा, राज्य सरकार के रेडी रैक्नर की दरें-मार्गदर्शी दरें (जीएलआर), उप-पंजीयक कार्यालय, मंगलौर में दर्ज बिक्री सौदे और सरकार मान्य (अनुमोदित) मूल्य निर्धारक द्वारा निर्धारित दर के अंतर्गत भूमि के बाजार मूल्य पर विचार किया है। दिखाई देता है कि समिति की रिपोर्ट भी पत्तन द्वारा आमंत्रित निविदाओं के आधार पर भूमि के मूल्यांकन को सारणीबद्ध करती है। निविदा-आमंत्रण आधार पर आबंटित भूमि से संबंधित डाटा 1996 से 2007 तक की अवधि से संबंधित है। पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई भी निविदा जारी नहीं की गई थी और इसलिए, भूमि के मूल्य निर्धारण के लिए पत्तन द्वारा इस विकल्प पर विचार नहीं किया गया है। इस स्थिति पर विश्वास किया गया है। एनएमपीटी ने भूमि का मूल्यांकन, भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त पांचवे विकल्प के संदर्भ से भी नहीं किया है जो विचार करने हेतु एक सामान्य फैक्टर है—यदि कोई अन्य प्रासंगिक फैक्टर, प्रासंगिक लगे तो। इस प्रकार, एनएमपीटी ने अन्य तीन विकल्पों, यथा, राज्य सरकार की रेडी रैक्नर दरें, वास्तविक प्रासंगिक बिक्री सौदे और एक अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा निर्धारित दर के आधार भूमि के बाजार मूल्य पर पर विचार किया है।

भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 में प्रदत्त फैक्टरों में से एक है, पत्तन के पड़ोस में पिछले तीन वर्षों में पंजीकृत वास्तविक प्रासंगिक सौदों की औसत दर और उस पर 2% वार्षिक वृद्धि, के विकल्प पर विचार करना। एनएमपीटी का प्रस्ताव कहता है कि इस विकल्प के अंतर्गत भूमि का मूल्य वर्ष 2011-12 के संदर्भ से/में बिक्री सौदों के आधार पर निर्धारित किया गया है। इसलिए एनएमपीटी से, भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 में अनुबंधित कथित धारा से अलग जाने के कारणों को स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था। शुरू में एनएमपीटी ने बताया कि यह पिछली/गत अवधि 2002-2007 के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दर के अनुसार है। इस संबंध में यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पिछले प्रशुल्क आदेश के पैरा 9.1 में इस प्राधिकरण ने

एनएमपीटी से, उनके द्वारा बताए गए उच्चतम बिक्री मूल्य के बजाय तीन वर्षों के लिए औसत बिक्री सौदा ढूंढने का अनुरोध किया था । 2007 से 2012 तक की अवधि के लिए जून 2010 के पिछले आदेश में इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पट्टेदारी किराया, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत मूल्य निर्धारक की रिपोर्ट द्वारा प्रदत्त भूमि के मूल्य पर आधारित है। इसलिए एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत यह बिंदु कि इस प्राधिकरण ने पिछले आदेश में उच्चतम बिक्री सौदे के आधार पर इसके नजरिये का अनुमोदन किया था, तथ्यात्मक स्थिति को प्रतिबिम्बित नहीं करता, अतः अस्वीकार किया जाता है।

बाद में, इस नजरिये के अंतर्गत भूमि का मूल्य निर्धारण करते समय, मार्गदर्शियों से अलग जाने पर प्रतिक्रिया हेतु एनएमपीटी से इसके वर्तमान प्रस्ताव पर बात की गई तो पत्तन ने स्पष्ट किया कि मूल्य निर्धारक की रिपोर्ट में प्रस्तुत उप-पंजीयक का कार्यालय, मंगलौर में दर्ज बिक्री सौदे 2009-10, 2010-11 और 2012-13 से अवधि/ (के वर्षों) के लिये हैं। इन वर्षों के लिए डाटा के आधार पर, प्रासंगिक सौदों पर आधार वर्ष 2011-12 के लिए भूमि मूल्यों के निर्धारण के लिए विचार किया गया था क्योंकि संशोधन 2012-2017 की अवधि के लिए अपेक्षित बाकी है। यहां यह बताना प्रासंगिक है कि भूमि नीति मार्गदर्शी अपेक्षा करते हैं कि पिछले 3 वर्षों में पत्तन के आसपास/पड़ोस में वास्तविक प्रासंगिक सौदों के औसत के आधार पर भूमि मूल्य पर विचार किया जाए (और) इसमें 2% वार्षिक वृद्धि भी विधिवत की जाए। यह प्राधिकरण केवल वर्ष 2011-12 के बिक्री सौदों पर विचार करने में एनएमपीटी द्वारा अपनाए गए नजरिये से सहमत नहीं है जबकि मार्गदर्शी अपेक्षा करते हैं कि पिछले तीन वर्षों में पत्तन के पड़ोस में औसत बिक्री सौदे पर, उसमें 2% वार्षिक वृद्धि विधिवत करते हुए विचार किया जाए । एनएमपीटी द्वारा प्रदत्त किसी विस्तृत गणना के अभाव में अथवा मूल्यांकन रिपोर्ट में (किसी ऐसी ही गणना के अभाव में) कि प्रत्येक लोकेशन में विभिन्न क्षेत्रों के लिए भूमि के मूल्यांकन से, इस विकल्प के तहत भूमि मूल्यांकन फाइनली कैसे निर्धारित किया गया है, इस संबंध में कोई शुद्धि कर पाना संभव नहीं है। फिर भी, फाइनल किराये का निर्धारण इस विकल्प के अंतर्गत आकलित भूमि मूल्य पर तो आधारित नहीं है।

दि कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लिमि. (केआईओसीएल) ने सुझाव दिया है कि बैकम्पैडी और पनंबुर गांव में केआईएडीबी से संबंधित भूमि का बाज़ार मूल्य जो औसतन केवल रु.20.00 लाख प्रति एकड़ है और नवीनतम/ताजातरीन संशोधित दर केवल रु.30.00 लाख प्रति एकड़ पर विचार किया जाना चाहिए, उसे गिना जाना चाहिए।

एनएमपीटी ने केआईओसीएल द्वारा की गई इस प्रस्तुति को दृढ़तापूर्वक अस्वीकार कर दिया है। एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि केआईएडीबी द्वारा भूमि को पट्टेदारी पर देने का प्रयोजन मंगलौर में उद्योग जगत को प्रोत्साहित करना है और वह पत्तन सेवाओं के लिए जहां पत्तन और सुविधा से योजकता (संबंध) पट्टेदारों द्वारा उपयोग किये गए हैं। एनएमपीटी द्वारा प्रदत्त स्थिति पर विश्वास किया जाता है।

(ग) भूमि का मूल्यांकन छः लोकेशनों, यथा, पॅनम्बुर गांव, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 66 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड और वाणिज्यिक यार्ड, तन्नीर बावी, कुडुपु और बोन्डेल के लिए किया जा चुका है। इससे आगे, प्रत्येक लोकेशन के लिए भूमि मूल्य का निर्धारण तीन क्षेत्रों, यथा, मुख्य सड़क से लगती हुई भूमि, क्रॉसरोड से सटी हुई भूमि और भीतरी क्षेत्रों के लिए आकलित किया जाता है राज्य सरकार के रेडी रैक्नर, उप-पंजीयक का कार्यालय, मंगलौर में दर्ज वास्तविक प्रासंगिक बिक्री सौदों और अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा मूल्यांकन से प्राप्त मार्गदर्शी दरों (जीएलआर) पर आधारित ऊपर वर्णित 6 लोकेशनों के लिए समिति द्वारा विचार किए गए भूमि मूल्यांकन की तुलनात्मक स्थिति नीचे सारणीबद्ध है:—

(रु. लाख प्रति एकड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्र	विकल्प -1 राज्य सरकार का रेडी रैक्नर (जीएलआर)			विकल्प -2 उप-पंजीयक का कार्यालय मंगलौर में दर्ज बसली बिक्री सौदे			विकल्प -3 अनुमोदित भूमि मूल्य निर्धारक		
		विकसित भूमि (प्रति एकड़)			विकसित भूमि (प्रति एकड़)			विकसित भूमि (प्रति एकड़)		
		मुख्य सड़क से सटा	क्रास रोड से सटा	भीतरी क्षेत्र	मुख्य सड़क से सटा	क्रास रोड से सटा	भीतरी क्षेत्र	मुख्य सड़क से सटा	क्रास रोड से सटा	भीतरी क्षेत्र
1	पानमबुर गांव	**180.00**	150.00	120.00	131.00	91.70	65.50	155.50	120.85	92.75
2	मार्शलिंग यार्ड	150.00	120.00	90.00	**167.00**	116.90	83.50	158.50	118.45	86.75
3	वाणिज्यिक यार्ड रा.रा.मार्ग - 66 के साथ	**210.00**	150.00	90.00	199.00	139.30	99.50	204.50	144.65	94.75
4	तन्नीरबावी	**150.00**	90.00	75.00	143.00	100.10	71.50	146.50	95.05	73.25
5	कुडुपु	70.00	60.00	60.00	**110.00**	77.00	55.00	90.00	68.50	57.50
6	बोन्डेल	90.00	75.00	60.00	**100.00**	70.00	50.00	95.00	72.50	55.00

(vi) (क) ऊपर वर्णित तीन विकल्पों के अंतर्गत किये गए भूमि के मूल्यांकन से, एनएमपीटी ने समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुमोदित मूल्य निर्धारक द्वारा प्रदत्त भूमि के मूल्यांकन पर विचार किया है। इस विकल्प के तहत तीन क्षेत्रों, यथा, मुख्य सड़क से सटा क्रॉस रोड से सटा और भीतरी क्षेत्र के लिए भूमि का मूल्यांकन, तीन क्षेत्रों, यथा, पत्तन से सटे क्षेत्र में भूमि के उच्चतम मूल्य को पट्टेदारी किराये निर्धारित करने के लिए बाजार मूल्य माना गया है। यह समिति की सिफारिशों पर आधारित है।

कनाडा चैम्बर ऑफ कॉमर्स (सीसीसी) तथा अन्य जैसे कुछ पट्टेदारों ने कहा है कि तीन क्षेत्रों यथा भूमि के अधिकतम मूल्य के रूप में क्रॉस रोड से सटे क्षेत्र के मूल्य अथवा भीतरी क्षेत्र के मूल्य की बजाय मुख्य सड़क से सटे हुए क्षेत्र के मूल्य पर विचार करना भूमि मूल्यांकन के विरुद्ध है। उन्होंने उच्चतम/अधिकतम के बजाय तीनों क्षेत्रों के औसत भूमि मूल्य पर विचार करने का सुझाव दिया है। एनएमपीटी ने यह कहते हुए उपयोक्ताओं की दलील का विरोध किया है कि भूमि के बाज़ार मूल्य का निर्धारण, भूमि के बाज़ार मूल्य निर्धारण करने के लिए पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 के अनुसार फैक्टरों के आधार पर सुनिश्चित की गई है। इस प्रयोजन के लिए नियुक्त स्वतंत्र मूल्य निर्धारक ने बाज़ार मूल्य, आसपास की भूमि के सौदों, जमीनों के उपयोग और उनकी उपयोगिता आदि सभी पक्षों पर विचार करने के बाद भूमि का मूल्य निर्धारित किया है जिसकी जांच परख, पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए पत्तन द्वारा नियुक्त समिति द्वारा की गई है। यहां यह बताना प्रासंगिक होगा कि उपयोक्तों ने इस बात का कोई वैध कारण नहीं दिया है कि मुख्य सड़क से सटे क्षेत्र के भूमि मूल्य के आधार पर अन्य दो क्षेत्रों (क्रासरोड से सटे और भीतरी क्षेत्रों) के लिए भूमि के मूल्य पर किया जाना किस प्रकार, यह सुझाव देने के सिवाय कि यह औसत पर आधारित होना चाहिए न कि उच्चतम पर, भूमि मूल्यांकन के खिलाफ है। असल में, इस प्राधिकरण ने अन्य महापत्तनों के पट्टेदारी किरायों के संशोधन में, जैसाकि बात के पैराग्राफ में समझाया गया है, विचार व्यक्त किया है कि पट्टेदारी किराया, पत्तन द्वारा उसको अंगीकार करते हुए निर्धारित किया जाना चाहिए जो पत्तन के लिए सबसे ज्यादा लाभकारी हो।

इसलिए, प्रत्येक लोकेशन के अँतर्गत तीनों क्षेत्रों में से मुख्य सड़क से सटे भूमि के मूल्य के रूप में उच्चतम भूमि मूल्य को लेने की, समिति की सिफारिश के आधार पर एनएमपीटी द्वारा अपनाया गया नजरिया, अन्य मामलों में इस प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप पाया गया है ।

(ख) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों का कहना है कि भूमि के बाजार मूल्य का निर्धारण भूमि नीति मार्गदर्शियों में सूचीबद्ध फैक्टरों में से लागू होने वाले फैक्टरों पर विचार करते हुए निर्धारित किया जा सकता है, जैसाकि पिछले पैराग्राफों में पहले ही स्पष्ट किया गया है । कोच्चिं पत्तन न्यास (सीओपीटी) और विशाखापत्तनम पत्तन न्यास (वीपीटी) के पट्टेदारी किराया प्रस्तावों को क्रमशः दिनांक 4 मई 2010 और दिनांक 29 नवम्बर 2010 के आदेशों के माध्यम से अनुमोदन प्रदान करते हुए इस प्राधिकरण ने आग्रह किया था कि एक पत्तन न्यास के लिए यह उचित होगा कि वह भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त सभी विकल्पों के अंतर्गत बाजार मूल्य का आकलन करें और उनमें से इस एक के आधार पर पट्टेदारी किराया का निर्धारण करे जो उसके लिए सर्वाधिक लाभकारी हो । यहाँ तक कि कोलकात्ता पत्तन न्यास (केओपीटी) के मामले में भी, पट्टेदारी किराये के संशोधन के लिए आदेश सं. टीएएमपी/40/2011-केओपीटी दिनांक 14 फरवरी 2012 पर कार्रवाई करने से पहले इस प्राधिकरण ने पत्तन से आग्रह किया था कि वह अपनी समस्त संपदाओं के बाजार मूल्य का भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त सभी विकल्पों के तहत पुनर्मूल्यांकन करे और उनमें से जो उसके लिए सर्वाधिक लाभकारी हो, उसके आधार पर पट्टेदारी किराए तय करे ।

उपरोक्त से यह दिखाई देता है कि पनंबुर गांव, वाणिज्यिक यार्ड और तन्नीर बावी क्षेत्रों के लिए पहले विकल्प अर्थात राज्य सरकार के रेडी रैक्नर के तहत भूमि का बाजार मूल्य अधिकतम है । जबकि मार्शलिंग यार्ड, कुडुपु और बोन्डेल क्षेत्रों के लिए, वास्तविक बिक्री सौदों की दर के आधार पर भूमि का बाजार मूल्य सर्वाधिक पाया गया है ।

तथापि, एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव, एन्एमपीटी द्वारा नियुक्त सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा निर्धारित भूमि के बाजार मूल्य के आधार पर पट्टेदारी किरायों का संशोधन मांगता है । यहाँ यह कहना प्रासंगिक होगा कि सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा सुनिश्चित प्रत्येक लोकेशन के लिए भूमि का बाजार मूल्य उच्चतम नहीं है बल्कि अन्य दो मूल्यांकनों का औसत मालूम पड़ती है । चूंकि पट्टेदारी किरायों के संशोधन के लिए एनएमपीटी द्वारा दाखिल प्रस्ताव उस मूल्यांकन पर आधारित नहीं है जो पत्तन के लिए सर्वाधिक लाभकारी होगा अर्थात तीनों विकल्पों के बाजार मूल्यों में से उच्चतम पर आधारित नहीं है, ऊपर संदर्भित अन्य मामलों में इस प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप, दिनांक 23 मार्च 2013 के हमारे पत्र के जरिये एनएमपीटी को सलाह दी गई थी कि वह अन्य महापत्तन न्यासों (के सदृश्य मामलों) में इस प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप अपने प्रस्ताव का पुनरीक्षण एवं समीक्षा करें। चूंकि एनएमपीटी का प्रत्युत्तर, उठाए गए बिंदुवार प्रश्न का उत्तर नहीं देता एनएमपीटी को दिनांक 10 अप्रैल 2014 के हमारे पत्र के माध्यम से पुनः सलाह दी गई कि वह सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा निर्धारित मूल्यांकन पर, जिसे उच्चतम नहीं पाया गया है, विचार करने की बजाय भूमि के उच्चतम बाजार मूल्य के आधार पर अपने प्रस्ताव को संशोधित करने का विचार करे । एनएमपीटी ने इस विषय में 15 अक्तूबर 2012 को इसके मंडल द्वारा अपनी बैठक में लिए गए निर्णय की ओर इस प्राधिकरण का ध्यान आकर्षित किया है । पट्टेदारी किराये में प्रस्तावित संशोधन पर न्यासियों की चिंता और सरोकार से अवगत करा देने के न्यासी मंडल द्वारा किए गए खास अनुरोध की नजर से एनएमपीटी ने 15 अक्तूबर 2012 को हुई न्यासी मंडल की बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति संलग्न की है इस बैठक के कार्यवृत्त दर्शाते हैं कि, समिति की सिफारिशों के आधार पर पट्टेदारी किराये के संशोधन के लिए एनएमपीटी के प्रस्ताव को अग्रेषित करने हेतु अनुमोदन प्रदान करते समय न्यासी मंडल ने पट्टेदारी किरायों में वृद्धि के कारण एनएमपीटी स्थित कारोबारी विकास के बारे में न्यासियों की आशंका और उनके सरोकार को दर्ज किया है । इसी को देखते हुए, न्यासियों ने विचार व्यक्त किया है कि पट्टेदारी किरायों में संशोधन भी वर्ष 2015 से प्रभावी किया जाना चाहिए और तब तक वही दरें जारी रहने देनी चाहिएं ।

एनएमपीटी ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि वर्तमान प्रस्ताव में इसके द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किरायों में संशोधन के लिए भी, मंडल ने पत्तन के कारोबारी विकास पर अपनी आशंका व्यक्त की है। एनएमपीटी ने आशंका व्यक्त की है कि यदि पट्टेदारी किरायों को और अधिक संशोधित किया गया तो इसका पत्तन के कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव होगा । एनएमपीटी द्वारा की गई उपरोक्त प्रस्तुतियों की दृष्टि से और विशेषकर पट्टेदारी किराया तय करने के लिए प्रत्येक लोकेशन के लिए भूमि का उच्चतम बाजार मूल्य एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित स्तर से पट्टेदारी किरायों में चढ़ता हुआ/बदलता हुआ संशोधन करवाएगा जो कथित रूप से पत्तन के कारोबारी विकास पर विपरीत प्रभाव डालेगा, यह प्राधिकरण केवल इस विशेष मामले में, एनएमपीटी के विवेक – निर्णय पर पूरी तरह विश्वास करते हुए, अनुमोदित (सरकार मान्य) मूल्य निर्धारक द्वारा प्रदत्त भूमि के मूल्य के आधार पर पट्टेदारी किराये के संशोधन हेतु इसके प्रस्ताव को स्वीकार करता है।

(ग) संयोगवश, भूमि नीति मार्गदर्शी 2014 जबकि ये पट्टेदारी किरायों के निर्धारण के लिए भूमि के उच्चतम बाजार मूल्य को गिनने/पर विचार करने की सिफारिश करके हैं, ये भूमि आबंटन समिति को एक विकल्प देते हैं कि वह उच्चतम से इतर/के अलावा कुछ और चुनले और उसका/ के कारण लिखित में दर्ज कर दे । तात्कालिक मामले में, भूमि नीति मार्गदर्शी, 2010 के अंतर्गत, एनएमपीटी द्वारा, पट्टेदारी किरायों के संशोधन हेतु नियुक्त समिति ने, सरकार मान्य मूल्य निर्धारक द्वारा प्रदत्त भूमि के मूल्यांकन पर जो अधिकतम नहीं है, आधारित पट्टेदारी किरायों की सिफारिश की है। एनएमपीटी ने अपने सरोकार या चिंता के साथ-साथ एनएमपीटी के मंडल के न्यासियों की आशंका व्यक्त की है कि यदि भूमि के उच्चतम मूल्य पर विचार किया गया तो यह पत्तन के कारोबार पर बहुत बुरा प्रभाव डालेगा।

(घ) इस प्रकार, तात्कालिक मामले में पत्तन द्वारा व्यक्त आशंका और एनएमपीटी के मंडल के कुछ न्यासियों द्वारा व्यक्त करोकार की दृष्टि से यह प्राधिकरण अन्य पत्तनों में स्थित पट्टेदारी किरायों को पत्तन के लिए सर्वाधिक लाभकारी मूल्यांकन के आधार पर संशोधित करते समय अपनाए गए सामान्य नजरिये से अलग जाने को प्रवृत्त है। एनएमपीटी द्वारा वर्णित स्थिति के मद्देनज़र, यह प्राधिकरण, केवल एक बारगी उपाय के रूप में, अनुमोदित (सरकार मान्य) मूल्य निर्धारक द्वारा प्रदत्त भूमि के मूल्यांकन जो नियुक्त समिति की भी सिफारिश है पर आधारित पट्टेदारी किराये में संशोधन हेतु पत्तन के प्रस्ताव को स्वीकार करता है। अत्यधिक सावधानी बरतते हुए यह उल्लेख किया जाता है कि इस विचलन को, भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 के अधीन प्रसंस्कारित पट्टेदारी किराए के संशोधन के संदर्भ से किसी अन्य महापत्तन न्यास द्वारा उद्घृत नहीं किया जाना चारिए। उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्रत्येक लोकेशन के लिए भूमि मूल्य, एनएमपीटी द्वारा सिफारिश किये गए स्तर पर ही विचार किया जाता है।

(vii) (क) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3(1) के अनुसार वार्षिक पट्टेदारी किराया भूमि के बाजार मूल्य के 6% पर निर्धारित किया जाना है। एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराया भूमि नीति मार्गदर्शियों में अनुबंधित के अनुसार भूमि के बाजार मूल्य पर 6% लागू करके निर्धारित किया गया है। चूंकि भूमि मूल्यांकन प्रति एकड़ आधार पर किया गया है, 100 वर्ग मीटर प्रति माह पर प्रस्तावित पट्टेदारी किराया 1 एकड़ 4046.9 वर्ग मीटर का लागू परिवर्तन फैक्टर लागू करके सुनिश्चित किया गया है। उदाहरण के लिए रू. 155.50 लाख प्रति एकड़ पर पँनम्बुर स्थित भूमि के मूल्य के लिए पट्टेदारी किराया रू. 1921.22 प्रति 100 वर्ग मीटर / मासिक, 6% रिटर्न (प्रति लाभ) लागू करके निर्धारित किया गया है । अर्थात 155.50 x 100,000 x 6% /12/ 4046.90 x 100 = रू. 1921.22 प्रति 100 वर्ग मीटर / माह । तदनुसार, एनएमपीटी द्वारा विभिन्न लोकेशनों के लिए निर्धारित भूमि के पट्टेदारी किराये निम्नानुसार हैं—

रू. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह

लोकेशन	पत्तन द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराया 20.02.2013 से प्रभावी करने के लिए (भूमि के खुले क्षेत्र के लिए)
पँनंबुर गांव	1921.22
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड	1958.29
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ वाणिज्यिक यार्ड	2526.63
तन्नीर बावी	1810.03
कुडुपु	1111.96
बोन्डेल	1173.74

(ख) ऊपर निर्धारित पट्टेदारी किराया खुले क्षेत्र के लिए प्रस्तावित है । एनएमपीटी ने पक्के फर्श वाले क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र के लिए भी पट्टेदारी किराया प्रस्तावित किया जिस पर आगामी पैराग्राफ में विचार विमर्श किया गया है । इस बीच, दिनांक 16 जून 2010 के पिछले संशोधन आदेश में खुले क्षेत्र के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पट्टेदारी किराया लागू 2% वार्षिक वृद्धि पर 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढ़ाया हुआ पट्टेदारी किराया, और भूमि के खुले क्षेत्र के लिए प्रस्तावित पट्टेदारी किराए की तुलनात्मक स्थिति नीचे सारणीबद्ध है –

लोकेशन	**पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित पट्टेदारी किराया (20.02.2012 से प्रभावी**	**19.02.2012 को विधिवत बढ़ाया गया पट्टेदारी किराया**	**भूमि मूल्य पर 6%रिटर्न लागू करके 20.02.2007 को एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराया**	**19.02.2007 को विधिवत बढ़े हुए पट्टेदारी किराये के संदर्भ से मांगी गई प्रतिशत वृद्धि या कमी**
पँनंबुर गांव	**1393.78**	**1508.67**	**1921.22**	**27.35**
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड	**1430.60**	**1548.53**	**1958.29**	**26.46%**
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ वाणिज्यिक यार्ड	**1653.61**	**1789.92**	**2526.63**	**41.16%**
तन्नीर बावी	**911.81**	**986.97**	**1810.03**	**83.39%**
कुडुपु	**1136.92**	**1230.64**	**1111.96**	**-9.64%**
बोन्डेल	**822.98**	**890.82**	**1173.74**	**31.76%**

(ग) ऊपर प्रदत्त सारणी 19 फरवरी 2012 को लागू विधिवत बढ़ाए गए पट्टेदारी किराए के संदर्भ से पँनम्बुरगांव राष्ट्रीय राज मार्ग-17 के साथ मार्शलिंग यार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग -17 के साथ वाणिज्यिक यार्ड, तन्नीर बावी, और बोन्डेल के लिए क्रमशः 27.35%, 26.4%, 41.16%, 83.39% और 31.76% की वृद्धि पर खुले क्षेत्र केलिए पट्टेदारी किराये में संशोधन दर्शाती है । एमआरपीएल, आईओसीएल आदि जैसे, कुछ उपोयक्ताओं ने तन्नीर बावी के पट्टेदारी किराये में लगभग 80% की एकाएक सीधी वृद्धि पर आपत्ति व्यक्त की है जो अन्य लोकेशनों के लिए मांगी गई पट्टेदारी किरायों में 26.46 से 41.16% तक की वृद्धि की तुलना में उच्चतर है। एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि पिछले कुछ वर्षों से तन्नीर बावी में हो रहे औद्योगिक विकासों के कारण इस क्षेत्र में भूमि मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हो गई है । पिछले 2 वर्षों में इस क्षेत्र में अनेक सौदे हो चुके हैं और ये सौदे इंगित करते हैं कि तन्नीर बावी में भूमि मूल्य 2 से 3 गुना ऊपर जा चुका है (बढ़ चुका है)। मूल्यांकन रिपोर्ट से यह देखा जा सकता है कि सभी तीनों विकल्पों, यथा राज्य सरकार के रेडी रैक्नर, बिक्री सौदों और अनुमोदित मूल्य निर्धारक के अधीन तन्नीर बावी के लिए भूमि का मूल्य एक दूसरे के बहुत नजदीक हैं अर्थात क्रमशः रू. 150 लाख प्रति एकड़, रू. 143

लाख प्रति एकड़ और रू. 146.50 लाख प्रति एकड़ । चूंकि, सभी तीनों विकल्पों के अधीन तन्नीर बावी के भूमि मूल्य में अधिक अंतर / उतार – चढ़ाव नहीं है और इस क्षेत्र में मूल्यांकन में वृद्धि के लिए एनएमपीटी द्वारा वर्णित स्थिति की दृष्टि से, यह प्राधिकरण इस मामले में पत्तन द्वारा की गई प्रस्तुति पर विश्वास करता है और पत्तन द्वारा तन्नीर बावी के लिए प्रस्तावित स्तर पर पट्टेदारी किराये जो भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार भूमि-मूल्यपर 6% का रिटर्न लागू करके निर्धारित किये गए हैं, अनुमोदित करता है ।

(घ) कुडुपु भूमि के लिए पट्टेदारी किरायों के संबंध में देखा गया है कि प्रस्तावित पट्टेदारी पर 20 फरवरी 2012 को लागू पट्टेदारी किराये में 9.64% का गिरावटी संशोधन है ।

केवल इस लोकेशन के लिए पट्टेदारी किराये में कमी (गिरावट) के लिए एनएमपीटी से पूछे गए एक विशिष्ट प्रश्न के उत्तर में एनएमपीटी ने स्पष्ट किया था कि कुडुपु एनएमपीटी संपदा से 07 किलोमीटर दूर स्थित है और पत्तन के ब्रेक वाटर्स के निर्माण हेतु पत्थर निकालने के लिए प्रयुक्त होता है । इस लोकेशन में भूमि का उपयोग कथित रूप से केवल पत्तन के प्रचालनीय प्रयोजनों के लिए होता है । इस क्षेत्र के आसपास, अधिक विकास की सूचना नहीं है । एनएमपीटी ने भी सूचित किया है कि मार्गदर्शी दर और कुडुपु पत्थर खदान क्षेत्र के आस पड़ोस के संदर्भ में प्राप्त अभिलेखित सौदों में विचाराधीन अवधि के लिए कुडुपु हेतु भूमि के उच्चतर मूल्य के अवसर / घटनाएँ दर्ज नहीं करते । यह भी मान्य करना होगा कि इस भूमि के बाजार मूल्य की भी समिति द्वारा सिफारिश की गई है । इसलिए, यह प्राधिकरण भूमि के बाजार मूल्य पर 6% रिटर्न लागू करके जैसा एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित है, कुडुपु के साथ-साथ खुले क्षेत्र हेतु पट्टेदारी किराये को अनुमोदित करता है । अन्य चार लोकेशनों के लिए खुले क्षेत्र का पट्टेदारी किराया जो 2010 भूमि नीति मार्गदर्शी के अनुसार 6% रिटर्न लागू करके निर्धारित किया गया है, भी अनुमोदित किया जाता है ।

(viii) (क) दिनांक 16 जून 2010 के पिछले आदेश में एनएमपीटी के लिए अनुमोदित वर्तमान पट्टेदारी किराया छः लोकेशनों में से प्रत्येक के लिए खुले क्षेत्र, पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र हेतु पट्टेदारी किराया प्रदान करता है। एनएमपीटी ने वर्तमान प्रस्ताव में भी, खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराये में संशोधन मांगा है ।

(ख) पक्का फर्श क्षेत्र के लिए एनएमपीटी द्वारा निर्धारित पट्टेदारी किराया खुले क्षेत्र के लिए प्रस्तावित संशोधित पट्टेदारी किराये और पिछले आदेश में पक्का फर्श क्षेत्र के लिए ढांचा हेतु अनुमोदित दर के जोड़ और उस पर 30.2% की वृद्धि है। 30.2% की वृद्धि फैक्टर कथित रूप से 2007 से 2012 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए सीमेंट, स्टील, प्लेट्स, एचएसडी के थोक मूल्य सूचकांकों (डब्ल्यूपीआई) में उतार-चढ़ाव के आधार पर एनएमपीटी द्वारा निर्धारित किया गया है । यही नजरिया छः लोकेशनों में से प्रत्येक के लिए ढके हुए क्षेत्र हेतु संशोधित पट्टेदारी किराया निर्धारित करने हेतु अपनाया गया है ।

यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 सुपर स्ट्रक्चरों के मूल्यांकन के लिए अथवा निर्माण हेतु पट्टेदारी किराये कोई फैक्टर अथवा विधि का उल्लेख नहीं करते । इसी समय यह भी स्वीकार किया जाना है कि पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित एनएमपीटी के पट्टेदारी किराए की प्रचलित अनुसूची, खुले क्षेत्र के लिए प्रदत्त पटेटादारी किराये की तुलना में पक्का फर्श क्षेत्र और ढके क्षेत्र के लिए अलग उच्चतर दर प्रदान करती है । इस प्रकार, यदि भूमि के लिए किराये इसके अपडेटेड मार्केट बाजार मूल्य के आधार पर संशोधित किए जाते हैं और निर्माणों के लिए किराए जो पहले से उनकी किराया अनुसूची में मौजूद है, अनछुए छोड़ दिए जाते हैं तो इससे एक विषम स्थिति उभर सकती है। इस विषम स्थिति में एक पट्टेदार को खुले क्षेत्र के लिए भूमि मूल्यों को अद्यतन करने की मद में बढ़े हुए किरायों का भुगतान करेगा जबकि निर्माण का पट्टेदार जो पक्का फर्श /ढके क्षेत्र पर 'वैल्यू एडेड' सेवाओं का मजा लेता है, उसे अपने निर्माणों / ढांचों के अवयव पर अपने किरायों में किसी वृद्धि का भुगतान नहीं करना पड़ेगा । कोलकत्ता पत्तन न्यास के मामले में, इस प्राधिकरण के गठन से पहले 1996 में भारत सरकार द्वारा कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस) के लिए अनुमोदित किराया अनुसूची ने पहले ही से निर्माणों के लिए दरें प्रदान की थीं। इसलिए, केओपीटी ने, जमीनों के लिए पट्टेदारी किराये में

संशोधन के लिए अपने प्रस्ताव में, जमीन के लिए दरों में संशोधन के साथ निर्माणों / ढांचों के लिए संशोधित दरों का अनुमोदन मांगा है । इस प्राधिकरण ने ऐसे ही कारणों से आदेश सं. टीएएमपी / 40 /2011- केओपीटी, दिनांक 14 फरवरी 2012 में केओपीटी की जमीनों के संशोधित पटटेदारी किराये अनुमोदित करते समय निर्माणों के लिए भी किराये संशोधित किए थे । केओपीटी मामले में पत्तन ने केडीएस स्थित निर्माणों के लिए हासिल मूल्य (घटाया हुआ मूल्य) भी प्रस्तुत किया है । कथित आदेश में इस प्राधिकरण ने निर्माणों पर उस समय वर्ष 2010 के प्रचलित किरायों में अधिकतम 30% की सीमा तक वृद्धि करते हुए संशोधित पट्टेदारी किराये अथवा केओपीटी द्वारा प्रस्तावित दर, इनमें से जो भी कम हो, अनुमोदित किए थे ।

तात्कालिक मामले में, एनएमपीटी ने, 2007 से 2012 तक की अवधि में निर्माण संबंधी सामग्री के थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्माण दर में 30.2% लागू की है । एनएमपीटी ने अभी तक बिंदुवार स्पष्ट नहीं किया है कि किस प्रकार उनके द्वारा विचार की गई निर्माण संबंधी सामग्री के थो.मू.सू. में वृद्धि दरों के संशोधन के लिए प्रासंगिक है । एनएमपीटी के मामले में, चूंकि पत्तन द्वारा प्रदत्त पक्का फर्श क्षेत्र और ढका हुआ क्षेत्र वहां पहले से मौजूद निर्माण हैं, 30.2% की थो.मू.सू. वृद्धि का कथित रूप से निर्माण सामग्री के संबंध में, लगाया जाना, प्रासंगिक नहीं पाया गया है । चूंकि पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2007-2012 में पत्तन संपदा की 6 लोकेशनों के विकास में पत्तन द्वारा व्यय की गई, यदि कोई की गई हो, वास्तविक लागत अधिक प्रासंगिक होंगी, एनएमपीटी से अपने प्रस्ताव की जांच पड़ताल करने और उसकी समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था । एनएमपीटी ने पत्तन द्वारा वहन किए गए वास्तविक पूंजी व्यय के समक्ष 11 वीं पंचवर्षीय योजना के तहत अनुमोदित प्लान स्कीम की एक प्रति अग्रेषित कर दी है । कथित दस्तावेज का अध्ययन करने पर यह दिखाई देता है कि पत्तन ने बर्थ का निर्माण टग्स / उपकरण इत्यादि प्राप्त करना जैसे विभिन्न अन्य पत्तन परियोजनाओं के संबंध में केपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) वहन किया है । पत्तन ने पिछले पाँच वर्षों में इन 6 लोकेशनों के संबंध में पत्तन संपदा के लिए व्यय की गई कोई भी वास्तविक विकास लागत यदि कोई हो, प्रदर्शित नहीं की है ।

पट्टेदारी किरायों के पिछले संशोधन के दौरान इस प्राधिकरण ने स्पष्ट रूप से देखा था कि हालांकि सुपर स्ट्रक्चर की लागत जोड़ने पर वह उस अनुपात में मूल्य वृद्धि न हो पाये, जिस अनुपात में भूमि के मूल्य में वृद्धि होती है । इस निमित्त तार्किक / न्याय संगत वृद्धि पर विचार करना आवश्यक है । पिछले प्रशुल्क आदेश में, पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराए में दो अवयव थे – एक भूमि के लिए पट्टेदारी किराया, दूसरा निर्माण / ढांचे के लिए पट्टेदारी किराया । भूमि के लिए पट्टेदारी किराया खुले क्षेत्र के लिए निर्धारित स्तर पर लिया गया था । निर्माण / ढांचे के लिए 6 लोकेशनों में से प्रत्येक के लिए 1 फरवरी 2007 को निर्माण अवयव के लिए किराये के बारे में खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराये में 40% की वृद्धि अनुमत की गई थी । पिछले प्रशुल्क आदेश में अपनायी गई इस कार्यविधि पर किसी भी उपयोक्ता अथवा एनएमपीटी ने कोई विरोधी / उल्टी टिप्पणी नहीं की । निर्माण के लिए पट्टेदारी किराये के संशोधन हेतु किसी स्पष्ट मार्गदर्शी के अभाव में, किंतु उसी समय वर्णन की गई इस स्थिति की दृष्टि से कि एनएमपीटी भूमि स्थित पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र पर निर्माण के लिए पट्टेदारी किराया भी संशोधित करना पड़ सकता है, पिछले प्रशुल्क आदेश में इस प्राधिकरण द्वारा अनुसरण किया गया नजरिया जिस पर पत्तन अथवा उपयोक्ताओं द्वारा विवाद नहीं उठाया गया है, वर्तमान संशोधन और इन दो क्षेत्रों पर निर्माण के संशोधन के संदर्भ से, लागू किया गया है । इस प्रकार, पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र के लिए भूमि अवयव के लिए पट्टेदारी किराया पिछले निर्धारण के अनुसार एनएमपीटी द्वारा अनुपालन किए गए नजरिये के अनुरूप खुले क्षेत्र के लिए निर्धारित पट्टेदारी किराये के स्तर पर लिया गया है । पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र में निर्माण अवयव के लिए भूमि अवयव के लिए पट्टेदारी किराया पिछले निर्धारण के अनुसार एनएमपीटी द्वारा अनुपालन किए गए नजरिये के अनुरूप खुले क्षेत्र के लिए निर्धारित संशोधित पट्टेदारी किराये के स्तर पर लिया गया है । पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र में निर्माण अवयव के

लिए 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढ़ाए गए निर्माण अवयव से अधिक, तद्नुरूप लोकेशन के खुले क्षेत्र के पट्टेदारी किराए में बढ़ोत्तरी के 40% पर विचार किया गया है । देखा गया है कि एनएमपीटी ने 19 फरवरी 2012 को निर्माण के लिए दर तक लाने के लिए 2% वार्षिक द्वारा विधिवत बढ़ाए बिना निर्माण दर में 30.2% की वृद्धि लागू की है जैसी कि पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित किया गया है । एनएमपीटी द्वारा अपनाया गया नजरिया सही नहीं पाया गया है क्योंकि पक्के फर्श और ढके क्षेत्र के लिए पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित दर पर 2% वृद्धि निर्माण अवयव पर भी लागू है । पिछले प्रशुल्क आदेश में भी निर्माण अवयव को 19 फरवरी 2007 को विधिवत बढ़ाया गया था और तब खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराये में प्रतिशत वृद्धि का 40% लगाया गया था। एक उदाहरण द्वारा समझने के लिए पनंबुर गांव में खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराये में निर्धारित वृद्धि पीछे पैरा 10(vii)(ख) में दी गई सारणी में 27.35% होते हुए सुपर स्ट्रक्चर की वृद्धि 10.94% मानी गई है अर्थात इस लोकेशन के लिए खुले क्षेत्र हेतु पट्टेदारी किरायों में 27.35% वृद्धि् का 40% पक्के फर्श वाले स्टेक याड्र्स और ढके हुए क्षेत्रों के लिए किराए तय करते समय, सभी चार लोकेशनों यथा रा.रा.राजमार्ग सं. 66 (या 17) के साथ मार्शलिंग यार्ड, वाणिज्यिक यार्ड, तन्नीर बावी और बोन्डेल में पक्के फर्श वाले स्टेक यार्ड और ढके हुए क्षेत्र के लिए किराये निर्धारित करने के लिए यही नजरिया अपनाया गया है ।

(ग) कुडुपु के विषय में खुले क्षेत्र के लिए प्रस्तावित पट्टेदारी किराया 20 फरवरी 2012 को विधिवत बढ़ाए हुए किराये की तुलना में 9.64% गिरावट दर्शाता है, जैसा कि पहले बताया गया था । इस विश्लेषण में विचार किए गए नजरिये अर्थात खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराए में प्रतिशत वृद्धि का 40% लागू करना, जैसा कि अन्य लोकेशनों के लिए किया गया है, यदि कुडुपु के मामले में किया गया तो वह निर्माण अवयव के लिए दर में कमी करने के बराबर होगा । यहाँ यह बताना प्रासंगिक होगा कि यद्यपि कुडुपु के लिए खुले क्षेत्र के संशोधित पट्टेदारी किराये में गिरावट /कमी करना प्रस्तावित है, एनएमपीटी ने कुडुपु क्षेत्र में पक्का फर्श क्षेत्र और ढके क्षेत्र हेतु निर्माण अवयव में 30.2% की वृद्धि प्रस्तावित की है । इसलिए, एनएमपीटी के प्रस्ताव का अनुसरण करते हुए कुडुपु में पक्का फर्श क्षेत्र और खुले क्षेत्र के लिए निर्माण अवयव को बढ़ाने की जरूरत होगी । अन्य पांच लोकेशनों के लिए पट्टेदारी किराए में प्रतिशत वृद्धि का 40% लागू करते हुए निर्माण अवयव के लिए दर में वृद्धि, पँनंबुर गांव, राष्ट्रीय राज मार्ग सं. 66 के साथ साथ मार्शलिंग यार्ड और वाणिज्यिक यार्ड, तन्नीर बावी और बोन्डेल लोकेशनों के लिए (क्रमशः) 10.94%, 10.58%, 16.46% 33.70% और 12.70% परिगणित होती है । उपरोक्त (वृद्धियों) में से निम्नतम प्रतिशत वृद्धि के रूप में 10.58% पर विचार करते हुए कुडुपु लोकेशन के लिए पक्का फर्श क्षेत्र और ढका हुए क्षेत्र के निर्माण दर में 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढ़ायी गई निर्माण दर से ऊपर 10% की वृद्ध पर विचार किया गया है ।

तन्नीर बावी के विषय में यह देखा जा सकता है कि इस लोकेशन के लिए खुले क्षेत्र हेतु पट्टेदारी किराए पर 40% की प्रतिशतता वृद्धि लागू करने के परिणामस्वरूप 33.36% वृद्धि हो जाएगी जो एनएमपीटी द्वारा विचार की गई वृद्धि 30.2% से ज्यादा है । जैसा कि पहले बताया गया है कि हमारे विश्लेषण में निर्माण के लिए दर पर प्रतिशतता वृद्धि पिछले प्रशुल्क आदेश के अनुसार 2% वार्षिक की विधिवत लागू वार्षिक वृद्धि दर पर विचार किए बिना पिछले प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित निर्माण अवयव पर 30.2% लागू करने की एनएमपीटी के नजरिये की बजाय 19 फरवरी 2012 को विधिवत निर्माण / बढ़ाई गई दर पर लगाई गई है । इस प्रकार, तन्नीर बावी के लिए पक्का फर्श क्षेत्र और खुला क्षेत्र हेतु 19 फरवरी 2012 को निर्माण अवयव के लिए विधिवत बढ़ाए गए दर के ऊपर 33.36% वृद्धि लगाने से निर्माण अवयव के लिए दर पक्का फर्श क्षेत्र के लिए रू. 1517.96 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह और ढके हुए क्षेत्र के लिए रू.

4770.12 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह परिगणित होगी जो एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित स्तर पक्का फर्श क्षेत्र के लिए रू. 1369.08 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह और ढके हुए क्षेत्र के लिए रू. 4302.27 प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह से ज्यादा है । चूंकि खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराये में प्रतिशतता वृद्धि का 40% लागू करके निर्माण हेतु दर, एनएमपीटी द्वारा तन्नीर बावी लोकेशन के लिए प्रस्तावित स्तर से ज्यादा आती है, यह उचित होगा कि पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र के लिए निर्माण अवयव हेतु पट्टेदारी किराये को एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित स्तर पर सीमित कर दिया जाए ।

(घ) खुला क्षेत्र, पक्का स्टेक याड्र्स और ढका क्षेत्र के लिए सभी 6 लोकेशनों हेतु संशोधित पट्टेदारी किराये की परिगणना संलग्नक –I (क) से I (च) के रूप में संलग्न है । एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराए और खुले क्षेत्र के लिए अनुमोदनार्थ संस्तुत का संक्षिप्त रूप पिछले पैराग्राफ में प्रस्तुत है और इसलिए यहाँ दोहराया नहीं गया है।

(ङ) पक्का फर्श क्षेत्र और ढके हुए क्षेत्र के लिए 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढाए हुए पट्टेदारी किराए, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित पट्टेदारी किराए, अनुमोदित पट्टेदारी किराए और 19 फरवरी 2012 को विधिवत बढाए हुए पट्टेदारी किरायों के ऊपर प्रतिशत वृद्धि का संक्षिप्त विवरण नीचे सारणीबद्ध दिया है ।

पक्का फर्श क्षेत्र के लिए **रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**

लोकेशन	19.02.2012 को प्रचलित पट्टेदारी किराया	20.02.2012 से प्रस्तावित पट्टेदारी किराया	19.02.2012 को विधिवत बढ़ाये गए पट्टेदारी किराए के ऊपर मांगी गई % वृद्धि	अनुमोदित पट्टेदारी किराया	19.02.2012 को विधिवत बढ़ाए गए पट्टेदारी किराये के ऊपर % वृद्धि
पँनंबुर गांव	2889.78	3582.42	23.97%	3453.42	19.50%
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड	2948.19	3641.80	23.53%	3506.03	18.92%
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ वाणिज्यिक यार्ड	3301.96	4345.29	31.60%	4287.55	29.85%
तन्नीर बावी	2125.21	3179.11	49.59%	3179.11	49.59%
कुड्डपु	2482.40	2617.58	5.45%	2488.90	0.26%
बोन्डेल	1984.37	2489.06	25.43%	2406.17	21.26%

ढके हुए क्षेत्र के लिए **रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**

लोकेशन	19.02.2012 को प्रचलित पट्टेदारी किराया	20.02.2012 से प्रस्तावित पट्टेदारी किराया	19.02.2012 को विधिवत बढ़ाये गए पट्टेदारी किराए के ऊपर मांगी गई % वृद्धि	अनुमोदित पट्टेदारी किराया	19.02.2012 को विधिवत बढ़ाए गए पट्टेदारी किराये के ऊपर % वृद्धि
पँनंबुर गांव	5848.72	7141.43	22.10%	6736.06	15.17%
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड	5946.89	7248.65	21.89%	6822.00	14.72%
राष्ट्रीय रा.मा. 17 के साथ-साथ वाणिज्यिक यार्ड	6541.42	8241.72	25.99%	8060.22	23.22%
तन्नीर बावी	4563.85	6112.30	33.93%	6112.30	33.93%
कुड्डपु	5163.94	5842.94	13.15%	5438.59	5.32%

बोन्डेल	4327.22	5307.07	22.64%	5046.56	16.62%

(ix) सुरक्षा दीवार के भीतर भूमि के आबंटन के लिए एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित, प्रस्तावित पट्टेदारी किराए के 10% अधिभार पर एमआरपीएल लिमि. और आईएमसी लिमि. जैसे कुछ उपयोक्ताओं ने आपत्ति व्यक्त की है। उनकी दलील (तर्क) है कि सरकार द्वारा मार्गदर्शी अधिभार लगाने का प्रावधान नहीं करते । एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा दीवार के भीतर का क्षेत्र, जो सीमाशुल्क अधिसूचित है, चौबीसों घंटे के औ.सु.ब. के कार्मिकों द्वारा संरक्षित है । लाइसैंस शुल्क का 10% पोतघाट क्षेत्र के भीतर भूमि के लिए, पत्तन द्वारा चौबीसों घंटे (रात दिन) प्रदत्त निगरानी को देखते हुए, अधिभार के रूप में लगाया जाता है और यह पट्टेदारी किराए की प्रचलित अनुसूची में पहले ही प्रदत्त है।

भूमिनीति मार्गदर्शी, मार्गदर्शियों में प्रदत्त फैक्टरों के आधार पर भूमि के बाजार मूल्य पर आधारित पट्टेदारी किराये के निर्धारण के लिए व्यापक मार्गदर्शी प्रदान करते हैं, जैसा एनएमपीटी द्वारा बताया गया है, प्रस्तावित अधिभार, सुरक्षा दीवार के भीतर सुरक्षा के रूप में पत्तन द्वारा विशिष्ट प्रदत्त सेवाओं को देखते हुए है । यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि सुरक्षा के दीवार के भीतर (के लिए) प्रदत्त पट्टेदारी किराए से अधिक 10% की लेवी एक दशक से भी ऊपर से चली आ रही है अर्थात आदेश सं.टीएएमपी/33/2003-एनएमपीटी दिनांक 20 जनवरी 2005 से और यह 16 जून 2010 को पारित पिछले संशोधन आदेश में भी था । एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के आधार पर और यह मानते हुए कि यह एनएमपीटी की किराया अनुसूची में एक प्रचलित वर्तमान प्रावधान है, इसे एनएमपीटी के प्रस्ताव के अनुसार जारी रखने की अनुमति प्रदान की जाती है।

एसोसिएशन ऑफ न्यू मैंगलोर पोर्ट स्टीवेडोर्स, मंगलौर कस्टम हाऊस एजेन्ट्स एसोसिएशन और न्यू मैंगलोर पोर्ट सीएंडएफ एसोसिएशन जैसी कुछ उपयोक्ता एसोसिएशनों ने बताया कि पत्तन दीवार के बाहर के लिए 5% सेवा प्रभार वसूल कर रहा है इन एसोसिएशनों द्वारा उठाए गए बिंदुओं से यह भी स्पष्ट नहीं है कि किन-किन सेवाओं के लिए यह प्रभार कथित रूप से वसूल किया जाता है। पत्तन ने इस बिंदु पर कोई बिंदुवार टिप्पणी नहीं की है। इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किराया अनुसूची एनएमपीटी के लिए पट्टेदारी किराया अनुसूची में ''सेवा प्रभार'' नाम के अंतर्गत कोई प्रशुल्क प्रदान नहीं करता ।

(x) एनएमपीटी ने एक नोट भी प्रस्तावित किया है कि प्रदत्त दरें 20 फरवरी 2012 से प्रभाव में आ जाएंगी और (उनकी) पांच वर्ष बाद समीक्षा की जाएगी। 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3(1)(घ) अनुबंध करती है कि दरमान का प्रत्येक पांच वर्ष संशोधन किया जाएगा। इसलिए प्रस्तावित नोट अनुमोदित किया जाता है। 20 फरवरी 2012 के पिछले प्रभाव से संशोधित पट्टेदारी किराये में संशोधन प्रदान करने हेतु आगामी पैराग्राफों में वर्णित कारणों से प्रस्तावित नोट स्वीकार किया जाता है।

(xi) 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार, इस प्राधिकरण द्वारा निर्धारित पट्टेदारी किराया, 2% वार्षिक की दर से स्वतः स्फूर्त वार्षिक वृद्धि पाने के अधीन है । एनएमपीटी ने यह बताने के लिए एक नोट प्रस्तावित किया है कि संशोधित किराया अनुसूची के क्रियान्वयन की प्रभावी तिथि से एक वर्ष पूरा होने के बाद 2% (चक्रवृद्धिय) वार्षिक की दर से किराये वृद्धि धारण करेंगे और बढ़ी हुई दरों को संबद्ध वर्ष के लिए प्रचलित अनुसूचित किराया माना जाएगा । किराया अनुसूची प्रत्येक पांच वर्ष के बाद संशोधन के अधीन है चूंकि पट्टेदारी किराया 20 फरवरी 2012 से प्रभावी किया गया है, अनुवर्ती या आगामी वार्षिक वृद्धि 20 फरवरी और उसके बाद से लागू होंगी। 2% वार्षिक वृद्धि किस अवधि से (कब से) लागू होगी और किस अवधि तक (कब तक) लागू रहेगी, किसी भी अस्पष्टता से बचने के लिए, यह इस नोट में स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है । अतएव, प्रस्तावित नोट यह बताने के लिए उपयुक्त रूप से सुधारा जाता है कि पट्टेदारी किराया 2% (चक्रवृद्धिय) वार्षिक की दर से 20 फरवरी 2013 से 19 फरवरी 2017 तक वार्षिक वृद्धि धारण करेगा। किराया अनुसूची प्रत्येक पांच वर्ष के बाद संशोधन के अधीन है, यह बताने वाला नोट, एनएमपीटी के प्रस्ताव के अनुसार शामिल किया जाता है।

(xii) पत्तन ने, वर्तमान शर्त कि एक माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर जमानत राशि ग्यारह माह तक के लाइसैंस हेतु आबंटन के समय लागू होगी, बरकरार रखने हेतु प्रस्ताव किया है। जमीन पूरी तरह खाली कर दिए जाने के बाद जमानत राशि, एनएमपीटी को देय कोई भी राशि समायोजित करने के बाद, लौटा दी जाएगी । चूंकि इस संबंध में, एनएमपीटी द्वारा एक विस्तृत शर्त अब प्रस्तावित है जिसका आगामी पैराग्राफ में वर्णन किया गया है, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित नोट सं.क (iv), दोहराव से बचने के लिए निकाला जाता है।

(xiii) वर्तमान किराया अनुसूची पाइप लाइनों/सेवा कन्ड्यूटों द्वारा घेरे गए क्षेत्र की लोकेशन पर लागू होने के रूप में खुले क्षेत्र के लिए पट्टेदारी किराया लगाना प्रदान करती है । अकेली पाइप लाइन अथवा पाइप लाइनों की अनेक परतों द्वारा, कन्ड्यूट पाइपों द्वारा और अनेक/एकाधिक उपयोक्ताओं द्वारा क्षेत्र घेरे जाने की स्थितियों में घेरा गया क्षेत्र निर्धारित करने की विधि भी दी गई है। एनएमपीटी ने पाइप लाइने/सेवा कन्ड्यूट बिछाने हेतु प्रस्तावित मार्ग अनुमति प्रभार से संबंधित मौजूदा प्रावधान बरकरार रखना प्रस्तावित किया है। इस प्रस्तावित प्रावधान के प्रति किसी उपयोक्ता ने कोई आपत्ति नहीं की, सिवाय एमआरपीएल के उसने प्वाइंट आउट किया है कि मौजूदा के साथ प्रस्तावित प्रावधान करता है कि यदि उपयोक्ता सिद्ध करता है कि जमीन के ऊपर का सतही क्षेत्रफल मैदान में पाइप लाइन के एक छोर से दूसरे छोर तक भौतिक रूप से उसके उनके पास नहीं है तो ऐसी पाइप लाइनों द्वारा घेरा गया क्षेत्रफल मार्ग अनुमति प्रभार के प्रयोजन से पाइप लाइन के व्यास और लम्बाई के गुणनफल का 50% गिना जाना चाहिए।

इसने सुझाव दिया है कि प्रभावित या सिद्ध करने का दायित्व उपयोक्ता का नहीं होना चाहिए क्योंकि एनएमपीटी यह लाभ किसी भी उपयोक्ता की ओर नहीं बढ़ाता है क्योंकि वे हमेशा से दावा करेंगे कि कब्जा उनके पास है । उसने यह तर्क देना चाहा है कि जहाँ कहीं भी मार्ग अनुमति प्रभार दिए जाते हैं, पत्तन चार दीवारी के भीतर और बाहर के भूक्षेत्र पत्तन के पास ही रहते हैं और इसलिए, सामान्य शर्त के रूप में यह बिंदु उठाया गया है, न कि उपयोक्ता के रूप में, ऐसे अधिकार को स्थापित अथवा सिद्ध करना इस संबंध में, यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि कथित प्रावधान जेएनपीटी, सीओपीटी आदि जैसे अन्य महापत्तनों के मामले में समान रूप से प्रदान किया गया है । असल में, पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी 2014 के भूमि नीति मार्गदर्शियों के साथ संलग्न, पाइप लाइन बिछाने हेतु मार्ग अनुमति के अधिकार के व्यापक नियम और शर्तें प्रदान करने वाले संलग्नक का पैरा 3 भी इस धारा को शामिल करता है । इसलिए प्रस्तावित प्रावधान में किसी बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं है, जो अन्य महापत्तन न्यासों में प्रदत्त के अनुरूप पाया गया है ।

(xiv) एनएमपीटी ने पोतघाट, पनडुब्बी पाइप लाइन आदि के निर्माण हेतु वाटर फ्रंट से सटी हुई जमीन के लिए मार्ग अनुमति के रूप में, लाइसैंस शुल्क के 50% पर वाटर फ्रंट प्रभार की लेवी आरम्भ करना प्रस्तावित किया है ।

एमआरपीएल ने प्रस्तावित लेवी पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है । उन्होंने कहा है कि जैसे ही उन्होंने एसपीएम संस्थापित किया, 17 कि.मी. (लम्बी) पंडुब्बी पाइप लाइन बिछा दी गई है और पत्तन द्वारा यह बात पहले नहीं बतायी गई थी । एमआरपीएल ने बताया है कि प्रस्तावित दर बिना विचार विमर्श और परस्पर सहमति के बिना और इसके द्वारा निवेश कर दिये जाने के बाद की है और निवेश पर विचार करते समय इस विषय में सहमति / स्वीकृत शर्तों / करार को बदलने के समान है । एमआरपीएल ने यह भी कहा है कि भूमि पट्टेदारी किराये के 50% के बराबर प्रस्तावित लेवी बहुत ज्यादा है और उसने इस दर को शुरू करने से परहेज करने का अनुरोध किया है ।

एनएमपीटी ने यह कहते हुए इस तर्क / दलील का विरोध करने का प्रयास किया है कि प्रस्तावित वाटर फ्रंट प्रभार, पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी भूमि नीति मार्गदर्शियों पर आधारित है । भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.3 (के) अनुबंधित करती है कि जल क्षेत्र के लिए लाइसैंस शुल्क, उसके साथ सटी जमीन / भूमि के लाइसैंस शुल्क का 50% होगा ।

प्रस्ताव को स्थगित करने हेतु एमआरपीएल द्वारा उठाए गए बिंदु के संबंध में यह कहना प्रासंगिक है कि एमआरपीएल भी स्वीकार करता है कि पनडुब्बी पाइप लाइन एनएमपीटी के जल क्षेत्र में बिछायी गई

हैं । इसका अर्थ हुआ कि इसके (एमआरपीएल) के एसपीएएम से तट तक तरल कार्गो के अंतरण के लिए पत्तन का जल क्षेत्र घेरा जा रहा है । यदि कोई उपयोक्ता पत्तन जल क्षेत्र घेरता है (उसका उपयोग करता है) तो कोई कारण नहीं है कि उसके जल क्षेत्र का उपयोग किये जाने की वजह से पत्तन को उससे अर्जित होने वाले राजस्व से क्यों वंचित रखा जाए ?

तात्कालिक मामले में भी निर्माण अर्थात पाइप लाइन पत्तन का जल क्षेत्र घेरे हुए है हालांकि वे पत्तन जल के नीचे डुबी हुई हैं । यह अनुबंधित करते समय कि वाटर फ्रंट के लिए लेवी सटी हुई भूमि (के लाइसैंस शुल्क) का 50% होना चाहिए । भूमि नीति मार्गदर्शी उस प्रयोजन अथवा उद्देश्य पर मौन है जिसके लिए वाटर फ्रंट का उपयोग किया जाना है अर्थात पोतघाट के निर्माण के लिए या पनडुब्बी पाइप लाइन बिछाने के लिए । इस प्राधिकरण ने जवाहर लाल नेहरू पत्तन न्यास (जेएनपीटी) में कंटेनर टर्मिनल के लिए कोच्चिं पत्तन न्यास (सीओपीटी) पर बहु-उपयोक्ता तरल टर्मिनल और कुछ अन्य मामलों में अपफ्रंट प्रशुल्क अनुमोदित करते समय भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त नजरिये का अनुपालन करते हुए अपफ्रंट प्रशुल्क के निर्धारण के लिए जल क्षेत्र हेतु लाइसैंस शुल्क पर विचार किया है । भूमि नीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त किसी विशिष्ट कार्यविधि की अनुपस्थिति में भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार (वाटर फ्रंट/ जल क्षेत्र के लिए) इसके साथ सटे भू क्षेत्र के पट्टेदारी किराये का 50% प्रभारित करने का प्रावधान करना गैर वाजिब नहीं होगा । इसलिए एनएमपीटी का प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है बशर्ते प्रस्तावित प्रावधान में यह कहते हुए बदलाव किया जाए कि पनडुब्बी पाइप लाइन पर पट्टेदारी किराया पाइप लाइन द्वारा घेरे गए उस क्षेत्र के लिए लागू होगा जिसका संगणन, भूमि पर मार्ग अनुमति प्रभारों के लिए प्रदत्त कार्यविधि पर आधारित होगा ।

जहाँ तक एमआरपीएल द्वारा उठाए गए मुद्दे की बात है कि यह उपयोक्ता की सहमति से नहीं है, यहाँ यह बताना प्रासंगिक है कि भूमि नीति मार्गदर्शियों के विषय में उपयोक्ताओं की सहमति प्राप्त करना अनुबंधित नहीं है । इस प्राधिकरण को भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार दर निर्धारित करने का आदेश प्राप्त है । भूमि नीति मार्गदर्शियों ने वाटर फ्रंट क्षेत्र निर्धारित करने की एक कार्यविधि (सूत्र) प्रदान किया है जिस पर विचार किया गया है । जहाँ तक पट्टेदारी करार के बारे में प्वाइंट के संबंध में बात है, यह प्राधिकरण अलग-अलग / व्यक्तिगत करार के लिए पट्टेदारी किराये निर्धारित नहीं करता । यह उपयोक्ताओं द्वारा प्राप्त पत्तन की सुविधाओं के लिए तय किया जाता है । किसी भी स्थिति में एक शर्त डाली गई है कि अनुमोदित संशोधन केवल तभी लागू होगा जब वर्तमान पट्टे / लाइसैंस में दरों के सावधिक संशोधन का प्रावधान है ।

(xv) एनएमपीटी ने प्रस्तावित पट्टेदारी किराये को शासित करने वाली कुछ दूसरी शर्तें भी प्रस्तावित की हैं । देखा गया है कि केवल दो शर्तों के सिवाय एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित अधिकतर शर्तें, कुछ छोटे-छोटे बदलावों के साथ (लगभग) वैसी ही हैं जैसी आदेश सं.टीएएमपी/32/2006-एनएमपीटी दिनांक 29 दिसंबर 2006 के माध्यम से अनुमोदित की गई थीं । इन परिवर्तनों/बदलावों से उस समय अनुमोदित शर्तों पर बुनियादी तौर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।

दिसंबर 2006 के आदेश में, इस प्राधिकरण ने कार्गो के भंडारण (ढेर लगाने) के लिए पट्टे पर/लाइसैंस पर दी भूमि हेतु पट्टेदारी किराये को शासित करने से संबंधित विस्तृत शर्तें और नियम अनुमोदित किए थे । किंतु जून 2010 में हाथ में लिए गए पट्टेदारी किराये के संशोधन के दौरान एनएमपीटी द्वारा ये शर्तें प्रस्तावित नहीं की गई थीं । इसलिए, इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आदेश में ये शर्तें शामिल नहीं थी । देखा गया हैं कि अधिसूचना सं.2/33/2007/ईबीएल.2 दिनांक 04.6.2007 के जरिए एनएमपीटी ने कर्नाटक राजपत्र में, आदेश दिनांक दिसंबर 2006 में इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित भूमि के आबंटन के लिए शर्तें और नियम अधिसूचित किए थे ।

इस प्रकार, यह लगता है कि अनायास ही ये शर्तें एनएमपीटी द्वारा पिछले प्रशुल्क संशोधन में प्रस्तावित नहीं की गई थीं और न ही इस प्राधिकरण के पिछले आदेश में, इसीलिए, शामिल की गईं । वर्तमान प्रस्ताव में एनएमपीटी ने इन शर्तों को कुछ बहुत ही हल्के-फुल्के परिवर्तनों के साथ शामिल किया है जिससे उस समय की अनुमोदित शर्तों पर कोई बुनियादी फर्क नहीं पड़ता है । यह पाया गया है कि एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित अधिकतर शर्तें, सीएचपीटी की पट्टेदारी किराया अनुसूची में प्रदत्त शर्तों जैसी ही हैं । इस प्रकार, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित शर्तें, उन कुछ शर्तों को छोड़कर, अनुमोदित की जाती हैं,

जो नई-नई प्रस्तावित हैं अथवा वे शर्तें जिन्हें 2010 के भूमिनीति मार्गदर्शियों में प्रदत्त प्रावधानों के संदर्भ में विश्लेषित करने की आवश्यकता है। ऐसी शर्तों का आगामी पैराग्राफों में विश्लेषण किया गया है।

(xvi) नोट(ग) में एनएमपीटी ने एनएमपीटी की भूमि के अतिक्रमण और अनधिकृत कब्जे तथा यातायात के आवागमन में रूकावट डालते हुए एनएमपीटी के रेलमार्गों, संयंत्रों, उपकरणों, पहुंच मार्गों इत्यादि पर सामान/कार्गो का ढेर लगाने के लिए दंडात्मक लाइसैंस शुल्क हेतु भी एक नोट प्रस्तावित किया है। पत्तन ने, ऐसा सामान/ढेर हटाने का नोटिस दिए जाने के बावजूद लाइसैंसी द्वारा अपना सामान/कार्गो न हटाने की स्थिति में, एनएमपीटी की संपत्ति को पहुंचे नुक्सान को ठीक करने की लागत के अतिरिक्त (लाइसैंसी से) तीन माह की अवधि तक, तीन माह से सात माह की अवधि तक और उसके बाद की अवधि के लिए लाइसैंस शुल्क का क्रमशः दो गुना, पांच गुना और दस गुना दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है।

2010 के भूमिनीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.3(जी), पट्टेदारी/पट्टे की समाप्ति/काल समाप्ति के बाद सुविधाओं के अनाधिकृत कब्जे के लिए प्रदत्त दर के तीन गुना पर जुर्माने का प्रावधान करता है। जब मार्गदर्शियों से विचलन के लिए कारण बताने के लिए कहा गया तो एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण/अनाधिकृत कब्जे वाले पत्तन के क्षेत्र से पट्टेदार/लाइसैंसी द्वारा अपना सामान/कार्गो हटाने हेतु पत्तन द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद ऐसा न कर पाने के लिए पत्तन का ऐसा श्रेणीबद्ध दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाना प्रस्तावित किया है। इसके अलावा, पत्तन ने कहा है यह राजपत्र अधिसूचना सं.2/33/2007/ईबीएल. 2 दिनांक 04.6.2007 जो इस प्राधिकरण द्वारा आदेश दिनांक 26 दिसंबर 2006 द्वारा अधिसूचित शर्तों के आधार पर एनएमपीटी द्वारा अधिसूचित की गई थी।

एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित कथित शर्त के संदर्भ से, यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि लाइसैंस प्रदान करने हेतु शर्तों के संबंध में नोट 2(ii) में सीएचपीटी में ठीक-ठीक ऐसा ही नोट प्रदान किया गया है, केवल एक अंतर है कि सीएचपीटी का प्रदत्त दंडात्मक लाइसैंस शुल्क केवल एक स्लैब (श्रेणी) अर्थात, जैसे-जैसे दिनों की संख्या बढ़ती जाए बिना श्रेणीबद्ध वृद्धि के दस गुना तक। केओपीटी में अनाधिकृत कब्जे के लिए दंडात्मक लाइसैंस शुल्क पहले 30 दिन की अवधि, अगले 30 दिन के माह के लिए और उसके बाद की अवधि (आदि) अवधियों के लिए (सामान्य लाइसैंस शुल्क के) क्रमशः दोगुना, पांच गुना और दस गुना दंडात्मक लाइसैंस शुल्क प्रदान किया गया है।

एनएमपीटी द्वारा, प्रस्तावित शर्त के लिए बल देते हुए, की गई प्रस्तुति की दृष्टि से और यह भी स्वीकार करते हुए कि दंडात्मक लाइसैंस शुल्क को लेवी के लिए समान प्रावधान इस प्राधिकरण द्वारा केओपीटी तथा सीएचपीटी के मामलों में और, साथ ही दिसंबर 2006 में स्वयं इसके (एनएमपीटी के) मामले में अनुमोदित किए जा चुके हैं, यह प्राधिकरण लाइसैंसी के (द्वारा) अनधिकृत कब्जे के लिए प्रस्तावित दंडात्मक लाइसैंस शुल्क अनुमोदित करती है। वास्तव में, एनएमपीटी में प्रदत्त दंड लाइसैंस शुल्क, अन्य दो पत्तनों के (दंडात्मक लाइसैंस शुल्क) की तुलना में थोड़ा-सा उदार है।

(xvii) (क) दिसम्बर 2006 के आदेश में अनुमोदित शर्तों में से एक (v) कहती है कि आबंटित भूमि / स्थान पर लाइसैंसी एक माह का लाइसैंस शुल्क (जमानत राशि) जमा करेगा और जब भूमि / स्थान वापिस किया जाता है तो यह जमा किया गया जमानत शुल्क वापिस किया जाएगा और भूमि / स्थान को (लाइसैंसी द्वारा) पूरी तरह खाली कर देने की तिथि और दस्तावेजों की प्रस्तुति की तिथि से 20 दिन के भीतर जमानत राशि वापिस करने में एनएमपीटी को देर हो जाए तो इसे 13% वार्षिक की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। एनएमपीटी ने शर्ते के पहले भाग को उसमें थोड़े से फेर बदल के साथ उसे बहाल / बरकरार रखने का प्रस्ताव किया है। फेर बदल है कि 11 (ग्यारह) माह तक के लाइसैंस के लिए आबंटन के समय एक माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर और 3 (तीन) वर्ष तक के लाइसैंस के लिए आबंटन के समय तीन माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर जमानत राशि देय होगी। ऊपर वर्णित मामलों के अलावा भूमि की पट्टेदारी के मामले में एक वर्ष (के पट्टेदारी किराये) के बराबर प्रतिदेय जमानत राशि लागू होगी अथवा पट्टेदारी 3 (तीन) वर्ष के पट्टेदारी किराये की राशि के बराबर की राशि की अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी प्रदान करेगा जो पट्टा अवधि के लिए वैध रहेगी।

भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.1(आई) वार्षिक पट्टेदारी के मामले में जमानत राशि के रूप में एक वर्ष का किराया प्रदान करती है । यह मासिक लाइसैंस आधार पर जमानत राशि के बारे में मौन है । एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि लाइसैंस के मामले में 1 माह की जमानत राशि की प्रस्तावित शर्ते 2010 के आदेश में अनुमोदित वर्तमान दरमान में पहले से प्रदत्त है और वही शर्त जारी रखने के लिए प्रस्तावित है ।

2010 के भूमि नीति मार्गदर्शी 11 महीने की अवधि के लिए लाइसैंस आधार पर पत्तन भूमि किराए पर चढ़ाने के बारे में जमानत राशि की वसूली पर मौन है । इस बात को स्वीकार करना होगा कि जमान राशि की वसूली, लाइसैंस द्वारा किसी प्रकार की चूक कर दिए जाने की स्थिति में, पत्तन के हितों की रक्षा करने के लिए है । देखा गया है कि चेन्नै पत्तन न्यास में, मासिक लाइसैंस के तहत आबंटित स्थान के लिए तीन माह के शुल्क की राशि के बराबर गारंटी प्रदान की जाती है । कोलकात्ता पत्तन न्यास के मामले में, जमीनों के मामले में एक वर्ष का किराया और निर्माणों / ढाचों के मामले में छः माह का किराया / लाइसैंस शुल्क जमानत राशि के रूप में वसूलने के केओपीटी के प्रस्ताव के बजाए इस प्राधिकरण ने मासिक लाइसैंस के 11 मामलों (लाइसैंसों) में उसी अवधि के लिए लाइसैंस शुल्क के बराबर जमानति राशि वसूल करना अनुमोदित किया है जितने महीनों के लिए लाइसैंस दिया गया है, यह स्वीकार करते हुए कि 11 माह तक के लाइसैंस के मामले में जमानत राशि उगाहने / वसूलने का प्रावधान सीएचपीटी, केओपीटी जैसे अन्य महापत्तन न्यासों में प्रदत्त है, जमानत राशि के रूप में एक माह के लाइसैंस शुल्क (वसूलने की) वर्तमान शर्त जारी रखने का एनएमपीटी का प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है । जैसा पहले बताया गया है चूंकि एक विस्तृत नोट एनएमपीटी द्वारा डाले जाने / शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित है, दोहराव से बचने के लिए केवल क (iv) के तहत लाइसैंस के मामले में जमानत राशि वसूलने से संबंधित अलग नोट निकाले / हटाये जाने के लिए प्रस्तावित है ।

तीन वर्षों तक के लाइसैंस के मामले में, तीन माह के लाइसैंस शुल्क (के बराबर) जमानत राशि वसूलने हेतु एक नोट शामिल करने के बारे में एनएमपीटी के प्रस्ताव के संबंध में यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि भूमि नीति मार्गदर्शी 2010 की धारा 6.1.1 के अनुसार लाइसैंस, अधिकतम 11 माह की अवधि के लिए दिया जा सकता है । ऐसी स्थिति में, तीन वर्ष तक के लाइसैंस के लिए तीन माह के लाइसैंस शुल्क (के बराबर जमानत राशि) प्रदान करने के बारे में एनएमपीटी का प्रस्ताव भूमि नीति मार्गदर्शियों में कथित प्रावधान के अनुरूप नहीं पाया गया है और इसलिए अनुमोदित नहीं किया गया है ।

भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.2.2.1 (आई) अपेक्षा करती है कि एक महापत्तन जमानत के रूप में एक वर्ष के किराये जमा रखे / करवाए और इसलिए, यदि पट्टेदारी 2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों में किए गए प्रावधान के अनुरूप पायी जाती है तो एक वर्ष की प्रतिदेय (रिफंडेबल) जमानत राशि की वसूली के लिए एनएमपीटी का प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है । प्रति देय जमानत राशि के रूप में एक वर्ष के पट्टेदारी किराये के बदले तीन वर्ष की अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी प्रस्तुत करने का विकल्प पट्टेदार को अनुमत / प्रदान करने के बारे में भूमि नीति मार्गदर्शियों में कोई उल्लेख नहीं है और एनएमपीटी ने, इसलिए यह नोट हटाना मान लिया है । प्रस्तावित हटाया जाना स्वीकार किया जाता है ।

प्रस्तावित नोट यह भी अनुबंध करता है कि (आबंटित) भूमि पूरी तरह खाली कर देने के बाद और एनएमपीटी के प्रति देय कोई राशि समायोजित करते हुए जमानत राशि वापिस कर दी जाएगी जो स्वीकार किया जाता है । यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि दिसम्बर 2006 के आदेश में अनुमोदित शर्तों में / के अनुसार एनएमपीटी द्वारा जमानत राशि की वापसी (रिफंड) में 20 दिन से अधिक का विलंब होने पर 13%वार्षिक दंड का ब्याज लगेगा । वर्तमान प्रस्ताव में, पत्तन ने, पत्तन द्वारा विलंबित धन वापसी के लिए दंड ब्याज से संबंधित कथित नोट निकाल दिया है । चूंकि दिसम्बर 2006 में अनुमोदित शर्त ने एनएमपीटी द्वारा विलंबित धन वापसी (रिफंड) पर (दंड) ब्याज का भुगतान प्रदान किया था और चूंकि एनएमपीटी, लाइसैंसी / पट्टेदार द्वारा लाइसैंस शुल्क / पट्टेदारी किराये के भुगतान में विलंब के मामले में 13% दंड ब्याज वसूल करना

प्रस्तावित करता है, (इसलिए) यदि विलंब उनकी (एनएमपीटी) तरफ से हो तो पत्तन के लिए ऐसा ही दंड ब्याज प्रदान करना अनुचित / गैर वाजिब नहीं होगा । इसलिए, इस संबंध में दिसम्बर 2006 के आदेश में अनुमोदित शर्त यह उल्लेख करते हुए फिर से बहाल की जाती है कि जिस तिथि को भूमि / स्थान पूरी तरह खाली कर दिया जाता है यदि उससे 20 दिन के भीतर जमानत राशि का वापसी भुगतान नहीं किया जाता है तो एनएमपीटी ऐसी विलंबित धन वापसियों पर 13% वार्षिक की दर से दंड-ब्याज का भुगतान करेगा ।

(ख) एमआरपीएल ने स्वयं जमानत राशि पर 12% की दर से ब्याज का भुगतान करने की मांग की है । एनएमपीटी ने यह कहते हुए एमआरपीएल के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है कि जमा राशि (जमानत राशि) पर ब्याज के भुगतान की कहीं कोई प्रक्रिया नहीं है । एनएमपीटी के दरमान में यह एक वर्तमान प्रचलित प्रावधान है । यह देखा गया है कि चेन्नई पत्तन न्यास (सीएचपीटी), कोलकात्ता पत्तन न्यास(केओपीटी) जैसे अन्य पत्तनों के दरमान में भी जमानत राशि पर ब्याज के भुगतान के लिए कोई प्रावधान नहीं है । वास्तव में, केओपीटी का दरमान स्पष्ट रूप से कहता है कि जमानत राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा । चूंकि एनएमपीटी स्थित प्रावधान अन्य पत्तनों में उपलब्ध प्रावधानों के अनुरूप पाया गया है, तो वर्तमान प्रावधान को जारी रखने का प्रस्ताव, अनुमत / स्वीकृत किया जाता है ।

(xviii) यदि लाइसैंसी भूमि / स्थान का कब्जा लेने की तिथि से 75 दिनों के भीतर पहला पोत लदान करने में असफल रहता है तो एनएमपीटी ने लौह अयस्क चूर्ण के निर्यात के लिए दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाना प्रस्तावित किया है । यह दंडात्मक लाइसैंस शुल्क तीन माह तक के लिए (सामान्य) लाइसैंस शुल्क का दो गुना तीन माह से 7 माह तक के लिए (सामा.लाइ.शु.का) चार गुना और उससे अधिक के विलम्ब के लिए (सा.ला.शु.के) दस गुना की दर से लगाया जाना प्रस्तावित है । पट्टेदारी किराया अनुसूची में प्रस्तावित शर्त की प्रासंगिकता स्पष्ट करने के हमारे प्रश्न के उत्तर में, जबकि प्रदत्त निःशुल्क अवधि से आगे कार्गो अधिक रूका रहने के लिए विलम्ब शुल्क प्रभार, एनएमपीटी के दरमान में पहले से दिया गया है, पत्तन ने स्पष्ट किया है कि दरमान प्रदत्त निःशुल्क अवधि के बाद भी, पारगमन आधार पर पोतघाट में पड़े हुए कार्गो के अधिक रुका रहने के लिए विलम्ब शुल्क प्रभार प्रदान करता है जो एक कार्गो संबंधी प्रभार है । यदि लौह अयस्क चूर्ण जैसे ढेर लगाने वाले कार्गो के लिए भूमि मासिक किराया आधार पर आबंटित की जाती है तो ऐसे विलम्ब शुल्क प्रभार नहीं लगाए जाते हैं बल्कि पक्षकार को प्रत्येक 75 दिनों में (के अंतर से) पोत लदान करवा देना चाहिए, अन्यथा पक्षकार को निष्क्रिय (नॉन परफार्मर) मानते हुए प्रस्तावित दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाया जाएगा ।

एनएमपीटी की वर्तमान पट्टेदारी किराया अनुसूची अथवा उस मामले में दिसम्बर 6 के आदेश में अनुमोदित शर्तें, ऐसी कोई शर्त प्रदान नहीं करते । असल में, दिसम्बर 2006 के आदेश से संबंधित प्रक्रियाओं के दौरान पत्तन ने कहा था कि लौह अयस्क के निर्यातक कार्गो को पोत लदान के बिना लगातार कई-कई महीनों तक रखे रहते हैं । इससे पत्तन की जमीन किसी अन्य उपयोक्ता को आबंटित करने में बाधा आती है । यह इस प्रसंग में है कि एनएमपीटी ने, भूमि के अनधिकृत कब्जे अथवा भूमि के अतिक्रमण अथवा इसके लाइसैंस की समाप्ति के बाद भूमि खाली न करने के मामले में 3 माह तक के (विलम्ब के लिए) लाइसैंस शुल्क का दो गुना, यदि विलम्ब 3 माह से 7 माह तक का हो तो चार गुना और उसके बाद की अवधि के लिए दस गुना की दर से, उस समय प्रचलित जुर्माने में एकाएक अत्यधिक वृद्धि प्रस्तावित की है । ये शर्तें दिसम्बर 2006 के आदेश में अनुमोदित की गई थीं जो अब वर्तमान किराया अनुसूची में पुनर्स्थापित / बहाल किए जाने हेतु प्रस्तावित हैं जो पहले से अनुमोदित हैं ।

यह स्वीकार / मान्य किया जाना है कि लाइसैंस शुल्क, प्रदत्त अवधि के लिए आबंटित क्षेत्र के लिए लागू है । चूंकि अनधिकृत कब्जे / भूमि के अतिक्रमण अथवा दिसम्बर 2006 के आदेश में अनुमोदित लाइसैंस क्षेत्र की समाप्ति के बाद भूमि न सौंपे जाने के लिए दंडात्मक लाइसैंस शुल्क बहाली के लिए पहले से प्रस्तावित हैं, 75 दिनों में लौह अयस्क चूर्ण के गैर-पोत लदान से जुडी दंडात्मक लाइसैस शुल्क के उसी स्तर की लेवी के लिए प्रस्तावित शर्त के पीछे का इरादा स्पष्ट नहीं है । इसलिए, प्रस्तावित शर्तों की प्रासंगिकता को स्पष्ट समझे बगैर और यह स्वीकार करते हुए कि अतिक्रमण/ भूमि के अनधिकृत कब्जे के

लिए दंडात्मक लाइसैंस शुल्क ऐसी स्थिति का ध्यान रख सकते हैं, जहाँ लाइसैंसी कार्गो के पोत लदान के बिना भूमि पर कब्जा किए रहता है (उसे घेरे रहता है), इस मोड़ पर प्रस्तावित शर्त अनुमोदित नहीं की जाती है ।

यदि एनएमपीटी को लगता है कि प्रस्तावित शर्त को प्रदान किया जाना बहुत जरूरी है तो यह उस शर्त को उचित ठहराने वाले प्रासंगिक विवरण के साथ एक भली भांति विश्लेषित प्रस्ताव दाखिल कर सकता है ।

यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि कुछ पट्टेदारों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के आधार पर यह समझा गया है कि एनएमपीटी ने लौह अयस्क चूर्ण के पोत लदान में विलम्ब के लिए लौह अयस्क चूर्ण के निर्यातकों से दंडात्मक लाइसैंस शुल्क की लेवी के लिए बिल वसूले थे । विभिन्न पट्टेदारों ने माननीय कर्नाटक (उच्च) न्यायालय में, पत्तन द्वारा लौह अयस्क चूर्ण पर वसूली गई लेवी के विरूद्ध रिट याचिकाएँ दाखिल की थीं । केजीसी इन्टर प्राइज़ेज नाम के एक पट्टेदार द्वारा दाखिल रिट याचिका में जिसके साथ (ऐसी ही) अन्य रिट याचिकाएँ जोड़ी गई थी, माननीय एकल जज ने दिनांक 28 जून 2013 के आदेश में आदेश किया है, जहाँ कहीं भी जुर्माना / दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाया जाता है, एनएमपीटी को निदेश दिया जाता है वह सामान के गैर-पोत लदान सात महिने तक का मानते हुए सामान्य शुल्क का चार गुना प्रभारित करे । इसलिए, एनएमपीटी को, संशोधित पट्टेदारी किराया अनुसूची लागू करते समय, माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों का अनुपालन करने की सलाह दी जाती है । ऐसी स्थिति में दोहराव की लागत पर (दोहराते हुए), यह आग्रह किया जाता है कि एनएमपीटी संशोधित दरमान लागू करते समय दंडात्मक लाइसैंस शुल्क की लेवी के संबंध में यह सुनिश्चित कर ले कि वह उच्च न्यायालय के आदेश के निदेश से असंगत नहीं है ।

(xix) (क) एनएमपीटी का प्रस्ताव दरों का अनुमोदन पिछले प्रभाव 20 फरवरी 2012 से पांच वर्ष की अवधि के लिए मांग रहा है । अधिकतर उपयोक्ताओं, जैसे एसोसिएशन ऑफ दी न्यू मैंगलोर पोर्ट स्टीवेडोर एसोसिएशन कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लिमि. (केआईओसीएल) ने दरों में पिछले प्रभाव से संशोधन मांगने वाले, एनएमपीटी के प्रस्ताव का विरोध किया है । उन्होंने मुद्दा उठाया है कि संशोधित दरें केवल भावी प्रभाव से ही लागू की जाएँ । एनएमपीटी के कुछ न्यासियों ने राय दी है कि संशोधित पट्टेदारी किराए वर्ष 2015 से ही लागू किए जाने चाहिए ।

भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3.(1) (डी) अनुबंध करती हैं कि दरमान प्रत्येक पांच वर्ष में संशोधित किया जाएगा । यह प्राधिकरण सरकार भूमि नीति मार्गदर्शियों से बंधा हुआ है ।

उल्लेखनीय रूप से, महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 49 समय-समय पर दरों के निर्धारण की मांग करती है । यह माना / स्वीकार किया जाता है कि सामान्यतः 2005 के मार्गदर्शियों की धारा 3.2.8 के अनुसार इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरमान भावी प्रभाव से लागू किया जाता है ।

तथापि, यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि पट्टेदारी किराये के निर्धारण के लिए 2005 के मार्गदर्शियों की धारा 8 के अनुसार, यह प्राधिकरण महापत्तन न्यासों की भूमि के लिए पट्टेदारी किराया निर्धारित करने के लिए सरकार द्वारा जारी भूमि नीति मार्गदर्शियों से बंधी हुई है ।

2010 के भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3.(1) (डी) अनुबंध करती है कि दरमान का संशोधन प्रत्येक पांच वर्ष में किया जायेगा । जून 2010 के पिछले प्रशुल्क आदेश में इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पट्टेदारी किराया अनुसूची का नोट (ii) साफ-साफ कहता है कि दरें 20 फरवरी 2007 से प्रभावी हैं और दरमान की प्रत्येक पांच वर्ष में समीक्षा की जाएगी । यह स्थिति की एनएमपीटी की जमीनों के लिए पट्टेदारी किरायों की 20 फरवरी 2012 से पांच वर्षों की समाप्ति के बाद समीक्षा की जाएगी, अतएव, सभी स्टेक होल्डर्स की जानकारी में है । एनएमपीटी ने, तद्नुसार संशोधित दरों हेतु पिछले प्रभाव से अर्थात 20 फरवरी 2012 से पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुमोदन मांगा है ।

इस संबंध में, सरकार के स्पष्ट मार्गदर्शियों की नज़र से एनएमपीटी में पिछले प्रभाव से पट्टेदारी किरायों में संशोधन पर विचार करना जरूरी है, यद्यपि यह प्राधिकरण सामान्यतः पिछले प्रभाव से दरों का निर्धारण (संशोधन) नहीं करता । तद्नुसार, इस संबंध में, स्टेक होल्डर्स की आपत्तियों को खारिज (निरस्त) किया जाता है । पट्टेदारी किरायों में संशोधन को 2015 तक टालने हेतु

न्यासियों द्वारा प्रस्तुत राय भूमि नीति मार्गदर्शियों की धारा 6.3.(1) (डी) के अनुरूप नहीं पायी गई हैं और, इससे पत्तन को राजस्व की हानि भी होगी और इसलिए स्वीकार नहीं की जा सकती।

असल में यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि यह नजरिया न केवल एनएमपीटी के मामले में अनपाया जा रहा है बल्कि अन्य महापत्तन न्यासों के मामले में भी अनुसरण किया जा रहा है । विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास (वीपीटी) के मामले में आदेश सं. टीएएमपी/37/2009 – वीपीटी दिनांक 29 नवम्बर 2009 के जरिये इस प्राधिकरण द्वारा 1998-2003 और 2003-2008 दो पंचवर्षीय अवधियों के लिए अनुमोदित पट्टेदारी किरायों को वीपीटी के प्रस्ताव के अनुसार दो पंचवर्षीय अवधियों के लिए पिछले प्रभाव से क्रमशः 1 अप्रैल 1998 और 1 अप्रैल 2003 से लागू किया गया था । तदनन्तर, आदेश सं. टीएएमपी/63/2011-वीपीटी दिनांक 19 जून 2012 के माध्यम से, वीपीटी की जमीनों के पट्टेदारी किरायों में संशोधन वीपीटी के प्रस्ताव के अनुसार, पिछले प्रभाव यथा, 1 अप्रैल 2008 से लागू किया गया था ।

स्वयं न्यू मैंगलोर पत्तन न्यास के मामले में आदेश सं. टीएएमपी /15/2007-एनएमपीटी, दिनांक 16 जून 2010 के माध्यम से अनुमोदित पट्टेदारी किराये के पिछले प्रभाव, 20 परवीर 2007 से प्रभाव दिया गया था ।

यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि एनएमपीटी के कथित आदेश को इस प्राधिकरण द्वारा मुख्यतः पिछले प्रभाव से लागू करवाने की दृष्टि से कर्नाटक उच्च न्यायालय में विभिन्न उपयोक्ताओं/पट्टेदारों द्वारा चुनौती दी गई थी । माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 28 जून 2019 के अपने निर्णय के माध्यम से, इस मामले में विभिन्न उपयोक्ताओं / पट्टेदारों द्वारा दायर सभी रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया है और (उसने) पिछले प्रभाव से संशोधन के लिए इस प्राधिकरण के आदेश को यथावत बनाए रखा है और पिछले प्रभाव से संशोधित पट्टेदारी किरायों के लिए इस प्राधिकरण के आदेश के आधार पर एनएमपीटी द्वारा की गई मांग का समर्थन भी किया है ।

अनुमोदित संशोधित दरें 20 फरवरी 2012 से प्रभाव में आ जाएंगी और पांच वर्ष की अवधि के लिए अर्थात 19 फरवरी 2017 तक वैध रहेंगी । इस संबंध में, इस आशय का एक उपयुक्त नोट किराया अनुसूची में प्रदत्त है ।

(ख) यह पूरी तरह से स्पष्ट किया जाता है कि इस प्राधिकरण द्वारा पिछले प्रभाव, 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक के लिए अनुमोदित संशोधित दरें वर्तमान पट्टेदारों/लाइसैंसियों के मामले, इस शर्त पर लागू की जाएँगी कि प्रचलित पट्टेदारी करारों में सहमत दरों के सावधिक संशोधन का प्रावधान है और केवल नवीकरण / आबंटन के उन्हीं मामलों में, जहाँ अभी तक कोई पट्टेदारी डीड क्रियान्वित नहीं की गई है, यदि अलग-अलग पट्टेदारी करार या आबंटन पत्र स्पष्ट रूप से, पट्टेदारी अवधि के चलते हुए पट्टेदारी किरायों के संशोधन का प्रावधान करता है ।

11. परिणामस्वरूप और ऊपर दिए गए कारणों से और समग्र विचार विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण एनएमपीटी से संबंधित जमीनों की पट्टेदारी के लिए संशोधित पट्टेदारी दरें जो संलग्नक-II में संलग्न हैं, अनुमोदित करता है । संशोधित पट्टेदारी किराए 20 फरवरी 2012 के पिछले प्रभाव से लागू होंगे और 19 फरवरी 2017 तक वैध रहेंगे ।

टी. एस. बालासुब्रमणियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन III/4/असा./143/2014]

संलग्नक-I (क)

पैनम्बुर गांव में पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**1921.22**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**3453.42**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 27.35% की वृद्धि और निर्माण के लिए दर में % वृद्धि अर्थात पक्का करना 10.94%	
	(i) भूमि अवयव	1508.67	1921.22	
	(ii) निर्माण (अर्थात फर्श पक्का करना)	1381.11	1532.20	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	2889.78	3453.42	
III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**6736.06**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 27.35% की वृद्धि और सुपर स्ट्रक्चर के लिए दर में % वृद्धि अर्थात ढके क्षेत्र के लिए 10.94% वृद्धि	
	(i) भूमि अवयव	1508.67	1921.22	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	4340.04	4814.84	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	5848.72	6736.06	

संलग्नक-I (ख)

मार्शलिंग यार्ड में पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रू. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**1958.29**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**3506.03**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 26.46% की वृद्धि और निर्माण के लिए दर में % वृद्धि अर्थात पक्का करना 10.58%	
	(i) भूमि अवयव	1548.53	1958.29	
	(ii) निर्माण (अर्थात फर्श पक्का करना)	1399.66	1547.74	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) +(ii)	2948.19	3506.03	

III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**6822.00**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 26.46% की वृद्धि और सुपर स्ट्रक्चर के लिए % वृद्धि अर्थात् ढके क्षेत्र के लिए 10.58% वृद्धि	
	(i) भूमि अवयव	1548.53	1958.29	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	4398.37	4863.71	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	5946.89	6822.00	

संलग्नक-I (ग)

राष्ट्रीय राज मार्ग सं. 17 के साथ-साथ वाणिज्यिक याड्र्स में पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रू. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**2526.63**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**4287.55**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 41.16% की वृद्धि और निर्माण के लिए दर में % वृद्धि अर्थात् पक्का करना 16.46%	
	(i) भूमि अवयव	1789.92	2526.63	
	(ii) निर्माण (अर्थात् फर्श पक्का करना)	1512.04	1760.92	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	3301.96	4287.55	
III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**8060.22**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 41.16% की वृद्धि और सुपर स्ट्रक्चर के लिए % वृद्धि अर्थात् ढके क्षेत्र के लिए 16.46% वृद्धि	
	(i) भूमि अवयव	1789.92	2526.63	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	4751.50	5533.59	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	6541.42	8060.22	

संलग्नक-I (घ)

तन्नीर बावी में पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**1810.03**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**3179.11**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित स्तर पर माना गया निर्माण अर्थात पक्का फर्श क्षेत्र का किराया	
	(i) भूमि अवयव	986.97	1810.03	
	(ii) निर्माण (अर्थात फर्श पक्का करना)	1138.24	1369.08	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	2125.21	3179.11	
III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**6112.30**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित स्तर पर माना गया सुपर स्ट्रक्चर अर्थात ढके हुए क्षेत्र का किराया	
	(i) भूमि अवयव	986.97	1810.03	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	3576.88	4302.27	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	4563.85	6112.30	

संलग्नक-I (ड.)

कुडुपु में पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**1111.96**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**2488.90**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 9.64% की कमी । किंतु निर्माण अर्थात पक्का फर्शक्षेत्र की दर में 10% वृद्धि पर विचार किया गया है।	
	(i) भूमि अवयव	1230.64	1111.96	
	(ii) निर्माण (अर्थात फर्श पक्का करना)	1251.76	1376.94	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	2482.40	2488.90	

III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**5438.59**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 9.64% की कमी । किंतु सुपर स्ट्रक्चर अर्थात ढके हुए क्षेत्र की दर में 10% वृद्धि पर विचार किया गया है	
	(i) भूमि अवयव	1230.64	1111.96	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	3933.30	4326.63	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	5163.94	5438.59	

संलग्नक-I (च)

बोन्डेल स्थित पट्टेदारी किराये के लिए गणना

क्र. सं.	**विवरण**			**(रू. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह**
I	**खुले स्थान के लिए किराया**			**1173.74**
II	**पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया**			**2406.17**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 31.76% की वृद्धि और निर्माण अर्थात पक्का फर्श क्षेत्र के लिए दर में 12.70% से % वृद्धि	
	(i) भूमि अवयव	890.82	1173.74	
	(ii) निर्माण (अर्थात फर्श पक्का करना)	1093.55	1232.43	
	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	1984.37	2406.17	
III	**ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया**			**5046.56**
	गणना	20.02.2012 को प्रचालित दरमान के अनुसार विधिवत बढ़ाया हुआ किराया	भूमि मूल्य में 9.64% की कमी । किंतु सुपर स्ट्रक्चर अर्थात ढके हुए क्षेत्र की दर में 10% वृद्धि पर विचार किया गया है	
	(i) भूमि अवयव	890.82	1173.74	
	(ii) सुपर स्ट्रक्चर	3436.40	3872.82	
	ढके हुए क्षेत्र के लिए किराया (i) + (ii)	4327.22	5046.56	

संलग्नक-II

विभिन्न लोकेशनों पर एनएमपीटी से संबंधित जमीनों के लिए पट्टेदारी किराया अनुसूची

(रु. प्रति 100 वर्ग मीटर प्रति माह में)

लोकेशन	खुले क्षेत्रों के लिए	पक्का फर्श क्षेत्र के लिए	ढके हुए क्षेत्र के लिए
पैंनम्बुर गाँव	1921.22	3453.42	6736.06
रा.रा.मार्ग -17 के साथ-साथ मार्शलिंग यार्ड	1958.29	3506.03	6822.00
रा.रा.मार्ग -17 के साथ-साथ वाणिज्यिक यार्ड	2526.63	4287.55	8060.22
तन्नीर बावी	1810.03	3179.11	6112.30
कुडुपु	1111.96	2488.90	5438.59
बोन्डेल	1173.74	2406.17	5046.56

पट्टेदारी किरायों की अनुसूची के नोट्सः-

(i) वर्तमान दरमान/लाइसैंस शुल्क और पट्टेदारी किरायों की अनुसूची में प्रदत्त सभी शर्तें/नोट्स उस सीमा तक लागू होंगे जिस सीमा तक वे, 13 जनवरी 2011 को सरकार द्वारा घोषित महापत्तनों के लिए भूमि नीति 2010 में प्रदत्त शर्तों से असंगत नहीं हैं। असहमति की स्थिति में, महापत्तनों के लिए भूमि नीति 2010 में सरकार द्वारा प्रदत्त शर्तें ही प्रचलित होंगी।

(ii) प्रदत्त दरें 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक लागू होंगी।

(iii) पट्टेदारी किराये 20 फरवरी 2012 से 19 फरवरी 2017 तक 2% (चक्रवृद्धिय) वार्षिक की दर से वृद्धि धारण करेंगे।

(iv) सुरक्षा दीवार के भीतर आबंटन के लिए, ऊपर प्रदत्त दर पर 10% अधिभार लगाया जाएगा।

(v) 11 महिनों तक के लिए लाइसैंस हेतु आबंटन के समय एक माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर जमानत राशि लागू होगी। भूमि पूरी तरह खाली कर देने के बाद, एनएमपीटी के प्रति देय किसी भी राशि को समायोजित करने के बाद जमानत राशि वापिस कर दी जाएगी।

(vi) पाइप लाइनें/सेवा कंड्यूट्स बिछाने के लिए मार्ग अनुमति प्रभार — पाइप लाइनें/सेवा कंड्यूटों के द्वारा घेरे गए क्षेत्र के लिए ऊपर सारणी में प्रदत्त लोकेशन पर लागू खुले क्षेत्र की दर

ऊपर (vi) के लिए नोटः- मार्ग अनुमति प्रभारों के उद्देश्य से इकहरी पाइप लाइनों द्वारा घेरे गये क्षेत्र की गणना उन पाइप लाइनों के व्यास और लंबाई के आधार पर परिगणित होनी चाहिए। अनेक परतों वाली पाइप लाइनों के ढेरों के मामलों में बहुपरत /बहुस्तरीय पाइप लाइन ढेरों द्वारा घेरे गए भौतिक क्षेत्र पर विचार किया जाना चाहिए और विभिन्न उपयोक्ताओं को, उस क्षेत्र से होकर गुजर रही उनकी पाइप लाइनों के व्यास और लंबाई के आधार पर आनुपातिक क्षेत्रफल के लिए बिल दिया जाना चाहिए। सड़क, रेल की पटरियों, पोत घाटों आदि के साथ बांटे गये क्षेत्र के संबंध में, विभिन्न उपयोक्ताओं को, यह मानते हुए, संबंधित क्षेत्र के 50% के लिए आनुपातिक बिल दिया जाना चाहिए कि उनके पास भूमि का अनन्य कब्जा नहीं है और उनके पास केवल "मार्ग का अधिकार" है। जहाँ तक भूमिगत पाइपों का संबंध है, यदि उपयोक्ता यह सिद्ध कर देता है कि भू-क्षेत्र के आरपार भूमिगत पाइप लाइनों के ऊपर सतही क्षेत्र का कब्जा भौतिक रूप से उसके पास नहीं है तो ऐसी पाइप लाइनों द्वारा घेरा गया क्षेत्र, मार्ग अनुमति प्रभारों की लेवी के उद्देश्य से, व्यास और लंबाई के गुणनफल का 50% गिना जाना चाहिए।

(vii) वाटर फ्रंट प्रभारः- पोतघाटों के निर्माण, पनडुब्बी (पानी के भीतर) पाइप लाइन बिछाने आदि के लिए वाटर फ्रंट से सटी भूमि के लिए लाइसैंस शुल्क का 50%, मार्ग अनुमति प्रभार (वे लीव परमिशन / चार्ज) के रूप में प्रभारित किया जायेगा। पनडुब्बी (पानी में डूबी) पाइप लाइन के लिए वाटर फ्रंट प्रभार पाइप लाइन द्वारा घेरे गए क्षेत्र के लिए होगा और क्षेत्रफल का निर्धारण ऊपर (vi) के नोट पर आधारित होना चाहिए।

(viii) आबंटनः- जो लोग, न्यू मंगलौर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) की सुरक्षा परिसर दीवार (चार दीवारी) के भीतर अथवा सुरक्षा परिसर दीवार के बाहर मासिक लाइसैंस आधार पर अपने सामान के भंडारण के लिए भूमि अथवा स्थान का आबंटन चाहते हैं, वे समय-समय पर एनएमपीटी द्वारा प्रदत्त फार्म में, एनएमपीटी को लिखित आवेदन करें। किंतु ऐसे स्थान अथवा भूमि का आबंटन किया जाना अथवा आबंटन से इंकार करना, एनएमपीटी के विवेक पर होगा और लाइसैंस पर दिए गए परिसर को (लाइसैंसी द्वारा) किराए पर नहीं चढ़ाया जाएगा।

(ix) लाइसैंसी की जिम्मेदारीः-

सामान / कार्गो के भंडारण के लिए भूमि / स्थान हेतु आवेदन करने में, आवेदक इस प्रकार भंडारित / ढेर लगाए सामान के लिए समस्त जोखिम और जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे। सुरक्षा परिसर दीवार के भीतर अथवा बाहर लाइसैंसियों को आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से आबंटित शैड्स एनएमपीटी द्वारा तालाबंद कर दिया जाना तब तक ऐसे भंडारित सामान का एनएमपीटी को अमानतदार (बेली) नहीं बना देता जब तक इस संबंध में एक रसीद एनएमपीटी द्वारा उन्हें सौंप नहीं दी जाती। खुले में अथवा शैड / कवर के नीचे भूमि / स्थान का कब्जा लाइसैंस डीड / परमिट / करार में पुनः प्रस्तुत किया जायेगा।

एनएमपीटी की भूमि का अतिक्रमण अथवा (उस पर) अनधिकृत कब्जा और एनएमपीटी के रेलवे ट्रैक / रेल की पटरी, संयंत्रों, उपकरणों, पहुंच मार्गों आदि पर सामान / कार्गो का ढेर लगाना जिससे लाइसैंसी द्वारा यातायात के आवागमन में बाधा पहुँचाई जा रही हो ये सब बातें एनएमपीटी की संपत्तियों को पहुंचे नुक्सान को ठीक करने की लागत के साथ नीचे विनिर्दिष्ट दंडात्मक दर का भुगतान करने का जिम्मेदार / देनदार ठहराती हैं। यदि लाइसैंसी, सामान को हटाने के लिए दिए गए नोटिस के बावजूद अतिक्रमण वाले क्षेत्र से सामान हटाने में असफल रहता है तो सामान को लाइसैंसी के जोखिम और लागत पर एनएमपीटी द्वारा कहीं और हटा दिया जाएगा और निम्नलिखित दर पर दंडात्मक लाइसैंस शुल्क, इस प्रकार हटाए गए सामान द्वारा घेरी गई जमीन के लिए लगाया जाएगा।

(क) तीन माह तक सामान्य लाइसैंस शुल्क का दो गुना।

(ख) तीन माह से ज्यादा और 7 माह तक सामान लाइसैंस शुल्क का चार गुना।

(ग) उसके बाद के लिए सामान्य लाइसैंस शुल्क का दस गुना।

(x) लाइसैंस डीड /परमिट / करार के अंतर्गत भंडारित सामान लाइसैंसियों की संपूर्ण जिम्मदारी और जोखिम पर होगा। एनएमपीटी, किसी भी रूप में, उठाईगिरी, चोरी, आगजनी या उसके नुकसान की जिम्मेदारी नहीं लेगा। अपने आबंटित स्थान पर भंडारित सामान की हिफाजत के लिए और ऐसी भूमि/स्थान के किसी अनधिकृत कब्जे को रोकने के लिए लाइसैंसी स्वयं अपना पहरा बैठाएंगे।

(xi) लाइसैंस डीड /परमिट / करार के अंतर्गत घेरे गए स्थान/भूमि पर लाइसैंसी कोई स्थायी ढांचा / निर्माण, भवन, जाल या सुविधाघर या कैंटीन आदि खड़ी नहीं करेगा अथवा लाकर रखेगा। लाइसैंस परमिट की समाप्ति के समय पर लाइसैंसी भूमि/स्थान को उसकी मूल हालत में वापिस लाकर देगा और यदि लाइसैंसी

असफल रहता है तो एनएमपीटी, लाइसैंसी की लागत, जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसी बहाली की व्यवस्था करेगा ।

(xii) लाइसैंस शुल्क अथवा प्रभार का भुगतान लाइसैंसी द्वारा आबंटन पत्र प्राप्त करने की तिथि अथवा लाइसैंसी द्वारा भूमि / स्थान के कब्जे की तिथि से, इनमें से जो भी पहले हो, एनएमपीटी के दरों की अनुसूची में प्रदत्त दरों के अनुसार किया जाएगा । लाइसैंस शुल्क का भुगतान प्रत्येक कैलेंडर माह के लिए आगामी अवधि के लिए अग्रिम रूप से, अर्थात प्रत्येक माह की पहली तिथि से पहले, एनएमपीटी को किया जाएगा । यदि देय (अपेक्षित) तिथि से पहले भुगतान प्राप्त नहीं होता है तो लाइसैंस शुल्क के अतिरिक्त इकट्ठी हुई बकाया राशि पर 13% वार्षिक की दर से दंड ब्याज लगेगा ।

(xiii) यदि लाइसैंस परमिट का नवीनीकरण नहीं किया जाता है तो लाइसैंसी को, उसके द्वारा घेरी गयी भूमि / स्थान, शीघ्रातिशीघ्र खाली करना होगा । यदि लाइसैंसी खड़े किए गए ऐसे निर्माण अथवा ढांचे हटाने के बाद, उसे प्रदत्त लाइसैंस / परमिट की समाप्ति की तिथि को भूमि / स्थान का खाली कब्जा सौंपने में असफल रहता है तो एनएमपीटी को यह अधिकार होगा कि ऐसे निर्माणों और ऐसी भूमि / स्थान में भंडारित सामान की लाइसैंसियों की लागत और जोखिम और जिम्मेदारी पर पत्तन के परिसर में किसी भी भाग में किसी भी अन्य वैकल्पिक भूमि / स्थान या ढके हुए क्षेत्र में हटवा सकता है और इसके अलावा, इस तरह हटाए गए सामान द्वारा घेरे गए स्थान पर निम्नलिखित दरों पर दंडात्मक लाइसैंस शुल्क लगाया जायेगाः—

(क) तीन माह तक सामान्य लाइसैंस शुल्क का दो गुना ।

(ख) तीन माह से ज्यादा और 7 माह तक सामान लाइसैंस शुल्क का चार गुना ।

(ग) उसके बाद के लिए सामान्य लाइसैंस शुल्क का दस गुना ।

(xiv) जिस कैलेंडर माह के लिए परमिट जारी किया गया है, उसकी समाप्ति पर यह अपने आप निरस्त / निष्क्रिय हो जायेगा । लाइसैंस, अधिकतम 11 महीने की अवधि के लिए होगा और लाइसैंस शुल्क अधिसूचित दर अनुसूची के अनुसार लगाया जायेगा । लाइसैंस के प्रत्येक नवीकरण को ताजा (नया) लाइसैंस माना जाएगा । यदि लाइसैंसी को लाइसैंस के नवीकरण की आवश्यकता हो तो अग्रिम शुल्क के भुगतान पर एनएमपीटी से प्राप्त रसीद विधिवत साथ जोड़ते हुए नवीकरण के लिए आवेदन किया जाना आवश्यक है और यह आवेदन परमिट की अवधि की समाप्ति से 7 दिन पहले अग्रिम रूप से एनएमपीटी पहुँचना चाहिए । लाइसैंस की वैधता की अवधि समाप्त होने से 7 दिन पहले अग्रिम रूप से परमिट के नवीकरण के लिये आवेदन न कर पाने पर और शुल्कों और प्रभारों की अदायगी की अपेक्षित रसीद अग्रेषित न कर पाने पर इकट्ठा हो गई बकाया राशि पर 13% वार्षिक की दर से दंड ब्याज लग जायेगा और इसका भुगतान लाइसैंस शुल्क के अतिरिक्त किया जायेगा । किसी भी हालत में, लाइसैंस शुल्क उस तिथि से जब अग्रिम लाइसैंस शुल्क देय हो जाये 15 दिन से अधिक के लिए इकट्ठा नहीं होनी चाहिए ।

(xv) एनएमपीटी की लिखित अनुमति के बिना, कोई भी लाइसैंस, उसे आबंटित स्थान को निजी बंधित (बांडेड) क्षेत्रों में परिवर्तन नहीं करेगा । एनएमपीटी से पहले से लिखित अनुमति न ले पाने पर निम्नानुसार दंड (जुर्माना) लगाया जाएगाः-

(क) 03 माह तक सामान्य लाइसैंस शुल्क का दो गुना ।

(ख) 03 माह से अधिक और 07 माह तक के लिए सामान्य लाइसैंस शुल्क का चार गुना।

(ग) उसके बाद के लिए सामान्य लाइसैंस शुल्क का दस गुना ।

(xvi) (क) 11 महीनों तक के लाइसैंस के आबंटन के समय एक माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर और 3 वर्ष तक के लाइसैंस के आबंटन के समय 3 माह के लाइसैंस शुल्क के बराबर जानत राशि लागू होगी। भूमि पूरी तरह से खाली करने पर, एनएमपीटी को देय कोई राशि समायोजित करते हुए जमानत राशि वापिस कर दी जाएगी।

(ख) ऊपर (क) पर वर्णितों के अलावा भूमि के पट्टेदारी के मामले में एक वर्ष के पट्टेदारी किराये के बराबर प्रति देय जमानत राशि लागू होगी।

(ग) यदि भूमि अंतिम रूप से खाली कर दिये जाने की तिथि और लाइसैंसी द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत कर दिये जाने की तिथि से 20 दिन के भीतर जमानत राशि वापिस नहीं की जाती है तो एनएमपीटी ऐसी विलम्बित प्रतिदेय राशियों पर 13% वार्षिक की दर से दण्ड ब्याज का भुगतान करेगा।

(xvii) एनएमपीटी को ऐसी किसी भी भूमि/स्थान कब्जा, संपूर्ण रूप से या आंशिक रूप से किसी भी समय वापिस लेने का अधिकार हो जो पत्तन को आवश्यक है/लाइसैंसी द्वारा घेरा नहीं गया है। ऐसी स्थिति में, लाइसैंस शुल्क में आनुपातिक कमी अनुमत की जाएगी। किसी भी स्थिति में, यदि लाइसैंस 6 माह से कम के लिए है तो एनएमपीटी 7 दिन की नोटिस अवधि और यदि लाइसैंस 6 माह से अधिक (किंतु 1 वर्ष से कम) के लिए है तो 15 दिन की नोटिस अवधि प्रदान करते हुए लाइसैंसी को आबंटित भूमि / स्थान का कब्जा वापिस लेने का अपना प्रस्तावित इरादा सूचित करेगा। अनधिकृत कब्जे या अतिक्रमण अथवा लाइसैंस अवधि की सामान्य समाप्ति के मामले में ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा और पत्तन द्वारा अपेक्षित भूमि / स्थान का पत्तन द्वारा पुनर्ग्रहण तुरंत कर लिया जायेगा। भूमि के ऐसे पुनर्ग्रहण के मामले में यदि लाइसैंसी ने भूमि पर कोई सुधार किया होगा, यदि ऐसा कुछ हो, तो उसे हटाने और दूर ले जाने अथवा भूमि पर कब्जा लेने या ऐसे पुनर्ग्रहण की मद में लाइसैंसी को कोई क्षतिपूर्ति मांगने का अधिकार नहीं होगा।

(xviii) लाइसैंसी को अधिकार होगा कि वह भूमि के पुनर्ग्रहण के विरुद्ध न्यू मंगलौर पत्तन न्यास के न्यासी मंडल के समक्ष, जिस आदेश के विरुद्ध अपील की जानी है, उसकी प्राप्ति तिथि से 30 दिन के भीतर, अपील कर दे और एनएमपीटी के न्यासी मंडल का इस विषय में निर्णय आखिरी होगा।

(xix) लाइसैंसी, एनएमपीटी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सभी नियमों अथवा निदेशों का पालन करने के लिए सहमत होगा। यदि लाइसैंसी नियमों अथवा निदेशों के अनुपालन की अनदेखी करता है तो एनएमपीटी उसका लाइसैंस समाप्त कर सकता है।

(xx) लाइसैंसी स्वीकार करेगा/सहमत होगा कि लाइसैंसी को आबंटित भूमि/स्थान के विषय में पत्तन को देय सभी भुगतान और खर्चे, फिर वो किसी भी किस्म के हों, एनएमपीटी के दरमान में प्रदत्त दरों पर वसूली योग्य होंगे।

(xxi) लाइसैंसी उन सभी नियमों और विनियमों का अनुपालन करेगा जो समय-समय पर लाइसैंस/परमिट के अंतर्गत सामान के भंडारण के संबंध में स्थानीय प्राधिकारियों अथवा विस्फोटकों के निरीक्षक, विस्फोटक विभाग, सीमा शुल्क आयुक्त और भारत सरकार या किसी भी संबंधित द्वारा जारी किए जाएंगे।

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 27th June, 2014

No. TAMP/60/2012-NMPT.–In exercise of the powers conferred by Section 49 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Tariff Authority for Major Ports hereby disposes of the proposal received from the New Mangalore Port Trust for revision of lease rental of port land allotted on long term/short term basis for the period from 20 February 2012 to 19 February 2017 as in the Order appended hereto.

Tariff Authority for Major Ports

Case No. TAMP/60/2012-NMPT

New Mangalore Port Trust - - - Applicant

QUORUM:

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)

(ii). Shri. C.B. Singh, Member (Economic)

ORDER

(Passed on this 20th day of May, 2014)

This case relates to a proposal dated 28 September 2012 received from the New Mangalore Port Trust (NMPT) for revision of lease rental of port land allotted on long term/ short term basis.

2. The lease rentals for the land allotted by the NMPT on long term and short term basis were last revised vide tariff Order dated 16 June 2010. The lease rentals approved vide the said tariff Order were implemented with retrospective effect from 20 February 2007 and were valid for a period of five years i.e. upto 19 February 2012.

3.1. The NMPT vide its letter dated 28 September 2012 has filed a proposal for revision of lease rentals of land allotted on short term/ long term basis for the period from 20 February 2012 to 19 February 2017. The main points made by the NMPT in the proposal are summarized below:

(i) (a) Total area available with the port – 2352 acres as detailed below:

Sl. No.	Location	Land in acres	Use of land
1.	Tannirbavi, Panambur and Baikampady village	1908	Port
2.	Kudupu Village **	292	Quarrying Stones
3.	Bondel village (Quarry) **	152	Quarrying Stones

** The lands at Kudupu and Bondel village were acquired for the purpose of stone quarry for major port works like break water and construction of berths and jetties. These are located 10 kms. and 16 kms. respectively from port limits. Presently, these land are hilly terrain and no development is carried out till date. As such the land is presently not utilized by the port.

(b) Of the total land area of 1908 acres situated at Panambur, 565 acres is inside the security compound wall, 320 acres is water and lagoon area and 1023 acres area is outside the compound wall.

(c) The area under port utilization inside as well as outside the security compound wall is 447.15 acres.

(ii) In pursuance of the extant Land Policy Guidelines for Major Ports, 2010 circulated by the Ministry vide letter no.PT-11033/4/2009-PT dated 13 January 2011, as per Clause-6.3.(1), a Committee was constituted by the NMPT under the Chairmanship of Chairman, NMPT and comprising of Dy. Chairman, Chief Engineer (Civil), FA & CAO, Dy. Chief Engineer (Civil), Suptdg. Engineer (Civil-I) as members for recommending revision of the lease rentals.

(iii). The NMPT has appointed a Valuer for the purpose of ascertaining the market value of land in and around the Port area.

(iv). Land valuation:
